सूर्योदय 6:53 सूर्यास्त 5:21

आज का तापमान

| | | |
|---|---|---|
| शिमला | 8 न्यू | 20 अधि |
| धर्मशाला | 12 न्यू | 22.0 अधि |

बाजार

| | |
|---|---|
| सेंसेक्स | 85,186 |
| निफ्टी | 26,052 |
| सोना 1,23,884 | चांदी 1,58,120 |

www.anantgyaan.in

# अनंत ज्ञान

आरएनआई नं. HPHIN/25/A0284 | कांगड़ा | वीरवार, 20 नवंबर 2025 | 5 मार्गशीर्ष, विक्रमी संवत 2082 | वर्ष 2, अंक 323, कुल पृष्ठ 14 | मूल्य : 5 रुपए | follow us on: 8894521702

## वन भूमि पर किए कब्जों और आवंटनों की होगी पड़ताल

### प्रदेश सरकार ने गठित की स्पेशल टीम, मई 2026 तक देनी होगी रिपोर्ट

**सत्यदेव भारद्वाज, अनंत ज्ञान**

**शिमला।** प्रदेश में रिजर्व फॉरेस्ट लैंड के दुरुपयोग और अवैध गतिविधियों पर सुप्रीम कोर्ट के कड़े रुख के बाद हिमाचल सरकार ने एक उच्च स्तरीय स्पेशल टीम का गठन कर दिया है। अदालत के 15 मई, 2025 के आदेश के अनुरूप सरकार ने वन विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव की अध्यक्षता में यह टीम बनाई है, जिसकी अधिसूचना जारी होते ही पूरे राज्य में आरक्षित वन भूमि की विस्तृत जांच का रास्ता साफ हो गया है। यह स्पेशल टीम अब विस्तृत रूप से जांच कर मई 2026 तक रिपोर्ट सौंपेगी। टीम का दायित्व है कि वह ऐसी सभी जगहों का रिकॉर्ड तैयार करे जहां आरक्षित वन भूमि पर कब्जे, अवैध निर्माण या भूमि उपयोग में बदलाव की आशंका है।

राज्य सरकार ने इस टीम में राजस्व विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव, पीसीसीएफ, लैंड रिकॉर्ड निदेशक और जिला वन न्यायवादी को शामिल किया है, जबकि एडिशनल पीसीसीएफ को सदस्य सचिव नियुक्त किया गया है। यह टीम हिमाचल में आरक्षित वन भूमि से जुड़े सभी प्रकरणों को खंगालेगी, यह जांचेगी कि कहीं वन भूमि का आवंटन नियमों से परे तो नहीं हुआ और यह भी कि फॉरेस्ट्री उद्देश्य से दी गई जमीन पर अन्य गतिविधियां तो नहीं चल रहीं।

पड़ताल

#### जांच पूरी होने पर जरूरी कार्रवाई भी होगी

**इस** जांच से राज्य में वर्षों से उठ रहे सवालों कब्जों, अवैध आवंटनों और अनधिकृत गतिविधियों पर स्पष्ट तस्वीर सामने आएगी। सरकार ने संकेत दिए हैं कि जांच पूरी होने पर आवश्यक कार्रवाई भी सुनिश्चित की जाएगी, जिससे हिमाचल के वन क्षेत्र को बचाने की दिशा में यह कदम निर्णायक साबित हो सकता है।

#### जांच का आधार

**जांच** का कानूनी आधार 1995 में दायर प्रसिद्ध टीएस गोदावर्मन बनाम भारत सरकार मामले से जुड़ा है, जिसने पूरे देश में वन संरक्षण की व्यवस्था को नई रूपरेखा दी थी। सुप्रीम कोर्ट ने 1996 से लगातार ऐसे आदेश जारी किए, जिनका मकसद था कि देशभर में फॉरेस्ट कंजर्वेशन एक्ट-1980 को कड़ाई से लागू किया जाए। हिमाचल के संदर्भ में भी सुप्रीम कोर्ट ने स्पष्ट निर्देश दिए थे कि वन भूमि पर बिना अनुमति पेड़ कटान या भूमि उपयोग परिवर्तन की अनुमति नहीं होगी। हालिया आदेश में अदालत ने राज्य सरकारों को यह सुनिश्चित करने को कहा कि वन भूमि से जुड़ी हर अनियमितता की पहचान कर समयबद्ध रिपोर्ट दी जाए।

## लौटानी होगी अवैध सेब बगीचों की वनभूमि, उलटी गिनती शुरू

### सरकार व डीसी से 22 तक मांगा नीलामियों का रिकॉर्ड

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

हिमाचल में हरे-भरे जंगलों को काटकर तैयार किए अवैध बगीचों का मामला अब न्यायिक जांच की सबसे कड़ी कसौटी पर चढ़ चुका है। उच्च न्यायालय ने वनभूमि पर तैयार किए अवैध सेब बगीचों से उत्पादित सेब की नीलामियों का पूरा रिकॉर्ड तलब कर दिया है।

अदालत ने स्पष्ट चेतावनी देते हुए कहा है कि वनभूमि को निजी मुनाफे का साधन बनाने वालों को किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाएगा। अदालत के आदेशों में उस कठोरता की झलक साफ दिख रही है, जिससे यह संकेत मिलता है कि अब अवैध कब्जों पर न केवल कार्रवाई तेज होगी, बल्कि उनके खिलाफ आर्थिक दंड और संपत्ति कुर्की जैसी कड़ियां भी जुड़ सकती हैं।

न्यायाधीश विवेक सिंह ठाकुर और न्यायाधीश बीसी नेगी की खंडपीठ ने वन विभाग को आदेश दिया है कि अब तक जिन भी अवैध बगीचों से फसल उठाई गई, उनके सेब की नीलामी का पूरा ब्योरा अदालत में पेश किया जाए। उन सभी लोगों की सूची भी प्रस्तुत की जाए, जिन्होंने नीलामी में भाग लिया और जिनके पक्ष में बोली गई।

अदालत ने यह भी स्पष्ट किया है कि नीलामी से प्राप्त राजस्व का कितना हिस्सा सरकारी खजाने में जमा हुआ और क्या इस पूरी प्रक्रिया में किसी तरह की हेरा-फेरी या औपचारिकता निभाने भर का रवैया अपनाया गया। उच्च न्यायालय ने प्रदेश सरकार, जिलाधीशों और वन विभाग से यह विस्तृत स्थिति रिपोर्ट 22 नवंबर तक प्रस्तुत करने को कहा है। अदालत ने सख्त शब्दों में पूछा है कि आखिर इतने वर्षों से वनभूमि पर कब्जे और अवैध बगीचे पनपते कैसे रहे। सरकार पर पहले से ही अतिक्रमण हटाने को लेकर दबाव बना हुआ था, लेकिन अदालत के इस नए रुख ने शासन-प्रशासन की जवाबदेही को और अधिक तीखा कर दिया है। जंगलों की अवैध कटाई के दुष्परिणाम अब प्रकृति के असंतुलित भाव में स्पष्ट झलक रहा है और मौसम चक्र का पूरी तरह से बिगड़ चुका है। अदालत के तेवरों ने स्पष्ट कर दिया है कि अब हिमाचल में वनभूमि का दुरुपयोग किसी कीमत पर नहीं चलेगा।

#### कब्जाधारियों के पास कोई विकल्प नहीं

**उच्च** न्यायालय ने साफ किया है कि अब अवैध कब्जाधारियों के लिए कोई भी विकल्प शेष नहीं बचेगा। नीलामी, दंड और कुर्की की प्रक्रिया समानांतर चलेगी। सुप्रीम कोर्ट में लंबित किसी भी मुद्दे का हवाला देकर कार्रवाई रोकने की अनुमति नहीं होगी। अदालत ने कहा कि कानून के दायरे से बाहर की गई गतिविधियां अब किसी भी रूप में स्वीकार्य नहीं हैं।

## न्यूज शॉर्ट्स

### नीतीश आज 10वीं बार लेंगे सीएम की शपथ

**एजेंसी पटना।** नीतीश कुमार वीरवार को दोपहर 1.30 बजे गांधी मैदान में सीएम पद की शपथ लेंगे। वह 10वीं बार बिहार के सीएम बनेंगे। इस कार्यक्रम में पीएम मोदी भी शामिल होंगे। जदयू के कार्यकारी अध्यक्ष संजय झा ने यह जानकारी दी है। बुधवार को सीएम हाउस में जदयू के विधायक दल की मीटिंग हुई। बैठक में नीतीश कुमार को विधान मंडल दल का नेता चुन लिया गया है। बीजेपी ने भी मीटिंग के बाद सम्राट चौधरी को विधायक दल का नेता चुना है। (अनंत ज्ञान)



### किसान सम्मान निधि की 21वीं किस्त जारी

**एजेंसी, कोयंबटूर।** पीएम मोदी ने बुधवार को प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना की 21वीं किस्त जारी की। उन्होंने तमिलनाडु के कोयंबटूर से देशभर के करीब 9 करोड़ से ज्यादा किसानों के खाते में 1800 करोड़ रुपए से ज्यादा ट्रांसफर किए। इस दौरान उन्होंने कहा कि इस योजना से देश के छोटे किसानों के खाते में अब तक 4 लाख करोड़ रुपए भेजे जा चुके हैं। किसानों को 10 लाख करोड़ रुपए की मदद भी दी गई है। उन्होंने नेचुरल फार्मिंग को बढ़ावा देने की बात कही। मोदी ने कहा कि नेचुरल फार्मिंग से हमारा एग्रीकल्चर एक्सपोर्ट 2 गुना हुआ है। (अनंत ज्ञान)

### छत्तीसगढ़ में ट्रक में घुसी स्कॉर्पियो, 6 की मौत

**एजेंसी, रायपुर।** छत्तीसगढ़ के कोंडागांव जिले में 18 नवंबर की रात तेज रफ्तार स्कॉर्पियो खड़े ट्रक में घुस गई। हादसे में पिता-पुत्र समेत 2 परिवार के 6 लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं, 5 लोग घायल हैं, जिनमें 3 की हालत गंभीर है। मामला सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र का है। जानकारी के मुताबिक, सभी लोग छत्तीसगढ़ मूवी देखकर लौट रहे थे। घायलों को इलाज के लिए जगदलपुर रेफर किया गया है, जबकि दो का इलाज कोंडागांव में ही चल रहा है। (अनंत ज्ञान)

### इमरान खान की बहनों को सड़क पर घसीटा

**एजेंसी, इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री और जेल में बंद इमरान खान की बहनों के साथ रावलपिंडी पुलिस ने बदसलूकी की। उन्हें सड़क पर घसीटा गया और जबरदस्ती हिरासत में लिया गया। यह घटना उस समय हुई, जब उनकी बहनें इमरान खान से होने वाली साप्ताहिक मुलाकात के लिए अडियाला जेल पहुंची थीं। इमरान खान की पार्टी पीटीआई ने एक्स पोस्ट में कहा कि इमरान खान की बहनें अलीमा खान, नोरीन नियाजी और डॉ. उज्मा खान जेल के बाहर शांतिपूर्वक बैठी थीं, तभी पुलिस ने उन्हें जबरन ले जाने की कोशिश की। (अनंत ज्ञान)

### अंदर के पन्नों पर पढ़ें

- सीएम ने प्रदेश को शिक्षा के क्षेत्र में टॉप फाइव में पहुंचाया: सुनील पेज 2
- शीत सत्र के लिए सुरक्षा- यातायात व्यवस्था का खाका तैयार -पेज 5
- सिंचाई कूहलें बंद; खेतों में मलबा, खेती-बाड़ी पर संकट -पेज 9
- सीएम ने दून में किए 383 करोड़ के लोकार्पण व शिलान्यास -पेज 12
- प्रधानमंत्री मोदी बोले-सत्य साई बाबा का शताब्दी वर्ष दिव्य वरदान -पेज 13

## हमने भ्रष्टाचार के चोर दरवाजे बंद किए: सीएम

### जब तक मुख्यमंत्री हूं, प्रदेश की संपदा को न लूटने दूंगा, न लुटाने

**ओम शर्मा, अनंत ज्ञान**

**बीबीएन।** औद्योगिक क्षेत्र बद्दी की पुरानी सब्जी मंडी में बुधवार को जनसभा को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा पिछली भाजपा सरकार ने भ्रष्टाचार पर आंखें मूंदकर रखीं। बीबीएन में 5 हजार बीघा भूमि को 1 करोड़ 12 लाख कस्टमाइज पैकेज के नाम पर 4 उद्योगों को कौड़ियों में लुटाई गई। उन्होंने जनसभा में बैठे लोगों से पूछा के जिन 4 उद्योगों को जमीन लुटाई गई क्या उन में किसी को रोजगार मिला? सुक्खू ने कहा के मेडिकल डिवाइज पार्क के लिए जो जगह ली जानी थी, उसमें उन्होंने अडंगा अड़ाया। उस जगह को सरकार अब खुद डेवेलप करेगी और जरूरतमंद लोगों को उद्योग लगाने के लिए सरकार प्लाट उपलब्ध करवाएगी।

सीएम सुक्खू ने कहा के जब तक मैं मुख्यमंत्री हूं न प्रदेश की संपदा को लूटने दूंगा न ही लुटाने दूंगा। मेडिकल डिवाइज पार्क की ज़मीन को लूटने से बचाकर हम ने 3 हजार करोड़ रुपया बचाया जिससे आज सरकार की माता सरकार ही पिता योजना के तहत अनाथ व जरूरतमंद बच्चों को शिक्षा व रोजगार के साधन उपलब्ध करवाए जा रहे हैं। सुक्खू ने कहा के भाजपा का आईटी सेल पूरी सरकार में सिर्फ मुझे निशाना बनाता है क्योंकि मैंने भ्रष्टाचार के सब चोर दरवाजों को बंद किया है। हमने शिक्षा और स्वास्थ्य के आधारभूत ढांचे को मजबूत करने के लिए कदम उठाए हैं। 100 सरकारी स्कूलों को सीबीएसई किया जा रहा है। सीएम ने जनसभा से दून के 3 स्कूलों को सीबीएसई करने की घोषणा की।

मंच से उन्होंने बद्दी अस्पताल को 100 बेड करने, बद्दी में पीडब्ल्यूडी का एक्सईएन कार्यालय खोलने, मानपुरा में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र खोलने, एक ही छत के नीचे सभी विभाग सब सुविधाओं के लिए 25 करोड़ से एसडीएम कार्यालय भवन, बद्दी में बस स्टैंड को जल्द बनाने जिसके लिए 37 करोड़ बजट है उसे ओर बढ़ाने की घोषणा की।



मुख्यमंत्री सुखविंद्र सुक्खू का स्वागत करते दून के विधायक व अन्य कांग्रेस नेता।

> बीबीएन में 5 हजार बीघा जमीन उद्योगों को कौड़ियों में दी गई

#### डबल इंजन की सरकार ने हमेशा धोखा दिया

**सीएम** ने कहा के प्रदेश की पिछली डबल इंजन की भाजपा सरकार ने हमेशा प्रदेश की जनता को धोखा दिया है। पुलिस भर्ती ओर सरकारी नौकरियों के नाम पर पेपर लीक करके आम परिवारों के उन बच्चों के भविष्य के साथ धोखा किया गया, जो दिन रात मेहनत कर सरकारी नौकरी की आस लगाए बैठे थे। बिना बजट के पिछली सरकार ने स्कूल व स्वास्थ्य केंद्र खोलकर जनता को गुमराह किया।

## सीई-20 क्रायोजेनिक इंजन के बूट-स्ट्रैप मोड स्टार्ट का परीक्षण

**एजेंसी, बेंगलुरु**

इसरो ने बुधवार को ऐलान किया कि उसने सीई-20 क्रायोजेनिक इंजन के बूट-स्ट्रैप मोड स्टार्ट का परीक्षण सफलतापूर्वक किया है, जो लॉन्च व्हीकल मार्क-3 रॉकेट के ऊपरी चरण को ताकत देता है। इसरो के मुताबिक, सीई-20 क्रायोजेनिक इंजन उड़ान में एक बार स्टार्ट करने पर 19 से 22 टन के थ्रस्ट स्तर पर संचालन के लिए पहले से ही योग्य है और इसे गगनयान मिशनों में उपयोग के लिए मंजूरी दे दी गई है। अंतरिक्ष एजेंसी ने कहा कि सामान्य परिस्थितियों में इंजन का प्रज्वलन टैंक हेड प्रेशर में शुरू होता है, जिसके बाद एक संग्रहित गैस स्टार्ट-अप सिस्टम का उपयोग करके टर्बोपंप स्टार्ट अप होता है। इसरो ने बताया कि भविष्य के मिशनों के लिए, बहु-कक्षा मिशनों की दिशा में लचीलेपन के लिए सीई-20 इंजन को उड़ान के दौरान कई बार फिर से शुरू करने की जरूरत होगी। एजेंसी ने कहा कि वर्तमान कॉन्फिगरेशन के साथ, हर बार फिर से शुरुआत के लिए एक अतिरिक्त स्टार्ट-अप गैस बॉटल और संबंधित प्रणालियों की जरूरत होती है, जिससे वाहन की पेलोड क्षमता में कमी आती है। बूट-स्ट्रैप मोड स्टार्ट प्राप्त करना जरूरी है, जहां इंजन बाहरी स्टार्ट-अप मदद के बिना स्थिर संचालन के लिए तैयार होता है।' एजेंसी ने आगे कहा कि परीक्षण के दौरान, बूट-स्ट्रैप स्टार्टिंग को सुगम बनाने के लिए थ्रस्ट चैंबर और गैस जनरेटर दोनों में एक बहु-तत्व इग्नाइटर का उपयोग किया गया था। (अनंत ज्ञान)



> गगनयान मिशनों में उपयोग होंगे ये इंजन

### अल फलाह विवि के 10 लोग लापता

**एजेंसी, नई दिल्ली।** दिल्ली ब्लास्ट के बाद हरियाणा के फरीदाबाद में स्थित अल फलाह यूनिवर्सिटी एक बार फिर शक के घेरे में है। यूनिवर्सिटी से जुड़े 10 लोग दिल्ली ब्लास्ट के बाद से लापता हैं। उनके फोन भी बंद है। एजेंसी को शक है कि ये सभी ब्लास्ट में शामिल हो सकते हैं, जो ग्राउंड वर्कर का काम कर रहे थे। वहीं, जांच एजेंसियों ने खुलासा किया कि लाल किले के सामने विस्फोटक से भरी कार उड़ाने वाला आतंकी डॉ. उमर नबी अपने जैसे कई और सुसाइडल बॉम्बर तैयार करने की साजिश रच रहा था। (अनंत ज्ञान)

## नक्सलियों का टॉप लीडर देवजी ढेर!

### छत्तीसगढ़-आंध्रप्रदेश बॉर्डर पर हुई मुठभेड़ में कुल 7 नक्सली मारे गए

**एजेंसी, जगदलपुर**

छत्तीसगढ़-आंध्रप्रदेश बॉर्डर पर सुरक्षाबलों ने 7 नक्सलियों को मार गिराया है। इनमें तीन महिला नक्सली भी शामिल हैं। पोलित ब्यूरो मेंबर और नक्सल महासचिव देवजी के मारे जाने की भी खबर है। सभी के शव और हथियार बरामद कर लिए गए हैं। 4 नक्सलियों की पहचान हो चुकी है, तीन की पहचान की जा रही है। सुरक्षा एजेंसियों को देवजी की मौजूदगी के इनपुट मिले थे। इसके बाद जवानों को इलाके में भेजा गया था। इसी इलाके में एक दिन पहले 18 नवंबर को हिड़मा, उसकी पत्नी सहित 6 नक्सलियों को ढेर किया गया था। फिलहाल, सुरक्षाबल आंध्र प्रदेश के अल्लूरी सीताराम राजू जिले के मारेडुमिल्ली के घने जंगलों में मौजूद हैं और सर्च ऑपरेशन जारी है। (अनंत ज्ञान)

#### बोरतलाव में एक पुलिस जवान शहीद

**डोंगरगढ़** के बोरतलाव क्षेत्र के जंगल में भी सुरक्षाबलों और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ में मध्य प्रदेश पुलिस एक जवान शहीद हो गया। गोली लगने से घायल एएसआई आशीष शर्मा को डोंगरगढ़ अस्पताल लाया गया था।

## अनमोल बिश्नोई को 11 दिन की एनआईए कस्टडी में भेजा

**एजेंसी, नई दिल्ली**

गैंगस्टर लॉरेंस का भाई अनमोल बिश्नाई को अमेरिका से डिपोर्ट कर बुधवार को दिल्ली लाया गया। उसे एयरपोर्ट पर एनआईए ने गिरफ्तार कर लिया। एजेंसी ने उसे पटियाला कोर्ट में पेश किया गया, जहां से उसे 11 दिनों की एनआईए कस्टडी में भेजा गया है। अब उससे एनसीपी नेता बाबा सिद्धीकी मर्डर केस, पंजाबी सिंगर सिद्धू मूसेवाला मर्डर केस, सलमान खान के घर फायरिंग सहित अन्य मामलों में पूछताछ होगी। बुधवार को अमेरिका से भारत लाए जाने के बाद उसे पटियाला हाउस कोर्ट स्थित एनआईए कोर्ट में पेश किया गया था, जहां एनआईए ने कोर्ट से उसका 15 दिन का रिमांड मांगा था।

अनमोल बिश्नोइ की रिमांड कॉपी में एनआईए ने उसके बारे में कई चौंकाने वाले खुलासे किए हैं, जिसमें पाकिस्तानी खुफिया एजेंसी आईएसआई और गैंगस्टरों के गठजोड़ का मामला भी सामने आया है। (अनंत ज्ञान)

### 272 रिटायर्ड जजों-अफसरों ने कांग्रेस नेता के खिलाफ जारी किया लेटर

## चुनाव आयोग की छवि बिगाड़ रहे राहुल

**एजेंसी, नई दिल्ली**

चुनाव आयोग पर लग रहे वोट चोरी के आरोपों पर देशभर के 272 रिटायर्ड जजों और ब्यूरोक्रेट्स ने बुधवार को एक ओपन लेटर जारी किया है। इसमें लोकसभा में नेता विपक्ष राहुल गांधी और कांग्रेस पार्टी की आलोचना की गई है। लेटर में 16 पूर्व जज, 123 सेवानिवृत्त ब्यूरोक्रेट (14 पूर्व राजदूत सहित) और 133 रिटायर्ड सैन्य अधिकारियों के सिग्नेचर हैं। इन रिटायर्ड जजों और ब्यूरोक्रेट्स ने ओपन लेटर में आरोप लगाया है कि कांग्रेस लगातार चुनाव आयोग जैसी संवैधानिक संस्थाओं की साख कमजोर करने की कोशिश कर रही है। इससे देश की लोकतांत्रिक व्यवस्था में अनावश्यक अविश्वास फैलता है।

लेटर में यह भी कहा गया कि चुनाव आयोग भारत की चुनाव प्रणाली का सबसे अहम स्तंभ है। उस पर बार-बार सवाल उठाने से जनता का भरोसा कमजोर होता है और लोकतंत्र को नुकसान पहुंचता है। राजनीतिक मतभेद जरूरी हैं, लेकिन संवैधानिक संस्थाओं पर लगातार आरोप लगाना देशहित के खिलाफ है। दरअसल, राहुल गांधी चुनाव आयोग पर वोट चोरी के आरोप में अब तक तीन प्रेस कॉन्फ्रेंस कर चुके हैं। (अनंत ज्ञान)



## भारत को हिंदू राष्ट्र घोषित करना जरूरी नहीं: भागवत

**एजेंसी, गुवाहाटी**

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रमुख मोहन भागवत ने गुवाहाटी में कहा कि भारत और हिंदू एक ही हैं। भारत को हिंदू राष्ट्र घोषित करने की कोई जरूरत नहीं है। हमारी सभ्यता पहले से ही इसे जाहिर करती है। गुवाहाटी में एक कार्यक्रम के दौरान भागवत ने कहा कि जो भी भारत पर गर्व करता है, वह हिंदू है। हिंदू सिर्फ धार्मिक शब्द नहीं, बल्कि एक सभ्यता गत पहचान है, जो हजारों साल की सांस्कृतिक परंपरा से जुड़ी है। वह सोमवार को तीन दिवसीय यात्रा के लिए असम की राजधानी गुवाहाटी पहुंचे थे। (अनंत ज्ञान)



> देश पर गर्व करने वाला हर व्यक्ति हिंदू

## ट्रिब्यूनल रिफॉर्म्स एक्ट-2021 रद्द

### सुप्रीम कोर्ट ने कहा- यह न्यायिक स्वतंत्रता के खिलाफ

**एजेंसी, नई दिल्ली**

सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को बड़ा फैसला सुनाते हुए ट्रिब्यूनल रिफॉर्म्स एक्ट-2021 को रद्द कर दिया। चीफ जस्टिस बीआर गवई और जस्टिस के. विनोद चंद्रन की बेंच ने कहा कि यह कानून सेपरेशन ऑफ पावर और न्यायिक स्वतंत्रता के सिद्धांतों का उल्लंघन करता है। कोर्ट ने केंद्र सरकार पर भी नाराजगी जताई कि उसने ट्रिब्यूनल नियुक्तियों को लेकर पहले दिए गए कोर्ट के निर्देशों को लागू नहीं किया। बेंच ने सरकार द्वारा उसी तरह के प्रावधान दोबारा लाने पर आपत्ति जताई, जिन्हें सुप्रीम कोर्ट पहले ही खारिज कर चुका था।

कोर्ट ने कहा कि यह एक्ट बिना किसी कमी को दूर किए 'विधायी ओवर रूलिंग' जैसा कदम है, जो स्वीकार नहीं किया जा सकता। कोर्ट ने साफ किया कि जब तक संसद नया कानून नहीं लाती, तब तक मद्रास बार एसोसिएशन केस के पिछले फैसलों में दिए गए निर्देश ही लागू रहेंगे। कोर्ट ने केंद्र सरकार को 4 महीने के भीतर राष्ट्रीय ट्रिब्यूनल आयोग बनाने का निर्देश भी दिया। (अनंत ज्ञान)



#### दिल्ली के स्कूलों में न हों स्पोर्ट्स फंक्शन

**नई दिल्ली।** दिल्ली-एनसीआर में प्रदूषण को लेकर सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि नवंबर-दिसंबर में स्कूलों में होने वाले स्पोर्ट्स फंक्शन पर रोक लगनी चाहिए। कोर्ट ने यह आदेश सीनियर एडवोकेट अपराजिता सिंह के सवाल पर दिया। अपराजिता सिंह ने कहा था कि, दिल्ली में मौजूदा वक्त में प्रदूषण के स्तर को देखते हुए ऐसी एक्टिविटी बच्चों को गैस चैंबर में डालने जैसा है। सीजेआई बीआर गवई, जस्टिस के. विनोद चंद्रन और जस्टिस एनवी अंजारिया की बेंच ने आगे कहा कि वे पॉल्यूशन को लेकर हर महीने सुनवाई करेंगे ताकि इसका परमानेंट समाधान निकाला जा सके।

**डिफेंस** लड़ाकू विमान की तकनीक भी ट्रांसफर करेगा; एसयू-57 अमेरिकी एफ-35 जेट्स का तोड़

## भारत को एसयू-57 फाइटर जेट्स देगा रूस

**एजेंसी, मॉस्को**

भारत को रूस एसयू-57 स्टेल्थ फाइटर जेट्स देने के लिए तैयार हो गया है। दुबई एयर शो में रूसी कंपनी रॉस्टेक के सीईओ सेर्गेई केमेजोव ने कहा कि वे इन फाइटर जेट्स की तकनीक भी बिना शर्त ट्रांसफर करेंगे। रूसी एसयू-57 जेट्स को अमेरिका के एफ-35 का तोड़ माना जाता है। एसयू-57 की तरह एफ-35 भी 5वीं जेनरेशन का लड़ाकू विमान है।

रूस से यह आश्वासन ऐसे समय आया है, जब भारतीय विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने हाल ही में मॉस्को में राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन से मुलाकात की है। पुतिन अगले महीने भारत आने वाले हैं। सीईओ सेर्गेई केमेजोव ने कहा कि भारत और रूस कई दशकों से भरोसेमंद डिफेंस साझेदार रहे हैं। उन्होंने कहा कि हम भारत को उसकी जरूरत के मुताबिक हर तरह का मिलिट्री इक्विपमेंट सप्लाई कर रहे हैं और भविष्य के सहयोग को और मजबूत कर रहे हैं। रूस का कहना है कि एसयू-57 की तकनीक पर कोई रोक नहीं होगी। इसमें इंजन, रडार, स्टेल्थ तकनीक और आधुनिक हथियारों की जानकारी भी दी जा सकती है। रूस ने यह भी कहा कि अगर भारत चाहे तो एसयू-57 को भारत में ही बनाया जा सकता है। (अनंत ज्ञान)



#### एसयू-57?

**एसयू-57** एक श्रेष्ठ, सिंगल सीट, दो इंजन जेट के लिए डिजाइन किया गया मल्टीरोल लड़ाकू विमान है, जो हवाई श्रेष्ठता और हमले के संचालन के लिए डिजाइन किया गया है। विमान पीएके एफए का उत्पाद है, जो रूसी वायु सेना के पांचवीं पीढ़ी के लड़ाकू कार्यक्रम है। विमान के लिए सुखोई का आंतरिक नाम टी-50 है। स्टैल्थ प्रौद्योगिकी का उपयोग करने वाला रूसी सैन्य सेवा में एसयू-57 पहला विमान होगा।

#### एसयू-57 तकनीक मिलने का मतलब

**भारत को** एसयू-57 तकनीक मिलने का मतलब है कि भारत भविष्य में अपना एसयू-57 वर्जन बना सकता है। तकनीक ट्रांसफर करना सामान्य बात नहीं है। खासकर लड़ाकू विमान जैसे हाई-एंड डिफेंस सिस्टम में। दरअसल, फाइटर जेट टेक्नोलॉजी दुनिया की सबसे सीक्रेट और संवेदनशील तकनीक होती है। फाइटर जेट सिर्फ एक मशीन नहीं है, बल्कि यह किसी भी देश की सैन्य ताकत, इंजिनियरिंग क्षमता और स्ट्रेटेजिक बढ़त का प्रतीक है।

## न्यूज ब्रीफ

### बैल के हमले में महिला गंभीर रूप से घायल

**अनंत ज्ञान, भोरंज।** उपमंडल भोरंज के तहत ग्राम पंचायत धिरड़ के गांव भोगों में एक दर्दनाक घटना सामने आई है, जहां खेतों में काम कर रही 90 वर्षीय महिला को एक लावारिस बैल ने अचानक हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार, सत्या देवी पत्नी जगदीश चंद (उम्र 90 वर्ष) खेतों में सामान्य रूप से कार्य कर रही थी। इसी दौरान एक लावारिस बैल वहां आ पहुंचा और उसने अचानक उन पर हमला कर दिया। बैल की टक्कर से वे खेत में गिर पड़ीं और गंभीर रूप से घायल हो गईं। घटना की सूचना मिलते ही परिजन मौके पर पहुंचे और घायल महिला को तुरंत सिविल अस्पताल भोरंज ले जाया गया। यहां डॉ. आदित्यकांत ने उनका प्राथमिक उपचार किया और उनकी गंभीर हालत को देखते हुए उन्हें जिला अस्पताल हमीरपुर रेफर कर दिया। उधर, घटना की जानकारी मिलने पर भोरंज पुलिस भी सक्रिय हो गई है। पुलिस ने मामला दर्ज कर लावारिस पशुओं की समस्या को लेकर जांच शुरू कर दी है। स्थानीय लोग भी क्षेत्र में बढ़ते लावारिस पशुओं के आतंक को लेकर चिंता जता रहे हैं। गंभीर हालत में घायल महिला को एम्स में रेफर कर दिया गया है।

### दो परिवारों में मारपीट, क्रॉस केस दर्ज

**अनंत ज्ञान, नादौन।** पुलिस थाना नादौन के अंतर्गत दो परिवारों में मारपीट का मामला सामने आया है। मिली जानकारी के अनुसार नादौन के गांव तरकेड़ी की रीतु वाला पत्नी अजय कुमार ने नादौन पुलिस में बटराण के गांव बदेहड़ा के प्रेम चंद, फूला सिंह व भाग सिंह आदि पर लड़ाई-झगड़े का आरोप लगाया है। उधर, बटराण के बदेहड़ा गांव के प्रेम चंद पुत्र मथुरा दास ने पुलिस थाना नादौन में शिकायत की है कि अजय कुमार ने अपनी पत्नी को उकसाते हुए बोला कि प्रेम कुमार को डंडे से मारो, जिस पर उसने डंडे से प्रहार कर दिया। इससे उन्हें चोटें आई हैं। पुलिस ने मामला दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है।

### पुलिस ने दो युवकों से 0.23 ग्राम चिट्टा पकड़ा

**अनंत ज्ञान, नादौन।** पुलिस थाना नादौन की पुलिस टीम ने गश्त के दौरान अमलैहड़ में अमन दीप पुत्र उपेंद्र कुमार निवासी गांव कवांट डाकघर झलाण तथा योगेश कुमार पुत्र पुष्पेंद्र सिंह गांव व डाकघर झलाण के कब्जे से तीन सिरिंज, मय नीडल व एक नई नीडल, तीन लाईटर, एक इलैक्ट्रोनिक तराजू, एक आधा जला हुआ करंसी नोट 10 रुपए, फॉयल पेपर का टुकड़ा तथा 0.23 ग्राम हेरोइन(चिट्टा) बरामद किया। मामले की पुष्टि करते हुए एसपी हमीरपुर भगत सिंह ठाकुर ने बताया कि दोनों आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज करके आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है।

### बड़सर में पशु क्रूरता का मामला दर्ज

**अनंत ज्ञान, बड़सर।** पुलिस थाना बड़सर में आदित्य संगल ने पुलिस को बयान देकर पशु अत्याचार एवं क्रूरता का मामला दर्ज करवाया है। उनके घर के पास एक आवारा बैल खेत में घुस गया था। खेत का मालिक मदनलाल डंडे से बैल को भगाने लगा। इसी दौरान बैल ने मदनलाल पर हमला कर दिया। थोड़ी देर बाद मदनलाल बंदूक लेकर आया और बैल को गोली मार दी, जिससे बैल घायल होकर वहां से भाग गया। शिकायतकर्ता नरेंद्र कुमार ने इस पूरी घटना को देखा। पुलिस ने पशु क्रूरता का मामला दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है। इसकी पुष्टि डीएसपी बड़सर लालमन शर्मा ने की है।

### सुरक्षित जीवन व शिक्षा के महत्व के लिए किया प्रेरित

**अनंत ज्ञान, बड़ा।** पीएम श्री राजकीय उत्कृष्ट वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला बदारन में विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास और सुरक्षा के लिए सड़क सुरक्षा व जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत प्रधानाचार्य डॉ. हरदीप ठाकुर के संदेश से हुई। सब इंस्पेक्टर रितु शर्मा ने छात्रों को यातायात नियमों, हेलमेट के महत्व और पैदल चलने के सुरक्षित तरीकों के बारे में बताया। डाइट गौना के मनोविज्ञान प्रवक्ता सुनील कुमार ने बच्चों को संदिग्ध व्यक्तियों से सतर्क रहने और किसी भी असामान्य स्थिति की तुरंत सूचना देने की सलाह दी। इसके बाद डॉ. राजेश्वर ठाकुर ने संतुलित आहार के महत्व पर प्रकाश डाला और जंक फूड से दूरी की बात कही। एसएमसी प्रधान पवन कुमार ने विद्यार्थियों को अनुशासन, सुरक्षित जीवन और शिक्षा के महत्व के लिए प्रेरित किया।

### किसान मोर्चा के जिला प्रवक्ता बने सतीश शर्मा

**अनंत ज्ञान, बड़सर।** सतीश शर्मा किसान मोर्चा के जिला प्रवक्ता बनाए गए हैं। इस नियुक्ति के लिए उन्होंने भाजपा शीर्ष नेतृत्व का धन्यवाद किया है। प्रवक्ता बनने पर उन्होंने कहा पार्टी ने जो दायित्व दिया है, उस पर खरा उतरने के लिए प्रयासत रहूंगा। उन्होंने पूर्व युवा खेल मंत्री व सांसद अनुराग ठाकुर, पूर्व मुख्यमंत्री प्रेम कुमार धूमल, नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर, किसान मोर्चा के जिला अध्यक्ष अनिल काकू, किसान मोर्चा के राज्य अध्यक्ष संजीव देष्टा का धन्यवाद किया है। पूर्व में सतीश शर्मा मंडल में सचिव व युवा मोर्चा के उपाध्यक्ष के रूप में अपनी सेवाएं दे चुके हैं। भाजपा के सच्चे पक्के सिपाही हैं इसी का नतीजा है, इन्हें भाजपा किसान मोर्चा का जिला प्रवक्ता बनाया गया है।

### नशा निवारण से संबंधित जानकारियां साझा की

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** नशा मुक्त भारत अभियान की 5वीं वर्षगांठ पर हमीरपुर के वार्ड नंबर-5 में स्थित गुंजन संस्था के इंटीग्रेटेड रिहैबिलिटेशन सेंटर फॉर एडिक्ट्स (आईआरसीए) यानि एकीकृत नशा उपचार केंद्र में एक कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में गुंजन संस्था के पदाधिकारियों, आईआरसीए के स्टाफ और यहां उपचाराधीन युवाओं के अलावा विभिन्न सामाजिक कार्यकर्ताओं ने भी भाग लिया। अमृतसर में आयोजित राष्ट्रीय स्तर के कार्यक्रम का सीधा प्रसारण भी दिखाया गया। सामाजिक न्याय व अधिकारिता मंत्रालय के अधीन आईआरसीए हमीरपुर के संचालक ने बताया कि इस कार्यक्रम में नशा निवारण से संबंधित कई महत्वपूर्ण जानकारियां सांझी की गईं और नशे के उन्मूलन की शपथ भी ली गई। कार्यक्रम में सोसायटी ऑफ हिल्ली वेलफेयर के काउंसलर, सोशल वर्कर और अन्य लोग भी उपस्थित रहे।

### 30 तक बंद रहेगी धंगोटा-सठवीं सड़क

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** बड़सर उपमंडल में धंगोटा-दरख्योड़ा-सठवीं सड़क की मरम्मत व उन्नयन कार्य के चलते इसपर यातायात 30 नवंबर तक बंद किया गया है। जिलाधीश अमरजीत सिंह ने बताया कि धंगोटा-दरख्योड़ा-सठवीं सड़क के कार्य को सुचारु रूप से जारी रखने तथा इसे जल्द पूरा करने के लिए इस सड़क पर वाहनों की आवाजाही 30 नवंबर तक बंद की गई है। इस दौरान क्षेत्र के वाहन चालक महारल से होलट, जंगली, सठवीं और बाड़ा होते हुए धंगोटा तक आवाजाही कर सकते हैं। डीसी ने सभी वाहन चालकों से सहयोग की अपील की है।

### 6 दिसंबर को मनाया जाएगा सशस्त्र झंडा दिवस

**अनंत ज्ञान, ऊना।** जिला सैनिक कल्याण कार्यालय ऊना के उपनिदेशक लेफ्टिनेंट कर्नल एसके कालिया ने बताया कि सशस्त्र झंडा दिवस हर वर्ष 7 दिसंबर को मनाया जाता है, लेकिन इस वर्ष 7 दिसंबर को रविवार होने के कारण 6 दिसंबर को मनाया जाएगा। उन्होंने कहा कि सशस्त्र झंडा दिवस हमारे वीर सैनिकों, पूर्व सैनिकों और वीर परिवारों के प्रति सम्मान और कृतज्ञता व्यक्त करने का अवसर है। इस अवसर पर एकत्रित की जाने वाली धनराशि का उपयोग उनके कल्याण कार्यों पर किया जाता है। उपनिदेशक ने सरकारी एवं गैर-सरकारी संस्थानों तथा अन्यनागरिकों से अपील की है कि वे इस महत्वपूर्ण दिवस पर उदारतापूर्वक योगदान दें और सैनिकों के सम्मान में अपनी सहभागिता सुनिश्चित करें।

### युवा संसद के महत्व के बारे में बताया

**अनंत ज्ञान, चिंतपूर्णी।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला भरवाईं में बच्चों की उपस्थिति में प्रधानाचार्य निर्मल कुमार की अध्यक्षता में विद्यार्थियों ने युवा संसद का आयोजन किया। इसमें भारतीय संसद के अनुरूप विभिन्न मुद्दों पर चर्चा करना, विधेयक प्रस्तुत करना और विधेयक पास करने की विधियों को प्रस्तुत किया गया। इस अवसर पर प्रधानाचार्य ने बच्चों को युवा संसद के महत्व के बारे में बताया तथा बच्चों को इस में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित किया। यह कार्यक्रम युवा संसद प्रभारी राजनीति शास्त्र प्रवक्ता राजीव कुमार की अगुवाई में हुआ। इस मौके पर समस्त स्टाफ सदस्य उपस्थित रहे।

### प्रशासकीय कार्यप्रणाली में कर्मियों की अहम भूमिका

**अनंत ज्ञान, ऊना।** हिमाचल प्रदेश अराजपत्रित कर्मचारी महासंघ, ऊना की जिला स्तरीय संयुक्त सलाहकार समिति, ऊना की बैठक बुधवार जिला मुख्यालय पर स्थित बचत भवन में डीसी जतिन लाल की अध्यक्षता में संपन्न हुई। इसमें विभिन्न विभागों के अधिकारियों और जिले के अराजपत्रित कर्मचारी संगठनों के पदाधिकारियों ने भाग लिया। बैठक में गैर-राजपत्रित कर्मचारियों से संबंधित विभिन्न महत्वपूर्ण मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की गई, जिसमें वेतनमान व भत्तों से संबंधित विसंगतियां, पदोन्नति, वरिष्ठता सूची, कार्यस्थल पर सुरक्षा व अन्य सुविधाओं के उन्नयन, एनजीओ भवन का निर्माण जैसे मुद्दे प्रमुख रहे। डीसी ने कहा कि प्रशासकीय कार्यप्रणाली में कर्मचारियों की महत्वपूर्ण भूमिका रहती है और सरकार की नीतियों व योजनाओं को धरातल पर सफल बनाने में कर्मचारियों का प्रमुख योगदान है।

# सीएम ने प्रदेश को शिक्षा के क्षेत्र में टॉप फाइव में पहुंचाया : सुनील

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**

पीएम श्री शहीद कैप्टन मृदुल शर्मा स्मारक राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला (बाल) हमीरपुर का वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह बुधवार को आयोजित किया गया।

इसमें मुख्यमंत्री के राजनीतिक सलाहकार सुनील शर्मा बिट्टू ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की और मेधावी छात्रों को पुरस्कार वितरित किए। इस अवसर पर छात्रों, उनके अभिभावकों व शिक्षकों को बधाई देते हुए सुनील शर्मा बिट्टू ने कहा कि मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने शिक्षा के क्षेत्र में बहुत ही क्रांतिकारी बदलाव किए हैं और मुख्यमंत्री के इन प्रयासों के अच्छे परिणाम आने शुरू हो गए हैं। मुख्यमंत्री ने मात्र पौने तीन वर्षों में ही हिमाचल प्रदेश को शिक्षा की गुणवत्ता में राज्यों की सूची में टॉप फाइव में पहुंचा दिया है, जबकि तीन वर्ष पहले हिमाचल प्रदेश की रैंकिंग 21 तक गिर गई




थी। सुनील शर्मा बिट्टू ने कहा कि हिमाचल के कई स्कूलों को सीबीएसई के अधीन लाने का निर्णय लिया गया है, जिससे शिक्षा का स्तर ऊंचा होगा और हिमाचल के बच्चे राष्ट्रीय स्तर की परीक्षाओं में बेहतरीन प्रदर्शन करने में सक्षम होंगे। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार शिक्षा, रोजगार, स्वास्थ्य, टूरिज्म और पर्यावरण के क्षेत्र में लगातार बेहतरीन काम करती जा रही है और इसके परिणाम अब सामने भी आने लगे हैं। प्रदेश सरकार युवाओं को विदेशों में भी रोजगार मुहैया करवा रही है। जिला हमीरपुर के भी 40 युवाओं को विदेश में रोजगार दिया गया है। उन्होंने कहा कि हमीरपुर स्कूल में डिजिटल लाइब्रेरी भी शुरू कर दी गई है और यह स्कूल अगले साल से सीबीएसई के अधीन होने जा रहा है। उन्होंने कहा कि हिमाचल प्रदेश पिछले तीन साल से प्राकृतिक आपदाओं से जूझ रहा है, ऐसे हालात में मुख्यमंत्री ने केंद्र की मदद के बगैर भी आपदा प्रभावितों के पुनर्वास के लिए विशेष पैकेज जारी करके एक मिसाल कायम की है। इस अवसर पर प्रधानाचार्य मुश्ताक मोहम्मद ने मुख्यातिथि और अन्य अतिथियों का स्वागत किया तथा स्कूल की वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत की। जबकि, विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करके खूब समां बांधा।

## डॉ. पुष्पेंद्र वर्मा ने शिक्षा पर दिया विशेष जोर

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, हमीरपुर।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला अमरोह में वार्षिक परीक्षा एवं पारितोषिक वितरण समारोह उत्साहपूर्वक आयोजित किया गया। समारोह के मुख्यातिथि वरिष्ठ कांग्रेस नेता डॉ. पुष्पेंद्र वर्मा का स्वागत ग्राम पंचायत अमरोह की प्रधान स्नेह लता, बीडीसी मधुबाला, प्रधान राजकुमार और अन्य गणमान्यों ने किया। विद्यालय परिसर में उनका पारंपरिक स्वागत किया गया तथा शॉल, टोपी और स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत बच्चों द्वारा प्रस्तुत रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों से हुई, जिनमें नशामुक्ति और सड़क सुरक्षा पर आधारित प्रस्तुतियां विशेष आकर्षण रहीं। अपने संबोधन में डॉ. वर्मा ने बच्चों को देश का भविष्य बताते हुए शिक्षा पर विशेष जोर दिया। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री सुक्खू के नेतृत्व में सरकारी स्कूलों की आधारभूत संरचना में उल्लेखनीय सुधार हुए हैं। 100 स्कूलों को सीबीएसई पैटर्न में बदला गया है तथा पहली कक्षा से इंग्लिश मीडियम सुविधा उपलब्ध है। उन्होंने छात्रों को शिक्षा और खेलों में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर प्रदेश का नाम रोशन करने का आह्वान किया।

### बाइक चालक से 1.12 ग्राम चिट्टा बरामद

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** पुलिस थाना सदर हमीरपुर के अधीन पुलिस सहायता कक्ष भोटा की एक पुलिस टीम गश्त के दौरान गलू झिरालड़ी में मौजूद थी, तो उसी दौरान उक्त टीम द्वारा मोटर साइकिल नंबर एचपी 74 ए 9089 के चालक सचिन कुमार पुत्र कुलदीप चंद गांव व डाखा नगरोटा गजियां तहसील भोरंज तथा पिछली सीट पर बैठे आयूष कुमार पुत्र वीरेंद्र कुमार गांव व डाखा नगरोटा गाजियां के कब्जे से 1.12 ग्राम हेरोइन (चिट्टा) बरामद किया गया। थाना प्रभारी कुलवंत सिंह ने बताया कि आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर नियमानुसार कार्रवाई की जा रही है।

### माता चिंतपूर्णी के दरबार में राजीव राणा ने नवाया शीश

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** शक्तिपीठ श्री चिंतपूर्णी माता मंदिर में असंगठित कामगार एवं कर्मचारी कांग्रेस (केकेसी) के प्रदेश चेयरमैन राजीव राणा ने विधिवत पूजा-अर्चना कर माता रानी के चरणों में शीश नवाया। उनके साथ प्रसिद्ध पंजाबी गायक मनी लाडला, मंदिर न्याय संचालन समिति के सदस्य संजीव कालिया तथा रवि पराशर भी उपस्थित रहे। मां चिंतपूर्णी के दर्शन उपरांत प्रदेश चेयरमैन राजीव राणा ने जेएमडी ग्रुप ऑफ कंपनीज द्वारा चिंतपूर्णी में आयोजित समारोह में बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। इस अवसर पर जेएमडी ग्रुप के मालिक राकेश सिंगल ने उनका हार्दिक स्वागत किया और सम्मान-पत्र व स्मृति चिन्ह भेंट कर विशेष सम्मानित किया। राजीव राणा ने कहा कि ऐसे कार्यक्रम समाज को जोड़ने, स्थानीय कौशल को प्रोत्साहित करने और क्षेत्र के आर्थिक-सांस्कृतिक उत्थान में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

### आपदा पीड़ितों को राहत नहीं पहुंचाई : राणा

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** हिमाचल प्रदेश भाजपा के वरिष्ठ प्रवक्ता और सुजानपुर के पूर्व विधायक राजेंद्र राणा ने कहा कि मुख्यमंत्री अपने ही बयानों में उलझकर विरोधाभासी स्थिति पैदा कर रहे हैं। राणा ने कहा कि मुख्यमंत्री एक तरफ पंचायतीराज चुनाव न कराने का कारण टूटी सड़कों को बता रहे हैं, तो वहीं उन्हीं सड़कों का हवाला देकर अपने तीन साल पूरे होने का महंगा जश्न मनाने की तैयारी की जा रही है, जिसमें जनता के करों का पैसा खर्च होगा। उन्होंने कहा कि जब सरकार आपदा पीड़ितों को राहत नहीं दे पाई और प्रदेश की सड़कें भी सुधार नहीं पाईं, तो इस जश्न का कोई औचित्य नहीं है। राणा ने प्रदेश की आर्थिक अव्यवस्था पर भी चिंता जताई और कहा कि एचआरटीसी कर्मचारियों को पेंशन, सरकारी ठेकेदारों और कर्मचारियों के मेडिकल बिलों का भुगतान महीनों से अटका हुआ है। सड़कों के नाम पर चुनाव टालना और जश्न पर करोड़ों खर्च करना सुक्खू सरकार का असली चरित्र है।

### एसएचओ हमीरपुर पर हुए हमले की निंदा की

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** हि.प्र. सेवानिवृत्त पुलिस कल्याणकारी संघ जिला हमीरपुर इकाई की बैठक बुधवार को पुलिस लाइन हमीरपुर में आयोजित हुई। बैठक की अध्यक्षता चेयरमैन जगदीश चंद शर्मा ने की। सभी पेंशनरों ने एसएचओ सदर थाना पर चिट्टा तस्करों के हमले की निंदा की। बैठक में जिला व ब्लॉक स्तर पर नए पदाधिकारी नियुक्त किए गए। संघ ने वर्ष 2016 से लंबित एरियर, महंगाई भत्ते और अन्य वित्तीय लाभों के साथ मेडिकल बिलों के समयबद्ध भुगतान की मांग की। पुलिस अधीक्षक भगत सिंह ठाकुर के कार्यों की सराहना भी की गई।

### कोहरे से फलदार पौधों के संरक्षण के लिए सलाह

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** उद्यान विभाग के उपनिदेशक राजेश्वर परमार ने कहा कि हमीरपुर जिले में तापमान गिरने और मौसम खुश्क होने के कारण कोहरे की संभावना बढ़ गई है। बागवान आम, पपीता, लीची और अन्य फलदार पौधों की नियमित सिंचाई करें, छोटे पौधों को पुआल से ढकें और नर्सरियों में नायलॉन की छायादार जाली लगाएं। पोटाश सहित अनुशंसित खाद का प्रयोग करें और धुआं पैदा कर तापमान बढ़ाएं। अधिक जानकारी के लिए नजदीकी उद्यान प्रसार अधिकारी से संपर्क करें।

### छतीसगढ़ व हिमाचल का रणजी मैच ड्रॉ

अनंत ज्ञान, नादौन। नादौन के अटल बिहारी वाजपेयी क्रिकेट स्टेडियम में रणजी ट्रॉफी छतीसगढ़ व हिमाचल की टीम के बीच खेला गया मैच ड्रा रहा। छतीसगढ़ की टीम को पहली पारी में मिली शानदार बढ़त के आधार पर 3 अंक मिले, जबकि हिमाचल को 1 अंक लेकर ही संतोष करना पड़ा। छतीसगढ़ की टीम ने 6 विकेट पर 585 रन लेकर पहली पारी घोषित की थी। लक्ष्य का पीछा करते हुए हिमाचल की टीम 141 ओवर में 425 रन बनाकर आल आउट हो गई। हिमाचल के बल्लेबाज अंकित कलसी ने डब्बल सेंचुरी मारते हुए 204 रन बनाए, जबकि आकाश वशिष्ट ने 30 रन तथा अर्पित गुलेरिया ने नाबाद 23 रन बनाए। जिला क्रिकेट एसोसिएशन के महासचिव अनिल भाटिया व क्रिकेट स्टेडियम नादौन के प्रभारी संजय ठाकुर टिंका ने बताया कि छतीसगढ़ की टीम की ओर से गेंदबाजी करते हुए गेंदबाज रवि किरण ने शानदार गेंदबाजी करते हुए 6 विकेट झटकी, जबकि आदित्या ने 2 विकेट ली। छतीसगढ़ की टीम ने दूसरी पारी खेलते हुए बिना किसी नुकसान के 5 ओवर में 15 रन बनाए और मैच ड्रॉ रहा।

## मिनी सचिवालय की लिफ्ट खराब, बुजुर्ग हो रहे परेशान

**एसके ठाकुर, अनंत ज्ञान**

**बड़सर।** मिनी सचिवालय बड़सर निर्माण से लेकर अब तक हमेशा सुर्खियों में बना रहा पहले उद्घाटन को लेकर चर्चा का विषय बना अब मिनी सचिवालय की लिफ्ट खराब होने को लेकर लोगों ने सबाल उठाने खड़े कर दिए हैं। करोड़ों रुपए से निर्मित पांच मंजिलें मिनी सचिवालय में स्थापित की गई लिफ्ट लगभग एक महीने बाद ही खराब हो गई है।

लिफ्ट के खराब होने से रोजमर्रा का कार्य करवाने आने वाले बुजुर्ग लोगों को समस्या का सामना करना पड़ रहा है। वील चेयर का प्रयोग करने वाले बुजुर्ग आसानी से लिफ्ट के माध्यम से अपना रोजमर्रा के कार्य करवाने के लिए मिनी सचिवालय में स्थापित कार्यालय में पहुंचते हैं, लेकिन पिछले दो-तीन दिनों से सचिवालय भवन की लिफ्ट धोखा दे गई है। सचिवालय में दूसरी मंजिल पर वेलफेयर का दफ्तर है। तीसरी मंजिल पर तहसीलदार कार्यालय



तथा चौथे मंजिल में एसडीएम कार्यालय के साथ-साथ कॉन्फ्रेंस हॉल तथा ट्रस्ट के कार्यालय कार्यरत हैं। इस भवन का अभी एक महीना पहले मुख्यमंत्री सुक्खू ने लोकार्पण कर आम जनता को समर्पित किया था। एसडीम बड़सर राजेंद्र गौतम ने कहा कि लिफ्ट का प्रयोग अपंग, असहाय एवं बुजुर्ग लोगों के लिए किया जाता है। कुछ लोग बिना वजह कार्यालय में आकर बाथरूम का प्रयोग करके चले जाते हैं। लिफ्ट को बीच-बीच में चालू किया जाता है। अंडर मेंटिनेशन के दौरान लिफ्ट बंद रहती है।

## मुख्यमंत्री प्रमोद सावंत से अनुराग ठाकुर ने की मुलाकात

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**

पूर्व केंद्रीय मंत्री व हमीरपुर लोकसभा क्षेत्र से सांसद अनुराग सिंह ठाकुर ने गोवा की राजधानी पणजी में मुख्यमंत्री प्रमोद सावंत से भेंट कर फिडे विश्व कप 2025 व ऐसे ही अन्य वैश्विक आयोजनों की सफल मेजबानी के लिए शुभकामनाएं दीं।



इस मौके पर अनुराग ठाकुर ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल नेतृत्व व नीतियों के चलते, भारत पिछले 11 वर्षों में बड़े वैश्विक आयोजनों का साक्षी बना है। यह हर्ष का विषय है कि गोवा की भी इसमें महत्वपूर्ण भागीदारी है। गोवा भारत में वैश्विक आयोजनों के लिए एक बड़ा सेंटर बनकर उभरा है। चाहे फीडे शतरंज विश्व कप हो या फिल्म फेस्टिवल हो, गोवा सफल आयोजन के जरिए अपनी गहरी छाप छोड़ी है व गोवा को इस प्रतिष्ठित वैश्विक आयोजन की मेजबानी करने पर गर्व है, जो दुनिया भर के बेहतरीन शतरंज खिलाड़ियों को एक साथ लाता है और अंतरराष्ट्रीय खेलों के लिए एक अग्रणी केंद्र के रूप में भारत की स्थिति को और मजबूत करता है। उन्होंने कहा कि गोवा के मुख्यमंत्री प्रमोद सावंत का विजन व उनकी नीतियां प्रशंसनीय हैं। उन्हें भाजपा की विकास की विरासत को आगे बढ़ाते हुए देखना अत्यंत हर्ष की बात है, क्योंकि गोवा ने सभी प्रमुख संकेतकों पर उनके नेतृत्व की अमिट छाप देखी है।

## अरुण ने शीर्ष नेतृत्व का जताया आभार

**अनंत ज्ञान, ऊना।** जिला भाजपा सोशल मीडिया विभाग के नवनियुक्त सदस्य अरुण कौशल ने अपनी इस नियुक्ति पर शीर्ष नेतृत्व का आभार व्यक्त किया है। अरुण कौशल ने राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा, भाजपा प्रदेशाध्यक्ष डॉ. राजीव बिंदल, नेता प्रतिपक्ष व पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर, पूर्व मुख्यमंत्री प्रोफेसर प्रेम कुमार धूमल और शांता कुमार, हमीरपुर संसदीय क्षेत्र से सांसद व पूर्व केंद्रीय मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर, ऊना सदर विधायक सतपाल सिंह सत्ती, पूर्व जिलाध्यक्ष बलवीर चौधरी, पूर्व विधायक दविंदर भुट्टो, राजेश ठाकुर और चैतन्य शर्मा, भाजपा नेता प्रोफेसर राम कुमार, प्रदेश सोशल मीडिया विभाग संयोजक सुशील राठौर, भाजपा जिलाध्यक्ष श्याम मिन्हास का आभार व्यक्त किया। अरुण कौशल पूर्व में भाजपा आईटी विभाग सदस्य व अभाविप के जिला संयोजक, प्रांत कार्यकारिणी सदस्य, जिला सोशल मीडिया संयोजक जैसे दायित्वों का निर्वहन कर चुके हैं। अरूण कौशल ने कहा कि संगठन में जो उन्हें जिम्मेदारी सौंपी गई है, उसकी वह पूरी निष्ठा से निर्वहन करेंगे। आधुनिक भारत में सोशल मीडिया की अपनी एक अलग अहमियत है। उन्होंने कहा कि आगामी विधानसभा चुनावों को ध्यान में रखते हुए एक संकल्प के साथ जिला स्तर पर कार्य किए जाएंगे।

## भाजपा सोशल मीडिया जिला संयोजक ऊना ने घोषित की जिला कार्यकारिणी

**अनंत ज्ञान, ऊना**

भाजपा सोशल मीडिया जिला संयोजक ऊना अर्चित शर्मा ने प्रदेश सोशल मीडिया संयोजक सुशील राठौर, सह संयोजक अनिल, पूर्व भाजपा प्रदेशाध्यक्ष व सदर ऊना के विधायक सतपाल सत्ती, भाजपा जिला अध्यक्ष श्याम मिन्हास, जिले के 10 मंडलों के अध्यक्षों व वरिष्ठ नेताओं के साथ विस्तृत चर्चा के बाद जिला सोशल मीडिया कार्यकारिणी की घोषणा कर दी है।

वहीं, सोशल मीडिया की नई टीम की घोषणा करते हुए जिला सोशल मीडिया संयोजक अर्चित शर्मा ने बताया कि विधानसभा क्षेत्र ऊना से अरुण कौशल, वरुण ठाकुर व कुलविंदर सिंह को जिला सोशल मीडिया कार्यकारिणी सदस्य के रूप में शामिल किया गया है और कुटलैहड़ विधानसभा क्षेत्र से अमित कुमार, राजीव शर्मा व राकेश कुमार, वहीं हरोली विधानसभा क्षेत्र से अनूप शर्मा, मोहित राणा व सन्नी अरोड़ा को कार्यकारिणी सदस्य के रूप में चुना गया है। इसके साथ ही गगरेट विधानसभा क्षेत्र से अभिनव पराशर व अंकुश कुमार, जबकि चिंतपूर्णी विधानसभा क्षेत्र से यश चौधरी, सुरेंद्र सिंह व श्याम सुंदर को जिला सोशल मीडिया कार्यकारिणी सदस्य के रूप में दायित्व दिया गया है। यह नियुक्तियां स्थानीय मंडल अध्यक्षों व वरिष्ठ नेताओं के साथ विस्तृत चर्चा के बाद की गई हैं। भाजपा की संगठनात्मक व जनहितैषी नीतियां आम जनता तक सोशल मीडिया के माध्यम से पहुंचे। इसके लिए उनकी टीम दिन-रात कार्य करेगी। उन्होंने कहा कि उपरोक्त सभी नियुक्तियां तुरंत प्रभाव से लागू की गई हैं। उन्होंने सभी कार्यकारिणी सदस्यों से अपनी ड्यूटी के प्रति समर्पित होकर काम करने का आह्वान किया है।

## छात्रों को नैतिक शिक्षा के बारे में दी जानकारी

**अनंत ज्ञान, ऊना।** गीता संदेश भारतीय संस्था के अध्यक्ष कृष्ण कुमार लद्दाखी ने हरोली उपमंडल के तहत पड़ते स्वर्ण जयंती वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय ललडी में विद्यार्थियों को नैतिक शिक्षा के बारे में जानकारी दी। इसके साथ बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि आजकल नैतिक मूल्यों का हरास हो रहा है। लोग अपनी भारतीय संस्कृति को भूलकर विदेशी सभ्यता का अनुसरण कर रहे हैं। आज आधुनिक समाज के लोग सफलता व लाभ के लिए नैतिकता को नजर अंदाज करने लगे हैं। भ्रष्टाचारी धोखाधड़ी दिन प्रतिदिन बढ़ रही है जिससे सामाजिक संतुलन बिगड़ रहा है। उन्होंने समझाया कि सत्य करुणा दया ईमानदारी आदर व अनुशासन से गुण व्यक्ति समाज को सशक्त बनाते हैं, जब नैतिक मूल्य मजबूत होंगे तभी हमारी उन्नति होगी और समाज विकसित होगा। अंत में प्रधानाचार्य रिपुजीत सिंह ने कृष्ण कुमार को बच्चों का मार्गदर्शन करने के लिए आभार प्रकट किया इस मौके पर सभी स्कूली स्टाफ मौजूद रहा।

## मनिंदरजीत ने माता चिंतपूर्णी के दरबार में लगाई हाजिरी



माता चिंतपूर्णी के दरबार में पहुंचे मनिंदरजीत सिंह बिट्टा के साथ अन्य।

**अनंत ज्ञान, चिंतपूर्णी**

अखिल भारतीय आतंकवाद विरोधी मोर्चा के अध्यक्ष मनिंदरजीत सिंह बिट्टा ने मां चिंतपूर्णी के दरबार में माथा टेका और पूजा-अर्चना की।

इस अवसर पर चिंतपूर्णी मंदिर के पुजारी नव कालिया ने विधिवत रूप से वैदिक मंत्रों का उच्चारण कर पूजा-अर्चना कराई। बिट्टा ने मीडिया से बातचीत करते हुए कहा कि उन्हें भारत सरकार और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर पूरा भरोसा है कि दिल्ली में बम ब्लास्ट करने वाले आतंकवादियों और उनकी मदद करने वाले सभी आरोपियों पर कड़ी कार्रवाई होगी। सुरक्षा एजेंसी द्वारा इस मामले की जल्द जांच कर सभी आतंकवादियों और उनके मददगारों को फांसी दिलाई जाएगी। उन्होंने विपक्षी पार्टियों को दिल्ली ब्लास्ट में शामिल आतंकवादियों को भटके हुए युवा कहने पर कहा कि जिस परिवार के लोग इस बम ब्लास्ट में शहीद हुए हैं, उनके परिवार से मिले तब इन लोगों को दुख का पता चलेगा।

## करियर प्वॉइंट अकादमी ने दिलाई युवाओं को सफलता

**अनंत ज्ञान, बंगाणा**



करियर प्वॉइंट डिफेंस अकादमी बंगाणा के छात्रों ने हासिल अपना लक्ष्य किया। जानकारी देते हुए अकादमी प्रधानाचार्य कैप्टन पीसी शर्मा ने बताया कि हाल ही में हुई परीक्षाओं में 6 अग्निवीर, 3 हिमाचल पुलिस व शिमला एआरओ में 5 छात्रों ने शारीरिक परीक्षा में प्रथम स्थान पाने में सफलता प्राप्त की।

डोगरा सेंटर में चयनित युवाओंमें जिला ऊना बंगाणा बॉट का कुशव राणा, थानकलां से दिव्यांश शर्मा, हमीरपुर बड़सर से आर्यन व अंकुश कुमार, हमीरपुर से विजय कुमार, मंडी पंजीयन से पंकज कौंडल, हिमाचल पुलिस में शाहतलाई से नैंनसी, हमीरपुर तहसील गलोड़ से वीरेंद्र ठाकुर, कांगड़ा से रजत कौंडल शामिल हैं। युवाओं को संदेश देते हुए अकादमी प्रबंधक मनोज अग्निहोत्री ने चयनित युवाओं व उनके परिजनों को बधाई दी। वहीं, अकादमी के मुख्याध्यापक साहिल शर्मा ने बताया कि ऐसे में अब 17 वर्षों के अंतराल में अकादमी ने 2108 युवा भारतीय सेना में फौजी व 316 युवा अग्निवीर, वायु सेना में 127, नेवी में 226, एसएससी व अन्य विभागों में 278 लोगों को सेवा का अवसर मिल चुका है। चयनित हो चुके हैं लोंगो को उन्होंने कहा कि आज युवाओं के लिए भारतीय सेना में चयनित होना वरदान से कम नहीं। वहीं, दूसरी तरफ आज मोबाइल व चिट्टे से युवा पीढ़ी बर्बाद होती जा रही है। इस अवसर पर अकादमी के अध्यापक साहिल शर्मा ,अनिता कुमारी, मीना ठाकुर आदि उपस्थित रहे।

## 'जन-जन से आई आवाज नशा मुक्त हो समाज'

**अनंत ज्ञान, ऊना।** सीनियर सेकेंडरी स्कूल वॉलीबाल में 'एक युद्ध नशे के विरुद्ध' कैंप का आयोजन किया गया। राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला वालीबाल में स्वास्थ्य विभाग जिला ऊना के तत्वाधान में कम्युनिटी हेल्थ ऑफिसर पूजा देवी, स्कूल प्रबंधन समिति की अध्यक्षा रीता कुमारी, आशा वर्कर सुखविंदर कौर और दीक्षा ने तंबाकू नियंत्रण एवं जागरूकता अभियान के अंतर्गत 'एक युद्ध नशे के विरुद्ध' विद्यालय के विद्यार्थियों ने गांव वॉलीबाल में जागरूकता अभियान के अंतर्गत एक रैली का आयोजन किया। इस अभियान के अंतर्गत विद्यार्थियों ने जन-जन से आई आवाज नशा मुक्त हो समाज। नशे को दूर भगाना है, खुशहाली को लाना है। तंबाकू छोड़ो ,जीवन चुनो। 'धूम्रपान का कीजिए त्याग, मत लगाइए जीवन को आग'। 'तंबाकू का सेवन आत्महत्या के समान' नारों से गांववासियों को नशे के खिलाफ जागरूक किया।

### देश की प्रथम महिला प्रधानमंत्री स्व. इंदिरा गांधी की जयंती पर निकाली प्रभात फेरी

## गरीब जनता के लिए चलाई थी दर्जनों योजनाएं

**अनंत ज्ञान, बंगाणा**

भारत की पूर्व प्रधानमंत्री तथा लौहनेत्री स्व. इंदिरा गांधी की जयंती पर कुटलैहड़ के विधायक विवेक शर्मा के नेतृत्व में भव्य प्रभात फेरी का आयोजन किया।

यह प्रभात फेरी सुबह चार बजे शिव मंदिर समूर से आरंभ होकर शिव बाड़ी मंदिर बरनोह तक निकाली गई। इसमें सैकड़ों की संख्या में कांग्रेस नेताओं, कार्यकर्ताओं सहित स्थानीय नागरिकों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। पूरे रास्ते जय इंदिरा कांग्रेस जिंदाबाद और इंदिरा गांधी अमर रहे के साथ गायत्री मंत्री से वातावरण गूंजता रहा। वहीं, पूर्व प्रधान मंत्री स्व. इंदिरा गांधी की प्रतिमा पर फूल चढ़ाकर विधायक विवेक शर्मा के साथ अन्य नेताओं ने श्रद्धांजलि दी। प्रभात फेरी के दौरान विधायक विवेक शर्मा ने कहा कि 19 नवंबर, 1917 को जन्मी इंदिरा गांधी न केवल भारत की पहली महिला प्रधानमंत्री थी, बल्कि वह ऐसी वैश्विक नेता थीं, जिन्होंने देश की



विधायक विवेक शर्मा की अगुवाई में प्रभात फेरी निकालते लोग।

पहचान अंतरराष्ट्रीय पटल पर मजबूत की। इंदिरा गांधी द्वारा शुरू की गई कई ऐतिहासिक योजनाएं आज भी देश के गरीब तबके के लिए वरदान बनी हुई हैं। विवेक शर्मा ने कहा कि इंदिरा गांधी ने गरीबी उन्मूलन, कृषि सुधार, राष्ट्रीय सुरक्षा और आधुनिक भारत के विकास कार्यों में जो दूरदर्शी निर्णय लिए। वहीं, आज भी देश की प्रगति की मजबूत नींव माने जाते हैं। इंदिरा की योजनाओं ने देश के अंतिम व्यक्ति तक विकास पहुंचाने का मार्ग प्रशस्त किया था। चाहे बैंकों का राष्ट्रीयकरण हो, हरित क्रांति हो या देश की एकता को मजबूत करने का उनका संकल्प, इन्हीं ने भारत के भविष्य की दिशा तय की। विधायक ने कहा कि इंदिरा गांधी ने अपने प्रधानमंत्री काल में भारत को सशक्त, आत्मनिर्भर व प्रगतिशील बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इंदिरा गांधी ने लंबे समय तक प्रधानमंत्री रहते हुए भारतीय जनता की आकांक्षाओं को समझा और उनके कल्याण के लिए कई क्रांतिकारी निर्णय लिए। उन्होंने राजनीति को सेवा का माध्यम मानकर जीवनभर देश के विकास के लिए कार्य किया।

बिन सहकार नहीं उद्धार

# सहकारिता दिवस
## की हार्दिक शुभकामनाएं

बिन सहकार नहीं उद्धार



राजन ढींगरा
संवाददाता, नगरोटा बगवां
98822-66640

## आभार

हिमाचल प्रदेश के लोकप्रिय समाचारपत्र अनंत ज्ञान द्वारा प्रकाशित विशेषांक में सहयोग देने पर सभी विज्ञापनदाता बंधुओं का हृदय से आभार। आशा करता हूं भविष्य में भी आपका सहयोग यथावत बना रहेगा।



आरएस बाली
चेयरमैन हि.प्र. पर्यटन विकास निगम एवं उपाध्यक्ष पर्यटन विकास बोर्ड (कैबिनेट रैंक)



राजिन्द्र कुमार
सचिव



विचित्र सिंह
सदस्य



बलवीर सिंह
सचिव



अशोक कुमार
सचिव

---

## दी ठानपुरी कृषि सेवा सहकारी सभा सीमित

तहसील व जिला कांगड़ा (हि.प्र.)

की तरफ से
सहकारिता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

सेल्समैन : अनीश



सुधीर कुमार
(सचिव)

---

## दी रौंखर कृषि सेवा सहकारी सभा सीमित

डाकघर रौंखर, जिला कांगड़ा (हि.प्र.)



किशोरी लाल (प्रधान)



कुलभूषण शर्मा (सचिव)

होशियार सिंह- उप-प्रधान, कमेटी सदस्यः नरेन्द्र कुमार, पुन्नु राम, राकेश पल्यालु, विक्रेता- गुरदीप कुमार

---

## दी रजियाणा कृषि सेवा सहकारी सभा सीमित

डाकघर रजियाणा (53 मील) तह. व जिला कांगड़ा (हि.प्र.)



रमेश चंद (प्रधान)



वीना कुमारी (सचिव)

उपप्रधान : रमेश चंद, कमेटी सदस्यः ओम प्रकाश, किशोरी लाल, रमेश चंद, मदन लाल, प्रताप चंद, प्रवीन कुमार, चरन दास

---

## दी घराणा कृषि सेवा सहकारी सभा सीमित

जिला कांगड़ा (हि.प्र.)

की तरफ से
सहकारिता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

जारीकर्ता (सचिव)

---

## दी बिन्द्राबन कृषि सेवा सहकारी सभा सीमित

तहसील पालमपुर, जिला कांगड़ा (हि.प्र.)

की तरफ से
सहकारिता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं



कुलतार सिंह
(सचिव)

---

## दी गग्गल कृषि सेवा सहकारी सभा सीमित

जिला कांगड़ा (हि.प्र.)

की तरफ से
सहकारिता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

जारीकर्ताः (सचिव)

---

## दी भौडा कृषि सेवा सहकारी सभा सीमित

तहसील पालमपुर, जिला कांगड़ा (हि.प्र.)

की तरफ से
सहकारिता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं



दिलवाग सिंह
(सचिव)

---

## दी बोदा कृषि सेवा सहकारी सभा सीमित

तहसील पालमपुर, जिला कांगड़ा (हि.प्र.)

की तरफ से
सहकारिता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं



दिनेश कुमार
(सचिव)

---

बिन सहकार नहीं उद्धार

## दी नगरी कृषि सेवा सहकारी सभा सीमित

डा. चचियां (नगरी), तहसील पालमपुर, जिला कांगड़ा (हि.प्र.)

**कमेटी सदस्य**
सुदर्शन सिंह जम्वाल-प्रधान
राम पाल - उपप्रधान
हेमराज - कोषाध्यक्ष
सदस्य: प्रीतम चंद, मलकीत सिंह

**कर्मचारी वर्ग**
शशि कुमार- सचिव,
संदीप कुमार-सह सचिव
शिवानी शर्मा-विक्रेता,
हरनाम सिंह-विक्रेता
मनजीत कुमार-चौकीदार



शशि कुमार (सचिव)

---

बिन सहकार नहीं उद्धार

## दी खास लाहला कृषि सेवा सहकारी सभा सीमित

डा. लाहला, तहसील पालमपुर, जिला कांगड़ा (हि.प्र.)

**कमेटी सदस्य:**
नीलम शर्मा-प्रधान,
मदन लाल- उपप्रधान
सदस्य: रस पाल, ठकुार दास, सौंकी राम, रमेश कुमार, संजीव कुमार, सुनील कुमार, जर्म चंद

**कर्मचारी वर्ग:**
राकेश कुमार-सचिव
सतीश कुमार - विक्रेता
हंस राज- विक्रेता
विजय कुमार - चौकीदार



---

## सहकारिता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

### THE MALAN CO-OP. AGRI, SERVICE SOCIETY LTD.

V.P.O. MALAN TEHSIL NAGROTA BAGWAN, DISTT. KANGRA (H.P.)

| | |
|---|---|
| 1. President | Sh. Rajinder Kumar |
| 2. Vice President | Sh. Madan Kumar |
| 3. Secretary | Sh. Dhanbir Singh |
| 4. Member | Sh. Subhash Chand |
| 5. Member | Sh. Ran Singh |
| 6. Member | Sh. Hoshiyar Singh |
| 7. Member | Sh. Kuldeep Chand |

---

बिन सहकार नहीं उद्धार

## दी बलधर कृषि सेवा सहकारी सभा सीमित

डाकघर बलधर, तह. व जिला कांगड़ा (हि.प्र.)

की तरफ से
सहकारिता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

प्रीतम सिंह
प्रधान
देस राज
उप-प्रधान

**कमेटी सदस्य**
सुभाष नरयालिया
सतीश कुमार
पवन कुमार, कर्म चंद
उत्तम चंद



अशोक कुमार
(सचिव)

---

बिन सहकार नहीं उद्धार

## दी झिकली कोठी कृषि सेवा सहकारी सभा सीमित

डाकघर समलोटी, तह. व जिला कांगड़ा (हि.प्र.)

की तरफ से
सहकारिता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

रूमी राम
प्रधान
मदल लाल
उप-प्रधान

**कमेटी सदस्य**
सतीश कुमार, रणजीत सिंह
रूमी लाल, प्रकाश चंद
ब्रिज लाल



कपिल देव
(सचिव)

---

बिन सहकार नहीं उद्धार

## दी हटवास कृषि सेवा सहकारी सभा सीमित

गांव व डाकघर हटवास, तहसील व जिला कांगड़ा (हि.प्र.)

की तरफ से
सहकारिता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं



बलवीर सिंह
(सचिव)

---

बिन सहकार नहीं उद्धार

## दी जलबिम्बी कृषि सेवा सहकारी सभा सीमित

डाकघर नगरोटा बगवां, जिला कांगड़ा (हि.प्र.)

की तरफ से
सहकारिता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

आशोक कुमार- प्रधान
प्रीतम चंद- उप-प्रधान
सौरभ धीमान- विक्रेता
लक्की- चौकीदार

**कमेटी सदस्य**
जीत कुमार, हीरा लाल
कैलाश चंद, मनोज कुमार
शशि कुमार, संजीव कुमार
जैसी राम



अशोक कुमार (प्रधान)



सुनील कुमार (सचिव)

---

बिन सहकार नहीं उद्धार

## दी अमतराड़ कृषि सेवा सहकारी सभा सीमित

डाकघर सुनेहड़, तहसील व जिला कांगड़ा (हि.प्र.)

की तरफ से
सहकारिता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

अरविंद कुमार- सहायक सचिव
राजेश कुमार- विक्रेता
मुकेश कुमार- विक्रेता
कमल कुमार



राजिन्द्र कुमार
(सचिव)

बिन सहकार नहीं उद्धार

# सहकारिता दिवस
## की हार्दिक शुभकामनाएं

बिन सहकार नहीं उद्धार

### दी पुड़वा कृषि सेवा सहकारी सभा सीमित

तहसील धीरा, जिला कांगड़ा (हि.प्र.)

की तरफ से सहकारिता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं



बबली देवी (सचिव)



राजिन्द्र कपूर सीईओ (सचिव)



सुरेंद्र गुलेरिया (सचिव)



सुभाष कुमार (सचिव)



हरजीत कौर (सचिव)



संयज राणा (सचिव)

### दी कृषि सेवा सहकारी सभा टांडा लि. (बल्लाह)

तहसील धीरा, जिला कांगड़ा (हि.प्र.)

की तरफ से सहकारिता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

कश्मीर सिंह (सचिव)

### दी घरना (लघां) कृषि सेवा सहकारी सभा समिति

गांव घरना (लघां) तहसील खुंडिया, जिला कांगड़ा (हि.प्र.)

प्रबंध कमेटी

प्रधान विचित्र सिंह, उपप्रधान करतार सिंह
सदस्य अशोक कुमार, सदस्य ज्ञान चंद
सदस्य दुनी चंद, सदस्य मलका देवी



सुनील कुमार (सचिव)

### दी थलेहड़ कृषि सेवा सहकारी सभा समिति रजि.

डाकघर गग्गल खोली, तह. धीरा, जिला कांगड़ा (हि.प्र.)

की तरफ से सहकारिता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

जारीकर्ता (सचिव)

### दी जिया कृषि सेवा सहकारी सभा सीमित

डा. जिया, तह. पालमपुर, जिला कांगड़ा (हि.प्र.)

की तरफ से सहकारिता सप्ताह की हार्दिक शुभकामनाएं

सेल्समैन : अवतार सिंह



राजिन्द्र कपूर सीईओ (सचिव)

### दी बन्दला कृषि सेवा सहकारी सभा सीमित

डा. बन्दला, तह. पालमपुर, जिला कांगड़ा (हि.प्र.)

की तरफ से सहकारिता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

जारीकर्ता (प्रधान/सचिव)

### दी सलोह कृषि कृषि सेवा सहकारी सभा सीमित

तहसील पालमपुर, जिला कांगड़ा (हि.प्र.)

की तरफ से सहकारिता सप्ताह की हार्दिक शुभकामनाएं



सुरेंद्र गुलेरिया (सचिव)

### दी बन्दाहू कृषि सेवा सहकारी सभा सीमित

डाकघर बन्दाहू, तहसील, जयसिंहपुर, जिला कांगड़ा (हि.प्र.)

की तरफ से सहकारिता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं



### दी मतेहड़ कृषि सेवा सहकारी सभा मतेहड़

डाकघर नौरा, तहसील, धीरा, जिला कांगड़ा (हि.प्र.)

की तरफ से सहकारिता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

सचिव -श्रीमति आशारानी
प्रधान - श्री ध्रुव कुमार
उपप्रधान - श्री विनोद कुमार
सैलपर्सन - श्रीमति प्रियंका देवी

Turnover 2023 to 2024 36100000/-



श्रीमति आशारानी (सचिव)

### दी संघोल कृषि सेवा सहकारी सभा सीमित

डाकघर संघोल, जिला मंडी (हि.प्र.)

की तरफ से सहकारिता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

जारीकर्ता (सचिव)

### दी अप्पर सन्धोल कृषि सेवा सहकारी सभा सीमित

डाकघर व तह. सन्धोल, जिला मंडी (हि.प्र.)

की तरफ से सहकारिता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं



इंद्रपाल सिंह (सचिव)

### दी धनीरी हारसी कृषि सेवा सहकारी सभा सीमित

डा. हारसी तहसील जयसिंहपुर जिला कांगड़ा (हि.प्र.)

की तरफ से सहकारिता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

प्रधान- रत्न चंद राणा
उप-प्रधान- प्रवीण कटोच
विक्रेता-अजय कुमार
चौकीदार- वीन कुमार

लम्बागांव ब्लॉक से प्रथम पुरस्कार प्राप्त सभा



संजय राणा (सचिव)

### दी सी.ए.एस. हार कृषि सेवा सहकारी सभा सीमित

तहसील पालमपुर, जिला कांगड़ा (हि.प्र.)

की तरफ से सहकारिता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

जारीकर्ता (सचिव)

### दी इच्छी कृषि सेवा सहकारी सभा सीमित

डाकघर इच्छी, तह. व जिला कांगड़ा (हि.प्र.)

की तरफ से सहकारिता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं



सुनील कुमार (सचिव)

### दी मटौर-भड़वाल कृषि सेवा सहकारी सभा सीमित

गांव व डाकघर मटौर, तह. व जिला कांगड़ा (हि.प्र.)

की तरफ से सहकारिता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं



हरजीत कौर (सचिव)

### दी थुरल नौण कृषि सेवा सहकारी सभा सीमित

जिला कांगड़ा (हि.प्र.)

की तरफ से सहकारिता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं



कुलवंत राणा (सचिव)

बिन सहकार नहीं उद्धार

### दी मूण्ढ़ी कृषि सेवा सहकारी सभा सीमित

डा. मूण्ढ़ी, तह. पालमपुर, जिला कांगड़ा (हि.प्र.)



सुभाष कुमार (सचिव)

की तरफ से सहकारिता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

**संवैधानिक चेतावनी/सूचना**

अगर कोई भी व्यक्ति सभा परिसर/डिपू में सभा कर्मचारियों/अधिकारियों से दुर्व्यवहार करता है तो उसे IPC (Indian Panal Code) धारा 332,352 के तहत 3 साल कैद/जुर्माना अथवा दानों से दण्डित किया जा सकता है।

## सहकारी समितियां सूचना के अधिकार के दायरे में नहीं आती : उच्चतम न्यायालय

नई दिल्लीः उच्चतम न्यायालय ने स्पष्ट किया है कि सहकारी समितियां सूचना के अधिकार कानून के दायरे में नहिं आती हैं। न्यायमूर्ति के. एस. राधाकृष्णन और न्यायमूर्ति ए. के. सीकरी की खंडपीठ ने सभी सहकारी समितियों को सूचना के अधिकार कानून के दायरे में लाने संबंधी केरल सरकार के परिपत्र को सही ठहराने वाला उच्च न्यायालय का निर्णय निरस्त करते हुए यह व्यवस्था दी। न्यायधिशों ने कहा है कि इस तरह की किसी संस्था की देख-रेख या नियन्त्रण मात्र से ही वह सार्वजनिक प्राधिकारी संस्था नहीं वन जाती। न्यायाधीशों ने कहा है कि निशिचत ही समीतियां रजिस्ट्रार और संयुक्त रजिस्ट्रार जैसे विधायी प्राधिकारियों और सरकार के नियंत्रण में रहती हैं लेकिन यह नहीं कहा जा सकता कि समितियों के कामकाज पर सरकार का किसी तरह का प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से नियन्त्रण रहता है।

## न्यूज ब्रीफ

### महाराणा प्रताप स्कूल में लगाई बाल रचनात्मक प्रदर्शनी

**अनंत ज्ञान, नगरोटा बगवां।** महाराणा प्रताप इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल धरमीरी पटियार में बाल रचनात्मक प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विभिन्न शैक्षणिक, कलात्मक और रचनात्मक गतिविधियों को प्रदर्शित किया गया, जिसमें अभिभावकों और विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। प्रदर्शनी में बच्चों द्वारा तैयार किए गए विभिन्न मॉडल-खेल, कला, विज्ञान मॉडल, खाने-पीने के स्टॉल, मनोरंजक गतिविधियां, 'पहाड़ी कॉर्नर' आकर्षण का केंद्र रहा। पहाड़ी कॉर्नर में स्थानीय संस्कृति, वेशभूषा, खाद्य पदार्थों और परंपराओं को सुंदर रूप में प्रस्तुत किया गया। स्कूल के एमडी कुलदीप ठाकुर, मैनेजर सुभाष पठानिया और प्रधानाचार्य रोजी मनकोटिया ने कार्यक्रम का निरीक्षण किया तथा बच्चों को उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं।

### पासिंग एवं ड्राइविंग लाइसेंस टेस्ट रद्द

**अनंत ज्ञान, धर्मशाला।** क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी धर्मशाला ने बताया कि 29 नवंबर को जोरावर स्टेडियम में आयोजित होने वाली वाहन पासिंग तथा ड्राइविंग लाइसेंस टेस्ट प्रक्रिया को प्रशासनिक कारणों से रद्द कर दिया गया है। नई तिथि और कार्यक्रम की जानकारी शीघ्र ही जारी की जाएगी। क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी ने जनता से सहयोग की अपील की है।

### जंबल स्कूल के बच्चों ने लूटी वाहवाही

**पिंडी, अनंत ज्ञान, डाडासीबा।** जंबल स्कूल में बुधवार को वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि ठाकुर सुरेंद्र सिंह मनकोटिया और प्रधानाचार्य परमजीत सिंह की उपस्थिति में कार्यक्रम की शुरुआत स्वागत गीत से हुई। बच्चों ने भांगड़ा, गिद्दा, वंदे मातरम समूहगान, पहाड़ी नाटियां, भारत विजय प्रस्तुति और नशा निवारण पर नुक्कड़ नाटक से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया।

### अभ्यर्थियों के प्रवेश पत्र वेबसाइट पर जारी

**अनंत ज्ञान, धर्मशाला।** जवाहर नवोदय विद्यालय के प्राचार्य ने बताया कि कक्षा 6वीं में प्रवेश के लिए जेएनवीएसटी-2026 के माध्यम से आवेदन करने वाले अभ्यर्थियों के प्रवेश पत्र अब नवोदय विद्यालय समिति की वेबसाइट पर उपलब्ध हैं। परीक्षा की तिथि 13 दिसंबर निर्धारित की गई है। सभी पंजीकृत विद्यार्थी 13 दिसंबर को आयोजित होने वाली परीक्षा के लिए अपने प्रवेश पत्र समय पर डाउनलोड कर लें।

### शिक्षकों की मांगों को लेकर सीएम को ज्ञापन भेजा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** अखिल भारतीय राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ जिला कांगड़ा ने जिला अध्यक्ष देसराज ठाकुर की अध्यक्षता में उपनिदेशक प्रारंभिक शिक्षा के माध्यम से मुख्यमंत्री और शिक्षा मंत्री को ज्ञापन सौंपा। इसमें शिक्षकों के वित्तीय लाभ, डीए एरियर, छठे वेतन आयोग के लंबित एरियर, सभी संवर्गों की पदोन्नति, कंप्यूटर व एसएमसी शिक्षकों के नियमितीकरण सहित विभिन्न मांगें उठाई गईं। इस अवसर पर पवन कुमार, डॉ. जोगिंद्र सिंह, हेमराज ठाकुर, सुरेश कुमार और अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।

### अंडर-18 वॉलीबाल ट्रायल की तिथियां घोषित

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** वॉलीबाल संघ जिला कांगड़ा ने अंडर-18 प्रदेश टूर्नामेंट के लिए ट्रायल की तिथियां घोषित की हैं। जिलाध्यक्ष कमल शर्मा के अनुसार, 22 नवंबर को शाहपुर स्थित कांगड़ा इंटरनेशनल स्कूल और पालमपुर के विक्रम बत्रा मैदान में सुबह दस बजे ट्रायल होंगे। इच्छुक लड़के और लड़कियां अपने आधार कार्ड के साथ ट्रायल स्थल पर पहुंच सकते हैं। चयनित खिलाड़ियों के लिए तीन दिवसीय अभ्यास कैंप शाहपुर में आयोजित होगा। इसके बाद मंडी के संधोल में 26 से 28 नवंबर तक प्रदेश स्तरीय टूर्नामेंट में भाग लेंगे।

### यूएई में डिलीवरी राइडर्स के लिए 24 तक करें आवेदन

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** क्षेत्रीय रोजगार अधिकारी अक्षय कुमार ने बताया कि हिमाचल प्रदेश राज्य इलेक्ट्रॉनिक्स विकास निगम के माध्यम से यूएई में नून फूड एलएलसी के लिए डिलीवरी राइडर्स (पुरुष) की भर्ती जेएसडीसी ग्रुप द्वारा की जा रही है। पदों पर मासिक वेतन 2500 दिरहम, कमीशन और टिप्स के साथ 70,000-1,00,000 रुपए है। आवेदन के लिए 10वीं पास और बेसिक इंग्लिश आवश्यक है। हेल्मेट अनिवार्य और वैध पासपोर्ट जरूरी है। पंजीकरण गूगल फॉर्म से अनिवार्य है। आवेदन की अंतिम तिथि 24 नवंबर है।

### सर्दी के मौसम से निपटने के लिए विभागों को निर्देश

**अनंत ज्ञान, पालमपुर।** उपमंडल पालमपुर में सर्दी के मौसम को ध्यान में रखते हुए एसडीएम नेत्रा मेती ने विभिन्न विभागों को तैयार रहने के निर्देश दिए। अग्निशमन, लोक निर्माण, बिजली बोर्ड और जल शक्ति विभाग से वाहन व मशीनरी का उचित रखरखाव सुनिश्चित करने को कहा गया। उद्यान विभाग को नुकसान का समय पर जायजा लेने और भरपाई करने, स्वास्थ्य एवं वन विभाग को आवश्यक स्टॉक रखने, और सेना से आपातकालीन सहयोग लेने की भी अपील की गई। लोगों को बर्फबारी में ट्रैकिंग से बचने की चेतावनी दी गई।

### इंटर-कॉलेज महिला वॉलीबाल प्रतियोगिता शुरू

**अनंत ज्ञान, पालमपुर।** शहीद कैप्टन विक्रम बत्रा राजकीय महाविद्यालय पालमपुर में विश्वविद्यालय इंटर-कॉलेज महिला वॉलीबाल प्रतियोगिता का शुभारंभ हुआ। इस स्पर्धा में 16 टीमें 19 से 21 नवंबर तक प्रतिस्पर्धा करेंगी। उद्घाटन समारोह में मुख्य अतिथि पालमपुर विधायक आशीष बुटेल ने महिला खेलों को प्रोत्साहित करने के लिए महाविद्यालय और विश्वविद्यालय के प्रयासों की सराहना की। उन्होंने प्रतिभागी टीमों को शुभकामनाएं दीं और खेलों के माध्यम से युवाओं को नशे से दूर रखने पर जोर दिया। सांस्कृतिक गतिविधियों के लिए 20 हजार रुपए प्रोत्साहन राशि की घोषणा की।

### द्रोणाचार्य कॉलेज में बताए एआई टूल्स के लाभ

**कोहली, अनंत ज्ञान, शाहपुर।** द्रोणाचार्य स्नातकोत्तर शिक्षा महाविद्यालय रैत में बीबीए, बीसीए और बीकॉम के छात्रों के लिए जीएनआईओटी द्वारा एआई के फायदे-नुकसान और आत्मविश्वास की कमी पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला का संचालन बृजेश भटिया ने किया, जो लीड स्ट्रेटेजी कॉर्पोरेट लर्निंग एंड आउटरीच कैटेलिस्ट के रूप में कार्यरत हैं। उन्होंने छात्रों को एआई टूल्स, उनके लाभ और चुनौतियों के साथ-साथ आत्मविश्वास की कमी के कारणों और समाधान पर विस्तृत जानकारी दी। महाविद्यालय के कार्यकारी निदेशक डॉ. बीएस पठानिया ने माननीय अतिथि का सम्मान किया। सभी संकाय सदस्य और छात्र सक्रिय रूप से चर्चा में शामिल हुए।

### शाहपुर में तीन माह का सिलाई प्रशिक्षण शुरू

**अनंत ज्ञान, शाहपुर।** प्रदेश फसल विविधीकरण प्रोत्साहन परियोजना के तहत खंड परियोजना प्रबंधन इकाई शाहपुर ने आईटीआई शाहपुर में तीन माह का निःशुल्क सिलाई-कढ़ाई प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू किया। खंड परियोजना प्रबंधक डॉ. अंकिता शर्मा ने बताया कि यह प्रशिक्षण जायका के तहत चल रहे विकास सहायता के तहत संचालित है। कार्यक्रम का उद्देश्य ग्रामीण महिलाओं और युवतियों को सिलाई, कढ़ाई, पैटर्न कटिंग, ब्लाउज और कुर्ती डिजाइनिंग जैसी तकनीकी दक्षता प्रदान कर उन्हें स्वरोजगार के योग्य बनाना है। प्रशिक्षण से महिलाओं की आर्थिक सशक्तिकरण में मदद मिलेगी।

### किसानों को दी आधुनिक कृषि तकनीकों की जानकारी

**अनंत ज्ञान, पालमपुर।** चौधरी सरवण कुमार हिमाचल प्रदेश कृषि विश्वविद्यालय, पालमपुर में पीएम-किसान की 21वीं किस्त जारी होने के उपलक्ष्य में किसान-वैज्ञानिक संवाद एवं लाइव प्रसारण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कुलपति डॉ. अशोक कुमार पांडा ने की। किसानों को योजना के लाभ, फसल पैटर्न में विविधता और आधुनिक कृषि तकनीकों के उपयोग के विषय में जानकारी दी गई। तकनीकी सत्र में विशेषज्ञों ने किसानों के प्रश्नों का समाधान किया। कार्यक्रम में 150 किसानों ने भाग लिया और उन्हें बीज पैकेट व कृषि साहित्य वितरित किया गया।

### सीयू में इंटरनेशनल कन्वेंशन कल से

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** सेंट्रल यूनिवर्सिटी हिमाचल प्रदेश में 21 से 23 नवंबर तक इंटरनेशनल कन्वेंशन का आयोजन किया जा रहा है। यह इंडियन टूरिज्म हॉस्पिटैलिटी कांग्रेस (आईटीएचसी) द्वारा आयोजित किया जा रहा है, जिसमें विदेश से करीब 100 डेलीगेट शामिल होंगे। कन्वेंशन की थीम 'सस्टेनेबल टूरिज्म एंड वेलनेस' रखी गई है। सीयू के पर्यटन विभाग ने इसे हिमाचल में आयोजित किया, ताकि स्थायी पर्यटन और ग्रीन टूरिज्म को बढ़ावा दिया जा सके। आयोजन का आउटकम केंद्रीय मंत्रालय को रिपोर्ट के रूप में प्रस्तुत किया जाएगा।

### वेद व्यास परिसर में मनाया जनजातीय गौरव दिवस

**अनंत ज्ञान, परागपुर।** केंद्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय बलाहर के वेदव्यास परिसर में जनजातीय गौरव दिवस का आयोजन किया गया, जो भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती के अवसर पर स्वतंत्रता संग्राम में जनजातीय नायकों के योगदान को सम्मानित करने के लिए किया गया। मुख्यातिथि डीसी हेमराज बैरवा ने प्रतियोगिताओं में बच्चों का उत्साहवर्धन किया और जनजातीय समाज की शिक्षा, स्वास्थ्य, आजीविका व सांस्कृतिक विरासत को मजबूत करने में केंद्र एवं राज्य सरकारों की प्रतिबद्धता रेखांकित की। कार्यक्रम की अध्यक्षता निदेशक प्रो. सत्यम कुमारी ने की।

### केसीसीबी के डायरेक्टर के बेटे का निधन

**अनंत ज्ञान, डाडासीबा।** अप्पर भलवाल गांव के निवासी और कांगड़ा सेंट्रल बैंक के डायरेक्टर लेखराज कंवर के 42 वर्षीय पुत्र विवेक कंवर का आकस्मिक निधन हो गया। विवेक वर्तमान में लाग स्कूल में बतौर हेडमास्टर अपनी सेवाएं दे रहे थे। उनके निधन की सूचना मिलते ही पूरे क्षेत्र में शोक की लहर है।

# शीत सत्र के लिए सुरक्षा और यातायात व्यवस्था का खाका तैयार

## भारत-साउथ अफ्रीका टी-20 मैच को लेकर 22 को होगी अहम बैठक

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

**धर्मशाला** के तपोवन में स्थित विधानसभा भवन में शीत सत्र का आयोजन 26 नवंबर से 5 दिसंबर तक किया जाएगा। इसके लिए जिला प्रशासन तैयारियों में जुटा है। जिला प्रशासन ने सत्र के लिए सुरक्षा व यातायात व्यवस्था का खाका तैयार कर लिया है।

**शीत सत्र को लेकर अग्निशमन विभाग के 16 कर्मचारी तैनात रहेंगे**

वहीं, अगले माह होने वाले भारत-साउथ अफ्रीका टी-20 मैच को लेकर भी तैयारियां चल रही हैं। मैच को लेकर 22 नवंबर को अहम बैठक आयोजित की जाएगी, जिसमें मैच से संबंधित विभिन्न बिंदुओं पर विस्तृत चर्चा की जाएगी। जिला प्रशासन इन दोनों महत्वपूर्ण आयोजनों को ध्यान में रखकर तैयारियों में जुटा हुआ है। शीत सत्र के दौरान जहां प्रदेशभर के लोग धर्मशाला में सीएम सहित मंत्रियों, विधायकों से मिलने पहुंचते हैं। शीत सत्र हो या मैच सुरक्षा के लिहाज से धर्मशाला के चप्पे-चप्पे पर पुलिस जवान तैनात रहते हैं, साथ ही इस दौरान जाम की स्थिति न बने, इसके लिए भी पहले से तैयारी सुनिश्चित की जाती है। वहीं, शीतकालीन सत्र को लेकर अग्निशमन विभाग के 16 कर्मचारी कर्मचारी तैनात रहेंगे। जोरावर स्टेडियम व तपोवन विधानसभा परिसर के समीप दो अग्निशमन वाहनों को कर्मचारियों सहित अलर्ट मोड पर रखे जाएंगे। अग्निशमन विभाग धर्मशाला के अधिकारी कर्मचंद कश्यप ने बताया कि सत्र की तैयारियों के तहत बुधवार को अग्निशमन विभाग द्वारा विधानसभा परिसर का दौरा कर अंदर व बाहर के अग्निशमन यंत्रों का निरीक्षण किया गया है। उन्होंने बताया कि विभाग की ओर से सारी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं।

### 22 को तैयारियों के विभिन्न बिंदुओं पर होगी चर्चा : डीसी

**डीसी** कांगड़ा हेमराज बैरवा ने कहा कि धर्मशाला स्टेडियम में 14 दिसंबर को होने वाले टी-20 मैच के लिए 22 नवंबर को को-आर्डिनेशन मीटिंग का आयोजन किया जाएगा। इसमें मैच की तैयारियों के विभिन्न बिंदुओं पर चर्चा की जाएगी। हमारा प्रयास रहेगा कि हर बार की तरह इस बार भी क्रिकेट प्रेमियों को सुविधाजनक तरीके से मैच देखने का मौका मिले। शीत सत्र को लेकर डीसी कांगड़ा ने कहा कि सत्र में भाग लेने आने वाले विधायकों, मंत्रियों, अधिकारियों, विधानसभा सचिवालय अधिकारियों के ठहरने की व्यवस्था की जा रही है। शीत सत्र को लेकर विधानसभा अध्यक्ष की अध्यक्षता में एक बैठक आयोजित की जा चुकी है। वहीं, जिला प्रशासन भी तैयारियों को लेकर बैठक कर चुका है। विधानसभा परिसर की साफ-सफाई कार्य को किया जा रहा है। सत्र के दौरान यातायात व सुरक्षा व्यवस्था को लेकर विस्तृत चर्चा कर खाका तैयार कर लिया गया है।

## 'भारत को जानो' प्रतियोगिता में एंजल स्कूल भवारना प्रथम



प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र और स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया।

**राकेश डोगरा, अनंत ज्ञान**

**डरोह।** भारत विकास परिषद की भवारना शाखा ने विवेका फाउंडेशन स्कूल में भारत को जानो प्रतियोगिता का आयोजन किया। प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता के सीनियर और जूनियर स्तर में 7 स्कूलों के 28 बच्चों ने भाग लिया। जूनियर लेवल में एंजल पब्लिक स्कूल ने प्रथम, रेनबो वर्ल्ड स्कूल ने द्वितीय और विवेका फाउंडेशन स्कूल ने तृतीय स्थान हासिल किया। वहीं, सीनियर लेवल में रेनबो वर्ल्ड स्कूल पहले, धौलाधार कॉन्वेंट दूसरे तथा पारस पब्लिक स्कूल तीसरे स्थान पर रहा। मुख्यातिथि के रूप में उपस्थित एचडीएफसी बैंक भवारना शाखा के प्रबंधक मनीष कुमार ने भारत विकास परिषद की प्रसंशा की। परिषद के पूर्व प्रांत अध्यक्ष कमल सूद प्रतियोगता में बतौर पर्यवेक्षक शामिल हुए। परिषद के प्रदेश के संरक्षक कुमुद मेहता, पारस पब्लिक स्कूल के निदेशक महेश कटोच, प्रिंसिपल नीलम राणा तथा कैंब्रिज स्कूल के प्रिंसिपल अनिल राणा विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। विजेता टीमों को पुरस्कृत करने के अलावा सभी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र और स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।

## रोजमैरी स्कूल में मेधावी विद्यार्थी किए सम्मानित



रोजमैरी पब्लिक स्कूल में वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह आयोजित किया।

**शिव गुलेरिया, अनंत ज्ञान**

**देहरा।** रोजमैरी पब्लिक स्कूल हरिपुर में वार्षिक परितोषिक वितरण समारोह का आयोजन किया गया। इस मौके पर सेवानिवृत्त मुख्याध्यापक राजिंद्र सिंह ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। कक्षा एक से लेकर जमा दो तक के विद्यार्थियों ने अपनी प्रस्तुतियां दी। इसके बाद मेधावी विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। मुख्यातिथि ने विद्यार्थियों द्वारा दी गई प्रस्तुतियों की सराहना की। उन्होंने विद्यार्थियों के प्रोत्साहन के लिए नकद धनराशि देने की घोषणा की। प्रधानाचार्य विवेक कौंडल ने वार्षिक रिपोर्ट रखी। उन्होंने कहा कि कई विद्यार्थियों ने शिक्षा, चिकित्सा व आईटी क्षेत्र में अपना नाम रोशन किया है। दिल्ली एम्स में बतौर नर्सिंग ऑफिसर के रूप में कार्यरत सुचिता राणा, मानवी विश जिनका चयन नामी आईटी कम्पनी इंफोसिस के लिए हुआ है, को सम्मानित किया गया। निशांत जो वर्तमान में भारतीय नौसेना में अपनी सेवाएं दे रहे हैं, के परिजनों को सम्मानित किया। कन्नव जो वर्तमान में मर्चेंट नेवी में सेवारत हैं, उनको सम्मानित किया गया।

## हिमाचल में पहली बार सड़कों पर उतरेंगे वरिष्ठ नागरिक, 28 को जोरावर स्टेडियम में करेंगे प्रदर्शन

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**



प्रेसवार्ता करते भारतीय राज्य पेंशनर्स महासंघ के वरिष्ठ उपाध्यक्ष घनश्याम।

**प्रदेश** में पहली बार वरिष्ठ नागरिक यानी पेंशनर्स सड़कों पर उतरने जा रहे हैं। 28 नवंबर को शीतकालीन सत्र के दौरान प्रदेशभर के पेंशनर्स तपोवन के समीप जोरावर स्टेडियम में सरकार के खिलाफ प्रदर्शन कर विधानसभा का घेराव कर सरकार को मांगों से अवगत करवाया जाएगा। इसके बावजूद सरकार मांगों पर सकारात्मक रुख नहीं अपनाती है तो प्रदेश के पेंशनर्स राज्यपाल से मिलकर प्रदेश में राष्ट्रपति शासन लगाने की मांग करेंगे।

प्रदेश सरकार ने तीन साल के कार्यकाल में जो कर्ज लिया है, उसकी सीबीआई जांच करवाने की मांग केंद्र सरकार से की जाएगी। यह बात वरिष्ठ उपाध्यक्ष, भारतीय राज्य पेंशनर्स महासंघ घनश्याम शर्मा ने बुधवार को धर्मशाला में प्रेसवार्ता में कही। उन्होंने कहा कि सरकार के पास माननीयों के वेतन भत्ते बढ़ाने को तो पैसे हैं, लेकिन कर्मचारियों व पेंशनर्स को समय पर वेतन व पेंशन देने के पैसे नहीं हैं। उन्होंने कहा कि सरकार तीन साल का जश्न मनाने जा रही है, लेकिन शायद सरकार यह भूल गई है कि जश्न अच्छे काम का मनाया जाता है, न कि विफलताओं का। घनश्याम शर्मा ने कहा कि उन्हें 35 वर्ष का कार्य संगठन में कार्य करते हुए बीत चुका है, लेकिन ऐसी नौबत पहले कभी नहीं आई, जिस तरह की नौबत वर्तमान कांग्रेस सरकार ने प्रदेश में लाकर खड़ी कर दी है। आलम यह है कि पहली बार पेंशनर्स को ज्वाइंट एक्शन कमेटी बनाने को मजबूर होना पड़ा, जिससे मित्र मंडली से घिरी सरकार को जगाया जा सके। उन्होंने कहा कि यदि प्रदेश की वित्तीय स्थिति ठीक नहीं है तो सरकार को इस बारे श्वेतपत्र जारी करना चाहिए, लेकिन सरकार इससे गुरेज कर रही है। द्वन्होंने आरोप लगाया कि प्रदेश सरकार नई भर्तियों में मित्र शब्द जोड़कर युवाओं को गुमराह कर रही है, जबकि ऐसे कर्मचारी दो वर्ष बाद सड़कों पर होंगे, जैसे आज कर्मचारी और पेंशनर्स मजबूर हैं। सरकार तीन द्वद्व4 से पेंशनर्स के मेडिकल बिलों का भुगतान नहीं कर पाई है। साथ ही तीन साल में लिए गए लोन की खर्च जानकारी सार्वजनिक न होने पर सीबीआई जांच की मांग उठाई गई।

## टोंगलेन ट्रस्ट ने बदली सैकड़ों बच्चों की जिंदगी: आरएस बाली

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** प्रदेश पर्यटन विकास निगम के अध्यक्ष व पर्यटन विकास बोर्ड के उपाध्यक्ष (कैबिनेट रैंक) एवं विधायक आरएस बाली ने बुधवार को धर्मशाला के सराह में टोंगलेन चैरिटेबल ट्रस्ट के 21वें स्थापना दिवस पर आयोजित वार्षिक समारोह में बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। उन्होंने कहा कि कहा कि टोंगलेन चैरिटेबल ट्रस्ट के संस्थापक भिक्षु जामयांग ने अपनी टीम के साथ झुग्गी झोपड़ी के बच्चों और उनके परिवारों के उत्थान के लिए अपना पूरा जीवन समर्पित करके समूचे समाज को एक नई प्रेरणा दी है। उन्होंने कहा कि टोंगलेन चैरिटेबल ट्रस्ट में बच्चों को संस्कारों के साथ गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान की जाती है। यहां के बच्चे प्रतिभा, अनुशासन और आत्मविश्वास में किसी से कम नहीं हैं। संस्था का उद्देश्य सामाजिक रूप से पिछड़े वर्ग के बच्चों को बेहतर भविष्य देना है। आरएस बाली ने इस अवसर पर टोंगलेन में कैंटीन का शुभारंभ किया, जिससे विद्यार्थियों और स्टाफ को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध होंगी। उन्होंने टोंगलेन चैरिटेबल ट्रस्ट को 5 लाख रुपए देने की भी धोषणा की। इस अवसर पर टोंगलेन स्कूल के बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए।

## धर्मशाला में आपदा प्रबंधन पर अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन 3 से

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** प्रदेश विश्वविद्यालय, क्षेत्रीय केंद्र धर्मशाला में 3 और 4 दिसंबर को आपदा प्रबंधन पर दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन आयोजित किया जाएगा। सम्मेलन का उद्देश्य आपदा प्रबंधन के नवीन रुझान, तकनीकी हस्तक्षेप और सामुदायिक सहभागिता के मॉडल पर वैश्विक विचार-विमर्श करना है। उद्घाटन सत्र, विशेषज्ञ व्याख्यान, शोध पत्र प्रस्तुतीकरण और तकनीकी सत्र 3 दिसंबर को ऑफलाइन, जबकि 4 दिसंबर को ऑनलाइन माध्यम से होंगे। इच्छुक विद्वान और शोधार्थी 28 तक अपने शोध सारांश और शोध-पत्र भेज सकते हैं।

### सालगिरह मुबारक



भवारना लोअर बाजार के अंकित नरयाल व नेहा को शादी की 5वीं सालगिरह पर 'अनंत ज्ञान' परिवार की ओर से हार्दिक शुभकामनाएं।

## शहरी निकायों को डेटा उपलब्ध कराने के निर्देश

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** जिला कांगड़ा में जिला पर्यावरण योजना के क्रियान्वयन के लिए जिला प्रशासन ने सभी शहरी स्थानीय निकायों को आवश्यक डेटा उपलब्ध करवाने के निर्देश जारी किए हैं। योजना में ठोस अपशिष्ट प्रबंधन, प्लास्टिक कचरा नियंत्रण, सड़क सफाई, डोर-टू-डोर कलेक्शन और अपशिष्ट प्रसंस्करण जैसे पर्यावरणीय मापदंड शामिल हैं। सहायक पर्यावरण अभियंता, हिमाचल प्रदेश राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, इंजीनियर वरुण गुप्ता ने उपायुक्त कार्यालय के एनआईसी सभागार में वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से बैठक में बताया कि संबंधित विभाग नवीनतम प्रगति रिपोर्ट, अवसंरचना की स्थिति और उपलब्ध संसाधनों की जानकारी शीघ्र अपडेट करें। सभी एसडीएम और विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## विद्यार्थियों को बताए तंबाकू के दुष्प्रभाव

**अनंत ज्ञान, बैजनाथ।** भारती विद्यापीठ सीनियर सेकेंडरी स्कूल बैजनाथ में तंबाकू मुक्त युवा अभियान 3.0 के तहत खंड चिकित्सा अधिकारी महाकाल डॉ. दिलावर देओल के दिशानिर्देश में जागरूकता कैंप आयोजित किया गया। डॉ. अभिषेक ठाकुर और खंड स्वास्थ्य पर्यवेक्षक रवि स्याल ने विद्यार्थियों को तंबाकू के दुष्प्रभावों के बारे में जानकारी दी। रवि स्याल ने बताया कि तंबाकू का उपयोग हृदय, फेफड़े, पेट संबंधी रोगों और प्रजनन क्षमता पर गंभीर प्रभाव डालता है। युवाओं को नशे से दूर रहने और स्वस्थ जीवन शैली अपनाने की अपील की गई।

## नारा लेखन स्पर्धा में नैंसी और पायल प्रथम

**अनंत ज्ञान, डरोह।** महाराजा संसार चंद स्मारक राजकीय महाविद्यालय थुरल में सड़क सुरक्षा जागरुकता अभियान के तहत नारा लेखन, वाद-विवाद और पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया, जिसमें 35 प्रतियोगियों ने भाग लिया। नारा लेखन में नैंसी-पायल प्रथम, साइना-शिवानी द्वितीय और प्रियंका-अंशु तृतीय रहे। भाषण में दिव्यांश प्रथम और प्रश्नोत्तरी में तनु-रजनी प्रथम रहे। मुख्यातिथि प्रो. राका शर्मा ने बच्चों को सड़क सुरक्षा नियमों, सीट बेल्ट, हेलमेट और बाईं ओर चलने के महत्व की जानकारी दी।

## विधायक किशोरी ने स्टूडेंट्स को किया सम्मानित

**जितेंद्र कौशल, अनंत ज्ञान, बैजनाथ।** राजकीय आदर्श वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय संसाल और राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय लनौड में वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह का आयोजन किया गया। मुख्यातिथि बैजनाथ विधानसभा क्षेत्र के विधायक किशोरी लाल ने विद्यार्थियों को उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन, अनुशासन और प्रतिभा के आधार पर पुरस्कार प्रदान किए। उन्होंने शिक्षकों व विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, व्यावहारिक और नैतिक शिक्षा पर जोर देने के साथ नशे से दूर रहने का आह्वान किया। विद्यालयों को प्रोत्साहन स्वरूप 11-11 हजार रुपए देने की घोषणा की गई।

## 'हमारा शौचालय, हमारा भविष्य' अभियान पर बैठक

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** कांगड़ा जिले में 19 नवंबर से 10 दिसंबर तक चल रहे हमारा शौचालय, हमारा भविष्य अभियान के सफल संचालन के लिए बैठक आयोजित की गई। अतिरिक्त उपायुक्त विनय कुमार ने खंड विकास अधिकारियों एवं संबंधित कर्मचारियों को सैनेटरी कॉम्प्लेक्स की मरम्मत, जन-जागरूकता और शौचालय निर्माण कार्य समय पर पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने स्वच्छता, मरम्मत, सौंदर्यीकरण और सामुदायिक भागीदारी पर विशेष जोर देते हुए अभियान को प्रतिबद्धता और समर्पण के साथ सफल बनाने का आह्वान किया।

## ढाटी स्कूल के विद्यार्थियों ने नाटी, गिद्दा से लूटी वाहवाही



वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह में मेधावी विद्यार्थी किए सम्मानित।

**अनंत ज्ञान, डरोह**

**ढाटी** स्कूल में वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह आयोजित किया गया। हिमाचल प्रदेश कृषि एवं ग्रामीण विकास बैंक के अध्यक्ष संजय सिंह चौहान ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। बच्चों ने भांगड़ा, नाटी, गिद्दा, कब्बाली आदि पर नृत्य किया। साथ ही बच्चों ने नशे पर व्याख्यान भी दिया। बच्चों द्वारा सोशल मीडिया नाटिका प्रस्तुत की गई। प्रधानाचार्या अंजू शर्मा ने स्कूल की वार्षिक रिपोर्ट पढ़ी। उन्होंने विद्यालय में घटती जनसंख्या पर भी चिंता जताई। उन्होंने स्कूल में अध्यापकों के तीन चल रहे रिक्त पदों के बारे में कहा। मुख्यातिथि ने शिक्षा के क्षेत्र में अव्वल आए विद्यार्थियों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। साथ ही अन्य गतिविधियों में प्रथम रहे बच्चों को भी स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। इस दौरान एसएमसी प्रधान, निक्का राम, पवन कुमार व सदस्य भी इस कार्यक्रम में उपस्थित रहे। उन्होंने सभी बच्चों को नशे से दूर रहने के लिए कहा। इस दौरान आसपास की पंचायतों के प्रधान, सेवानिवृत्त प्रधानाचार्य व स्कूल स्टाफ मौजूद रहा।

## औषधीय व सुगंधित पौधों के सतत उपयोग व संभावनाओं पर दिया जोर

**अजय पाल, अनंत ज्ञान, पालमपुर।** सीएसआईआर-हिमालय जैवसंपदा प्रौद्योगिकी संस्थान, पालमपुर में दो दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया, जिसमें हिमालय में सतत विकास और तकनीकी नवाचारों की भूमिका पर विशेष ध्यान दिया गया। संस्थान के निदेशक डॉ. सुदेश कुमार यादव ने चंबा क्षेत्र में जैव संसाधनों के समावेशी विकास के अवसरों पर प्रकाश डाला और सीएसआईआर के एरोमा एवं फ्लोरीकल्चर मिशनों की भूमिका को रेखांकित किया, जो क्षेत्र की जैव-अर्थव्यवस्था को बढ़ावा दे रहे हैं।

**सीएसआईआर-हिमालय जैवसंपदा प्रौद्योगिकी संस्थान में दो दिवसीय कार्यशाला**

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि, सीएसआईआर-केंद्रीय औषधीय एवं सगंध पौधा संस्थान, लखनऊ के निदेशक डॉ. प्रबोध कुमार त्रिवेदी ने संस्थान की सराहना करते हुए हिमालय को पौधों का भंडार बताया और औषधीय व सुगंधित पौधों के सतत उपयोग एवं संभावनाओं पर जोर दिया। उन्होंने एरोमा मिशन में टीमवर्क और इसके राष्ट्रीय विज्ञान पुरस्कार 2025 से सम्मानित होने की जानकारी साझा की। कार्यशाला में मोहन दत्त शर्मा, एचएएस, महिला एवं बाल विकास निदेशालय, शिमला विशेष अतिथि रहे। पहले दिन वैज्ञानिकों, छात्रों, किसानों और उद्योग जगत के प्रतिभागियों ने विचार-विमर्श और प्रस्तुतियां दीं। चंबा जिले से 150 से अधिक किसानों ने इस कार्यक्रम में सक्रिय भागीदारी निभाई।

## जोनल अस्पताल में भरे रिक्त पद, लोगों को मिली राहत

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

**जिला** मुख्यालय धर्मशाला स्थित जोनल अस्पताल में डॉक्टरों के पिछले लंबे समय से रिक्त पदों को भरे जाने से क्षेत्र के लोगों को राहत मिलेगी। जानकारी के अनुसार, पिछले करीब एक साल माह से रिक्त पड़े एमडी मेडिसिन के पद पर चिकित्सक ने ज्वॉइन कर लिया है।

**मेडिसिन के मरीजों को सामान्य ओपीडी के बजाय मिलेंगी विशेषज्ञ सेवाएं**

वहीं, आठ माह से रिक्त एमडी फोरेंसिक तथा करीब छह माह से रिक्त पड़े ईएनटी स्पेशिलस्ट के पद पर भी ज्वॉइनिंग हो गई है। सर्जन तथा गायनोलॉजिस्ट की भी तैनाती हुई है। अब जोनल अस्पताल में आम मरीजों की सुविधा के लिए ज्यादातर विशेषज्ञ डॉक्टर उपलब्ध रहेंगे।

अब मेडिसिन के मरीजों को पहले की तरह सामान्य ओपीडी के बजाए विशेषज्ञ चिकित्सकों से उपचार मिल पाएगा। पिछले एक साल से जोनल अस्पताल धर्मशाला में रिक्त पड़े एमडी फोरेंसिक के पद पर चिकित्सक की नियुक्ति से पोस्टमार्टम के कई जटिल मामलों में मदद मिल पाएगी।

> **अस्पताल** में रिक्त पदों में से कुछ पदों पर विशेषज्ञ चिकित्सकों की नियुक्ति हुई है, जिनमें ईएनटी स्पेश्लिस्ट, एमडी फॉरेंसिक, एमडी मेडिसीन के अलावा गायनोलॉजिस्ट तथा सर्जन शामिल हैं। ज्यादातर विशेषज्ञ चिकित्सकों ने अपना कार्यभार संभाल लिया है। इससे क्षेत्र के मरीजों को काफी लाभ मिलेगा।
>
> **-डॉ. अनुराधा शर्मा, चिकित्सा अधीक्षक, जोनल अस्पताल धर्मशाला**

## बच्चों ने स्वच्छता अभियान चलाया

**अनंत ज्ञान, देहरा।** नगरोटा सूरियां कॉलेज में बुधवार को राष्ट्रीय सेवा योजना का सात दिवसीय वर्ग प्रारंभ हुआ। इस वर्ग में 50 विद्यार्थी भाग ले रहे हैं। यह कैंप प्रो. अभिषेक पॉल एवं प्रो. प्रिया के मार्गदर्शन में सम्पन्न करवाया जा रहा है। कैंप के पहले दिन बच्चों ने महाविद्यालय परिसर में स्वच्छता अभियान चलाया एवं धूम्रपान के विरुद्ध बनतुंगली गांव में प्रचार किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. उपेन्द्र शर्मा रहे। उन्होंने उन्होंने बच्चों को समाज सेवा से जुड़कर अपने व्यक्तित्व को उभारने का आह्वान किया।

## एमकेएम स्कूल के स्टूडेंट्स ने राष्ट्रपति से की मुलाकात



**अशोक ठाकुर, अनंत ज्ञान**

**इंदौरा।** एमकेएम पब्लिक स्कूल भद्रोया के स्टूडेंट्स को बाल दिवस पर नई दिल्ली स्थित राष्ट्रपति भवन में आयोजित विशेष कार्यक्रम में महामहिम राष्ट्रपति से मिलने का गौरव प्राप्त हुआ। चयनित छात्र कार्यक्रम में शामिल हुए, जहां उन्होंने महामहिम से वार्ता की और अपना परिचय प्रस्तुत किया। राष्ट्रपति ने छात्रों को बाल दिवस की शुभकामनाएं देते हुए शिक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन और अनुशासन बनाए रखने के लिए प्रेरित किया। इस विशेष अवसर पर राष्ट्रपति ने बच्चों को स्मृति स्वरूप उपहार भी प्रदान किए। विद्यालय प्रबंधन ने इस उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि यह अनुभव छात्रों के जीवन में नई ऊर्जा, आत्मविश्वास और प्रेरणा का संचार करेगा।

## पर्यटन सीजन में भी वीरान मैक्लोडगंज सड़कें बनीं बड़ी बाधा

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** पर्यटन नगरी मैक्लोडगंज इस बार पर्यटन सीजन में भी सन्नाटा पसरा हुआ है। होटल और रेस्टोरेंट एसोसिएशन स्मार्ट सिटी धर्मशाला के अध्यक्ष राहुल धीमान का कहना है कि खराब रोड कनेक्टिविटी इसकी सबसे बड़ी वजह है। पर्यटकों को अब मैक्लोडगंज पहुंचने में पहले से दोगुना समय लग रहा है, जिससे वे अन्य स्थानों का रुख कर रहे हैं। इसका असर स्थानीय होटल, रेस्टोरेंट और पर्यटन आधारित कारोबार पर भारी पड़ा है। एसोसिएशन के उपाध्यक्ष सुरेंद्र शर्मा ने बताया कि डेढ़-दो वर्ष पहले इसी समय होटल भरे रहते थे, लेकिन अब हालात बेहद खराब हैं। जर्जर सड़कें और कमजोर इंफ्रास्ट्रक्चर से पर्यटकों की संख्या लगातार घट रही है, और कई होटल मालिकों के लिए लोन की किश्तें चुकाना भी मुश्किल हो गया है। लोगों का कहना है कि जब तक सड़क व्यवस्था और बुनियादी सुविधाओं में सुधार नहीं होगा, तब तक पर्यटन राजधानी का सपना अधूरा ही रहेगा।

# सहकारिता दिवस
## की हार्दिक शुभकामनाएं

बिन सहकार नहीं उद्धार

---

### THE RORI-KORI CO-OP AGRI. SERVICE SOCIETY L.T.D.

डाकघर चनौर, तह. देहरा जिला कांगड़ा (हि.प्र.)

की तरफ से सहकारिता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं



शुभम कुमार (सचिव)

---

### दी बग्गा सहकारी कृषि सेवा समिति

डाकघर बग्गी, तहसील ,खुंडिया, जिला कांगड़ा (हि.प्र.)

प्रबंधक कमेटी
प्रधान ज्ञान चंद, उपप्रधान मदन लाल
सदस्य विजय कुमार, कीकर सिंह
प्रशोत्तम सिंह,



तिलक राज (सचिव)

---

### दी हबड़ोल सहकारी कृषि सेवा समिति

डाकघर लगड़ु, तहसील खुंडिया, जिला कांगड़ा (हि.प्र.)

प्रबंधक कमेटी
प्रधान राय सिंह, उपप्रधान खीतू राम,
सदस्य अमर सिंह, सदस्य कर्म सिंह,
सदस्य मंजूवाला, विक्रेता मंजीत, चौकीदार लोचन



दिशांत सांगल (सचिव)

---

### दी डोला खरियाना कृषि सेवा सहकारी समिति

डाकघर डोला, तहसील खुंडिया, जिला कांगड़ा (हि.प्र.)

प्रबंधक कमेटी
प्रधान सतीश कुमार, उपप्रधान प्रकाश चंद
सदस्य रतन चंद, सुरजीत कुमार, मान चंद
विक्रेता कुमना कुमारी



नरेश कुमार (सचिव)

---

### THE NAGAL CHOWK CO-OP AGRI. SERVICE SOCIETY L.T.D.

डा. व तहसील डाडासीबा, जिला कांगड़ा (हि.प्र.)

की तरफ से सहकारिता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

MANAGING COMMITTEE
1. SH. RAJINDER KUMAR -PRESIDENT
2. SH. RAVINDER KUMAR -VISE PRESIDENT
3. SH. KAMAL DEV -CASHIER
4. SH. RAVIBRINDER NATH -MEMBER
5. SH. RAJESH KUMAR -MEMBER



नपिन्दर कुमार (सचिव)

---

REGD. NO. 74 DATE 04-06-1955

### THE BHALWAL CO-OP AGRI. SERVICE SOCIETY L.T.D.

तहसील डाडासीबा, जिला कांगड़ा (हि.प्र.)

की तरफ से सहकारिता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं



रजनीश कुमार (सचिव)

---

### दी जम्बल कृषि सेवा सहकारी सभा समिति

डाकघर जम्बल, तहसील हरिपुर, जिला कांगड़ा (हि.प्र.)

की तरफ से सहकारिता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं



नंदनी कुमारी (सचिव)

---

### दी बीहण कृषि सेवा सहकारी सभा सीमित

तहसील डाडासीबा, जिला कांगड़ा (हि.प्र.)

की तरफ से सहकारिता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

जारीकर्ता (सचिव)

---

### दी ढलियारा विशालाकार सहकारी कृषि सेवा सभा समिति

डा. ढलियारा, तहसील देहरा जिला कांगड़ा (हि.प्र.)

की तरफ से सहकारिता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

प्रदीप कुमार, सचिव



रणवीर सिंह प्रधान

---

### दी स्नोट कृषि सेवा सहकारी सभा सीमित

डा. व तहसील देहरा, जिला कांगड़ा (हि.प्र.)

की तरफ से सहकारिता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं



राज कृष्ण (सचिव)

---

### दी बोंगता कृषि सेवा सहकारी सभा सीमित

डा. बोंगता, तह. देहरा, जिला कांगड़ा (हि.प्र.)

श्रेणी - AA

सहकारिता के क्षेत्र में 30 करोड़ की ओर अग्रसर

प्रबंधक कमेटी
राज कुमार प्रधान
हंसराज उपप्रधान
पवन कुमार कोषाध्यक्ष
सदस्यः- सचिन परमार, प्यार चंद, विक्रेता नवींद्र सिंह
चौकरीदार दलजीत सिंह
विशेषः हमारी सभा डाकघर व बैंकों से अधिक सुविधा देता है।



परमजीत सिंह (सचिव)

---

### दी खैरियां कृषि सेवा सहकारी सभा मतेहड़

डाकघर खैरियां, तहसील हरिपुर, जिला कांगड़ा (हि.प्र.)

की तरफ से सहकारिता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

प्रधान : कश्मीर गुलेरिया



नीलाक्षी (सचिव)

---

### दी खन्नी कृषि सेवा सहकारी सभा समिति

गांव व डा. खन्नी, तहसील नूरपुर, जिला कांगड़ा (हि.प्र.)

की तरफ से सहकारिता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

सचिव -रविन्द्र सिंह पठानिया
प्रधान - प्रवेश कुमार
उपप्रधान - मघर सिंह



रविन्द्र सिंह पठानिया (सचिव)

---

### दी परगना कृषि सेवा सहकारी सभा सीमित

तहसील नूरपुर, जिला कांगड़ा (हि.प्र.)

की तरफ से सहकारिता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

रजत सिंह (सचिव)

---

### दी ग्योरा कृषि सेवा सहकारी सभा सीमित

तहसील नूरपुर, जिला कांगड़ा (हि.प्र.)

प्रबंधक कमेटी
कर्ण सिंह प्रधान
करतार सिंह उपप्रधान
शाम सिंह कोषाध्यक्ष
सदस्यः- जसवन्त सिंह, रत्न चंद, बुद्धि सिंह, करनैल सिंह, खेम सिंह, केवल कृष्ण



राजिंद्र सिंह (सचिव)

---

### दी काथल कृषि सहकारी सभा समिति

तहसील नूरपुर जिला कांगड़ा (हि.प्र.)

की तरफ से सहकारिता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

नरेश कुमार (सचिव)

---

### दी सुतराहड़ कृषि सेवा सहकारी सभा सीमित

तहसील नूरपुर, जिला कांगड़ा (हि.प्र.)

की तरफ से सहकारिता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं



मनजीत सिंह (सचिव)

---

### दी नवयुग सहकारी उपभोक्ता भण्डार समिति

डा. पंजाहड़ा, तहसील नूरपुर, जिला कांगड़ा (हि.प्र.)

की तरफ से सहकारिता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं



रघुवीर सिंह (सचिव)

---

### दी गुरियाल कृषि सेवा सहकारी सभा सीमित, स्थित राजा का तालाब

तहसील फतेहपुर, जिला कांगड़ा (हि.प्र.)

की तरफ से सहकारिता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

जारीकर्ता (सचिव)

---

### दी गारन कृषि सेवा सहकारी सभा सीमित

तहसील फतेहपुर, जिला कांगड़ा (हि.प्र.)

की तरफ से सहकारिता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

मदन लाल (सचिव)

## न्यूज ब्रीफ

### पूर्व पीएम स्व. इंदिरा गांधी को दी श्रद्धांजलि

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** भारत की प्रथम महिला प्रधानमंत्री स्वर्गीय इंदिरा गांधी की जयंती पर राजीव गांधी पंचायती राज संगठन सदर के पदाधिकारियों ने ग्राम पंचायत ननवा के बलोही गांव में श्रद्धांजलि अर्पित की। कार्यक्रम में ब्लॉक अध्यक्ष प्रकाश चंदेल, उपाध्यक्ष बिशन सिंह ठाकुर, नंदलाल वर्मा, अंजना ठाकुर, जिला उपाध्यक्ष धर्मपाल शर्मा, रिटायर्ड वन अधिकारी हरनाम सिंह, प्रथम स्वतंत्रता सेनानी चंदो देवी ठाकुर हीरापाल सिंह तथा पूर्व प्रदेश कांग्रेस सचिव हीरापाल सिंह मौजूद रहे। नेताओं ने इंदिरा गांधी के राष्ट्रीय योगदान, बैंक राष्ट्रीयकरण, बांग्लादेश निर्माण और देश की अखंडता व सुरक्षा को सुदृढ़ करने वाली उनकी भूमिका को याद किया। इस दौरान संगठन ने गांव बलोही से ननवा तक सड़क पर ब्लैकटॉप न होने से उत्पन्न धूल और प्रदूषण की समस्या उठाई। एसडीओ बेरी से बातचीत के बाद बताया गया कि सड़क का टेंडर हो चुका है और तकनीकी दिक्कत दूर होते ही कार्य प्रारंभ कर दिया जाएगा।

### मंत्री को बताईं सलूणी कॉलेज की समस्याएं

**अनंत ज्ञान, सलूणी।** सर्किट हाउस चंबा में लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह से राजकीय महाविद्यालय सलूणी के पीटीए अध्यक्ष दिनेश राणा ने मुलाकात कर कॉलेज परिसर की सुरक्षा व विकास से जुड़ी महत्वपूर्ण मांगों को उठाया। दिनेश राणा ने बताया कि हाल में आई भारी आपदा के दौरान राजकीय महाविद्यालय सलूणी की एक बड़ी हिस्से की भूमि धंस गई है, जिससे कॉलेज परिसर को गंभीर खतरा पैदा हो गया है। उन्होंने मंत्री के समक्ष मांग रखी कि कॉलेज परिसर की सुरक्षा के लिए तुरंत ब्रेस्ट वॉल और डंगा लगाया जाए। लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने सभी मांगों को ध्यानपूर्वक सुनते हुए आश्वासन दिया।

### शिक्षा सचिव की अधिकारियों संग बैठक आज

**अनंत ज्ञान, चंबा।** उपनिदेशक स्कूल शिक्षा उच्च विकास महाजन ने बताया कि हिमाचल प्रदेश शिक्षा विभाग के सचिव राकेश कंवर 20 नवंबर को प्रातः 10 बजे राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय चंबा में समस्त शिक्षा अधिकारियों के साथ उच्चस्तरीय बैठक की अध्यक्षता करेंगे। बैठक का मुख्य उद्देश्य कॉम्प्लेक्स स्कूलों के सुचारु संचालन, विद्या समीक्षा केंद्र के प्रभावी क्रियान्वयन व डाइस डेटा के प्रबंधन एवं गुणवत्ता सुनिश्चित करने संबंधी विषयों पर विस्तृत चर्चा रहेगा। उन्होंने यह भी बताया कि इस बैठक में जिला चंबा के सभी राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशालाओं के प्रधानाचार्य/कार्यवाहक प्रधानाचार्य, राजकीय उच्च पाठशालाओं के मुख्याध्यापक/कार्यवाहक मुख्याध्यापक, समस्त खंड प्रारंभिक शिक्षा अधिकारी तथा सेंटर हेड टीचर व्यक्तिगत रूप से भाग लेंगे।

### विधायक नीरज नैय्यर ने सुनी जनसमस्याएं

**अनंत ज्ञान, चंबा।** सदर चंबा के विधायक नीरज नैय्यर ने बुधवार को अपने निवास स्थान पर लोगों से रु-ब-रू होकर उनकी समस्याओं, शिकायतों और विकास संबंधी सुझावों को बड़े ध्यान से सुना। क्षेत्र के विभिन्न हिस्सों से पहुंचे लोगों ने सड़क, स्वास्थ्य, पेयजल, शिक्षा और स्थानीय सुविधाओं से जुड़े मुद्दे उनके समक्ष रखे। विधायक नीरज नैय्यर ने प्रत्येक समस्या पर गंभीरता से संज्ञान लेते हुए कहा कि जनता की समस्याओं का त्वरित समाधान और क्षेत्र के समग्र विकास के लिए हरसंभव प्रयास करना मेरा प्रथम कर्तव्य है। जनसेवा ही मेरे जीवन का उद्देश्य है।


### पुलिस ने महिला से बरामद की 274 ग्राम चरस

**अनंत ज्ञान, चंबा।** जिला पुलिस चंबा द्वारा 19 नवंबर को तीन अलग-अलग मामलों में अभियोग दर्ज किए गए हैं। पुलिस ने सभी मामलों में आवश्यक आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है। पुलिस थाना चोवाड़ी के तहत सीमा देवी निवासी भगोथा से 274 ग्राम चरस बरामद की गई। पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट की धारा 20 के अंतर्गत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। वहीं, थाना सदर के तहत शिकायतकर्ता राकेश कुमार निवासी पंजोह ने आरोप लगाया कि 18 नवंबर को जब वह घर जा रहा था, तो मनजू शर्मा निवासी ओबरी तथा एक अन्य व्यक्ति ने उसका रास्ता रोककर गाली-गलौच, मारपीट, जान से मारने की धमकी दी और पत्थरों से उसकी कार तोड़ दी। पुलिस ने विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर जांच तेज कर दी है। वहीं, एक हादसे में चालक की मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने मामला दर्ज कर लापरवाही को दुर्घटना का प्रमुख कारण बताया है।

# पीएमजीएसवाई-4 के तहत चंबा के लिए 553.68 करोड़ मंजूर : विक्रमादित्य

## कहा- राज्य के दूरदराज क्षेत्रों के लिए सड़क सुविधा सरकार की मुख्य प्राथमिकता

अजीत सिंह, अनंत ज्ञान



**डलहौजी।** लोक निर्माण तथा शहरी विकास विभाग मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने डलहौजी विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम पंचायत टप्पर में चकर से शेरपुर तक निर्माणाधीन सड़क के अपग्रेडेशन कार्य का विधिवत भूमि पूजन किया। इस सड़क निर्माण कार्य पर लगभग 7 करोड रुपए खर्च किए जा रहे हैं तथा इससे ग्राम पंचायत टप्पर की लगभग 1200 की आबादी लाभांवित होगी।

लोक निर्माण मंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार राज्य के दुर्गम व दूरदराज क्षेत्रों में कम आबादी वाले गांवों को भी सड़क सुविधा से जोड़ना राज्य सरकार की मुख्य प्राथमिकता है। चकर में आयोजित जनसभा को संबोधित करते हुए विक्रमादित्य सिंह ने जानकारी दी कि प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना-4 के तहत हिमाचल प्रदेश के लिए 1500 सड़कें स्वीकृत हुई हैं, जिन पर 2300 करोड़ पर खर्च किए जाएंगे। इसमें जिला चंबा के लिए 65 सड़कें स्वीकृत हुई हैं, जिन पर 553.68 करोड़ रुपए खर्च किए जाएंगे। पीएमजीएसवाई-4 के अंतर्गत भरमौर विधानसभा क्षेत्र की 29 सड़कों पर 290.19 करोड रुपए, भटियात विधानसभा क्षेत्र की 12 सड़कों पर 104.74 करोड़ रुपए, चंबा विधानसभा क्षेत्र की 14 सड़कों पर 81.24 करोड रुपए, चुराह विधानसभा क्षेत्र की 3 सड़कों पर 21.07 करोड रुपए तथा डलहौजी विधानसभा क्षेत्र की 7 सड़कों पर 56.44 करोड रुपए खर्च किए जाएंगे। उन्होंने बताया कि पीएमजीएसवाई-4 के तहत जिला चंबा में 327 किलोमीटर लंबी सड़कों का निर्माण किया जाएगा। मंत्री ने बताया कि बताया कि जिले में प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना-3 के अंतर्गत 17 सड़कें निर्मित की जा रही हैं, जिन पर 188 करोड रुपए खर्च किए जा रहे हैं। सीआरआईएफ के तहत 3 सड़कों के निर्माण पर 70 करोड़ रुपये तथा नाबार्ड के तहत निर्माणाधीन 12 सड़कों पर 107 करोड़ खर्च किए जा रहे हैं इस प्रकार जिला चंबा में सड़क निर्माण कार्यों पर 370 करोड़ रुपए खर्च किए जा रहे हैं जबकि हाल ही में पीएमजीएसवाई-4 के तहत 65 सड़कों के लिए 553 करोड रुपए की स्वीकृत राशि इसके अतिरिक्त है।

### मंत्री ने 'विजन डलहौजी' पुस्तक का किया विमोचन

**डलहौजी।** मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने सर्किट हाउस डलहौजी में आयोजित विशेष समारोह में नगर परिषद डलहौजी द्वारा तैयार की गई विकास रूपरेखा एवं भविष्योन्मुखी योजनाओं पर आधारित 'विजन डलहौजी' पुस्तक का भव्य विमोचन भी किया। कार्यक्रम में पूर्व मंत्री आशा कुमारी और कांग्रेस युवा नेता अमित भरमौरी भी विशेष रूप से उपस्थित रहे। पत्रकार वार्ता के दौरान लोक निर्माण विभाग के मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने कहा कि मानसून के दौरान प्रदेश में आई आपदा के बाद सरकार ने सकारात्मक दृष्टिकोण के साथ राहत और बहाली कार्यों को आगे बढ़ाया है। उन्होंने बताया कि इस अवधि में कई चुनौतियां सामने आईं, लेकिन इसके बावजूद सड़कों की बहाली, समय पर निर्माण कार्य और ग्रामीण क्षेत्रों को सुगम सड़क संपर्क प्रदान करने को प्राथमिकता दी गई।

# डलहौजी स्कूल में धूमधाम से मनाया वार्षिक समारोह



अनंत ज्ञान, डलहौजी

डलहौजी पब्लिक स्कूल ने गर्व से अपने वार्षिक पुरस्कार वितरण और अलंकरण समारोह का समापन किया। स्कूल को मुख्यातिथि के रूप में 24 राज राइफल के कमांडिंग ऑफिसर कर्नल सुधीर धनखड़ की मेजबानी करने का सौभाग्य मिला, जिनकी उपस्थिति ने दिन की गरिमा और प्रेरणा बढ़ा दी। भाषण प्रतियोगिता के फाइनल में प्रतिभागियों ने समसामयिक विषयों पर प्रभावशाली भाषण दिए, जिससे न केवल भाषा पर उनका अधिकार प्रदर्शित हुआ बल्कि विचारों को स्पष्टता और दृढ़ विश्वास के साथ व्यक्त करने की उनकी क्षमता भी प्रदर्शित हुई। इसके बाद पुरस्कार वितरण समारोह हुआ, जहां उत्कृष्ट छात्रों को उनकी उपलब्धियों के लिए सम्मानित किया गया। स्कूल ने गर्व से अपने स्कूल हेड ब्वॉय आरुष चौधरी और स्कूल हेड गर्ल हरमनजीत कौर के साथ-साथ सर्वश्रेष्ठ छात्रा बारहवीं कक्षा की तनीषा राजदान और सर्वश्रेष्ठ छात्र 12वीं कक्षा के कृशव महाजन की घोषणा की, जिनमें से सभी ने असाधारण समर्पण और नेतृत्व का उदाहरण दिया।

मुख्यातिथि ने कहा कि डलहौजी पब्लिक स्कूल उन युवा नागरिकों का पोषण कर रहा है, जो ईमानदारी, जिम्मेदारी और राष्ट्र के प्रति सेवा की गहरी भावना रखते हैं। समारोह का समापन मुख्यातिथि और अन्य व्यक्तियों के सम्मान में फेलोशिप लंच के साथ हुआ।

# करलोटी से एम्स बिलासपुर के लिए नई बस सेवा शुरू

अनंत ज्ञान, घुमारवीं

नगर एवं ग्राम नियोजन, आवास, तकनीकी शिक्षा, व्यावसायिक एवं औद्योगिक प्रशिक्षण मंत्री राजेश धर्माणी ने आज करलोटी क्षेत्र के लोगों की लंबे समय से चली आ रही मांग को पूरा करते हुए करलोटी से एम्स बिलासपुर के लिए नई बस सेवा का शुभारंभ किया। उन्होंने इस नई बस सेवा को हरी हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

इस नई बस सेवा के शुरू हो जाने पर स्थानीय लोगों में अत्यधिक उत्साह देखा गया। ग्रामीणों एवं स्थानीय पंचायत प्रतिनिधियों ने इस महत्वपूर्ण बस सुविधा के लिए तकनीकी शिक्षा मंत्री राजेश धर्माणी का आभार जताया तथा कहा कि यह नई बस सेवा आम लोगों के लिए अत्यंत लाभदायक सिद्ध होगी। इस मौके पर राजेश धर्माणी ने कहा कि यह नव संचालित बस प्रतिदिन प्रातः 7 बजे करलोटी से रवाना होकर शुक्र खड्ड, छत, बरठीं, सुन्हानी, पनौल और भगेड़ से होते हुए प्रातः 9 बजे एम्स बिलासपुर पहुंचेगी। इस बस के शुरू हो जाने से एम्स बिलासपुर जाने वाले मरीजों, बुजुर्गों और उनके परिजनों को समय पर अस्पताल पहुंचने में विशेष सुविधा मिलेगी। उन्होंने बताया कि यही बस सांय 5 बजे पुनः एम्स बिलासपुर से चलेगी तथा इसी मार्ग से होते हुए सांय 7 बजे करलोटी पहुंचेगी। उन्होंने कि क्षेत्र के लोगों को एम्स बिलासपुर से शाम के समय सुरक्षित और सुचारू परिवहन सुविधा उपलब्ध रहेगी।

# महिलाएं हर जिम्मेदारी निभाने में सक्षम : धर्माणी

## इंदिरा गांधी को भराड़ी स्कूल में दी श्रद्धांजलि, बेटियों के सशक्तिकरण पर दिया बल

भूपेश नड्डा, अनंत ज्ञान

**घुमारवीं।** पूर्व प्रधानमंत्री स्व. इंदिरा गांधी जयंती के अवसर पर आज मुख्यमंत्री आदर्श राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय भराड़ी में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में नगर एवं ग्राम नियोजन, आवास, तकनीकी शिक्षा, व्यावसायिक एवं औद्योगिक प्रशिक्षण मंत्री राजेश धर्माणी ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। उन्होंने इंदिरा गांधी की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी।



इस अवसर नगर एवं ग्राम नियोजन मंत्री राजेश धर्माणी ने कहा कि इंदिरा गांधी जैसे महान नेता को याद करना केवल इतिहास को दोहराना नहीं बल्कि यह जानना भी है कि सशक्त नेतृत्व और दृढ़ इच्छाशक्ति किस तरह देश की दिशा बदल सकती है। उन्होंने कहा कि बच्चियों का आत्मविश्वास बढ़ाने के लिए समाज और परिवार को समान रूप से पहल करनी चाहिए। महिलाएं जब किसी जिम्मेदारी को संभालती हैं, तो वह पूरे समर्पण और निष्ठाभाव के साथ पूर्ण करती हैं। पूर्व प्रधानमंत्री स्व. इंदिरा गांधी इसका सबसे बड़ा उदाहरण हैं, जिन्होंने कठिन परिस्थितियों में भारत का नेतृत्व कर देश को वैश्विक मंच पर एक मजबूत पहचान दी।

राजेश धर्माणी ने कहा कि इंदिरा गांधी न केवल भारत की पहली महिला प्रधानमंत्री थीं, बल्कि उन्होंनें आर्थिक, सामाजिक और सामरिक दृष्टि से कई साहसिक निर्णय लिए। उन्होंने 1969 में बैंकों का राष्ट्रीयकरण कर देश की अर्थव्यवस्था में बड़ा बदलाव लाया और गरीबों, किसानों तथा छोटे व्यापारियों को बैंकिंग सुविधाओं से जोड़कर आर्थिक समानता को बढ़ावा दिया। हरित क्रांति की शुरुआत कर भारत को खाद्यान्न उत्पादन में आत्मनिर्भर बनाकर किसानों की स्थिति में व्यापक सुधार लाया। 1971 के भारत-पाक युद्ध में इंदिरा गांधी के नेतृत्व में भारत ने ऐतिहासिक विजय प्राप्त की, जिसके परिणामस्वरूप बांग्लादेश का निर्माण संभव हुआ तथा जिसे भारतीय विदेश नीति एवं सामरिक शक्ति का महत्वपूर्ण उदाहरण माना जाता है।

# जय कृष्णागिरी स्कूल भरमौर में नवाजे मेधावी

## स्कूल में धूमधाम से मनाया गया वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह

अनंत ज्ञान, भरमौर



श्री जय कृष्णागिरी पब्लिक हाई स्कूल भरमौर का वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह बड़ी धूमधाम के साथ मनाया गया। वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह में थाना प्रभारी भरमौर बाबूराम ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। वार्षिक वितरण समारोह के दौरान बच्चों के द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया। इस दौरान कार्यक्रम में मेधावी बच्चों को सम्मानित किया गया।

स्कूल प्रबंधन ने बताया कि अंडर-16 वर्ग में राज्य स्तर पर स्कूल के इशांत भारद्वाज ने कबड्डी में शिमला और हमीरपुर में हिस्सा लिया। जिसके स्कूल व क्षेत्र का नाम रोशन हुआ है। स्कूल के आर्यन ठाकुर ने खेलो इंडिया के तहत अंडर-19 कबड्डी राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में जिला मंडी में हिस्सा लिया।

मुख्यातिथि ने कहा कि स्कूल में इस तरह के आयोजनों से बच्चों का शारीरिक व मानसिक विकास के साथ-साथ बौद्धिक विकास भी होता है। इससे बच्चों को अपनी संस्कृति से रू-ब-रू होने का मौका मिलता है और उनके हुनर निखर कर सामने आता है। बच्चों द्वारा किए गए उत्कृष्ट कार्यों के लिए उन्होंने बच्चों के साथ-साथ स्कूल मैनेजमेंट की पीठ भी थपथपाई। प्रिंसिपल राजीव शर्मा ने कहा कि उनका स्कूल हर वर्ष बच्चों को अच्छी शिक्षा के साथ-साथ उनका संपूर्ण विकास करने के लिए भरसक प्रयास कर रहा है।

# इंदिरा गांधी ने ही देश को दी थी नई दिशा : संदीप सांख्यान

अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर

इंदिरा गांधी एक जबरदस्त शख्सियत तो थीं ही, पर बलिदान की मूर्त भी थीं। यह कहना है प्रदेश कांग्रेस के पूर्व मीडिया कॉर्डिनेटर संदीप सांख्यान का। उन्होंने का देश की प्रथम महिला प्रधानमंत्री स्व इंदिरा गांधी गांधी की जयंती पर विशेष वक्तव्य दिया है।

उन्होंने कहा इंदिरा गांधी संघर्ष के मार्ग पर चलते हुए देश के आंतरिक और विदेशी मामलों पर निर्णायक भूमिका में रही है। संदीप सांख्यान ने कहा कि बिलासपुर में भी चार बार इंदिरा दौरे करके गई थीं, पुराने शहर बिलासपुर में इंदिरा गांधी बतौर प्रधानमंत्री नहीं आई थी, लेकिन अली खड्ड पर बना पुल इंदिरा जी की घोषणा थी। हिमाचल प्रदेश को पूर्ण राजत्व का दर्जा भी इंदिरा गांधी की देन रहा है।

इंदिरा गांधी ने देश का मस्तक पूरे विश्व में हमेशा ऊंचा रखा और निर्गुटता के आधार पर भारत वर्ष को नई दिशा दी। संदीप सांख्यान ने कहा इनकी स्कूली शिक्षा शांतिनिकेतन, विश्व-भारती विश्वविद्यालय, सोमरविल कॉलेज, ऑक्सफोर्ड से हुई और हिंदी और अंग्रेजी भाषा पर अच्छी खासी पकड़ के साथ-साथ राजनीति की प्रयोगशाला में बखूबी सही और मार्गदर्शक साबित हुई।

# गिरड़ का एकमात्र रास्ता क्षतिग्रस्त होने से बढ़ीं लोगों और श्रद्धालुओं की मुश्किलें

देशराज कश्यप, अनंत ज्ञान

**धरवाला।** मैहला ब्लॉक के अंतर्गत पड़ने वाली ग्राम पंचायत खुदेल का आखिरी गांव गिरड़ का एकमात्र रास्ता गत दिनों हुई भारी बरसात से भारी भूस्खलन होने से बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो चुका है, जिससे राहगीरों वह श्रद्धालुओं को भी भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। बच्चे, बूढ़ों, औरतों तथा श्रद्धालुओं का सफर करना बेहद मुश्किल हो गया है, क्योंकि खड़ी उतराई पर संकरा रास्ता होने के कारण जरा सी चूक भारी साबित हो सकती है। स्थानीय निवासी बिट्टू राम का कहना है कि हाल ही में आई आपदा के दौरान गिरड़ गांव के नीचे एक बडा भूस्खलन हुआ, जिससे गांव गिरड़ को जोड़ता एकमात्र रास्ता पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो चुका था। इसे स्थानीय लोगों की मदद से बड़ी ही मशक्कत से खोला गया है, लेकिन खतरा अभी टला नहीं है।

समय रहते अगर इस रास्ते को ठीक नहीं किया गया तो कोई भी दुर्घटना यहां हो सकती है। वहीं, माता रानी के दर्शन करने आए श्रद्धालु सोनू कुमार का कहना है कि मैं हर वर्ष माता रानी के चरणों में हाजिरी लगाने यहां आता हूं, गिरड़ गांव के नीचे हुए भूस्खलन से रास्ता पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो चुका है जिससे श्रद्धालुओं जैसे बच्चे बूढ़े व खासकर औरतों को इस रास्ते को पार करने में काफी दिक्कतें पेश आ रही हैं। यदि समय रहते इस रास्ते को ठीक नहीं किया गया तो कोई भी बड़ा हादसा यहां हो सकता है। वहीं, ग्राम पंचायत प्रधान खुंदेल आरती देवी का कहना है कि मामला उनके ध्यान में लाया गया है। बहुत जल्दी आपदा राहत के तहत या अन्य किसी भी बचत के द्वारा इस रास्ते को अति शीघ्र ठीक किया जाएगा, ताकि किसी भी तरह की परेशानी स्थानीय लोगों तथा श्रद्धालुओं को न हो।

# वैकल्पिक नेटवर्क के लिए कार्ययोजना बनाएं दूरसंचार कंपनियां

अनंत ज्ञान, चंबा

जिले में दूरसंचार नेटवर्क को सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से उपायुक्त मुकेश रेपसवाल ने बुधवार को दूरसंचार मंत्रालय के तहत हिमाचल प्रदेश एलएसए कार्यालय के वरिष्ठ अधिकारियों तथा विभिन्न दूरसंचार सेवा प्रदाता कंपनियों के प्रतिनिधियों के साथ राष्ट्रीय सूचना विज्ञान केंद्र के वीडियो कॉन्फ्रेंस कक्ष में बैठक की। बैठक में अतिरिक्त महानिदेशक दूरसंचार (एलएसए हिमाचल) अनिल कुमार गुप्ता विशेष रूप से उपस्थित रहे। बैठक में गत मानसून के दौरान प्राकृतिक आपदाओं से प्रभावित दूरसंचार नेटवर्क, वर्तमान चुनौतियों, तथा भविष्य में निर्बाध दूरसंचार सेवाएं सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक तकनीकी एवं प्रशासनिक उपायों पर गहन विचार-विमर्श किया गया। मुकेश रेपसवाल ने जिले में दूरसंचार सेवाओं को सुदृढ़ बनाने के लिए जिला प्रशासन की ओर से सभी सेवा प्रदाता कंपनियों को आवश्यक समन्वय एवं हर संभव सहयोग प्रदान करने का आश्वासन दिया। उपायुक्त ने बैठक में दूरसंचार कनेक्टिविटी के लिए सर्वेक्षण कार्योंसे छूटे गांवों में सेवाएं उपलब्ध करवाने के लिए विस्तृत चर्चा के पश्चात संबंधित उपमंडल दंडाधिकारी नागरिक (एसडीम) को ऐसे गांवों की पहचान कर उनकी सूची उपलब्ध करवाने को कहा। अतिरिक्त महानिदेशक दूरसंचार अनिल कुमार गुप्ता ने कहा कि आपदा की स्थिति में संचार तंत्र राहत एवं बचाव कार्यों का प्रमुख आधार होता है। उन्होंने जिला चंबा के चुनौतीपूर्ण भू-भाग को ध्यान में रखते हुए सभी दूरसंचार कंपनियों को वैकल्पिक नेटवर्क व्यवस्था के लिए ठोस कार्य योजना तैयार करने के निर्देश दिए। बैठक में मिशन उत्कर्ष, भारत संचार निगम द्वारा कार्यान्वित की जा रही 4 जी सैचुरेशन परियोजना इत्यादि पर भी विस्तृत चर्चा की गई।

# लोगों को दिए सर्दी-जुकाम से बचाव के टिप्स

अनंत ज्ञान, चंबा

जिला चंबा में इन दिनों शुष्क ठंड ने लोगों की सेहत पर असर डालना शुरू कर दिया है। मौसम में नमी की कमी के चलते सर्दी, जुकाम, खांसी और वायरल संक्रमण के मामले लगातार बढ़ रहे हैं। अस्पतालों में ओपीडी में ऐसे मरीजों की संख्या में बढ़ोतरी देखी जा रही है। मुख्य चिकित्साधिकारी जिला चंबा डॉ. विपिन ठाकुर ने बताया कि मौसम में तेजी से गिर रहे तापमान और शुष्क हवाओं के कारण लोगों में सामान्य मौसमी बीमारियों का खतरा बढ़ जाता है। उन्होंने कहा कि समय पर सावधानी बरतने से इन समस्याओं से काफी हद तक बचाव किया जा सकता है।

डॉ. ठाकुर ने लोगों को राहत और बचाव के लिए महत्वपूर्ण सुझाव दिए। उन्होंने बच्चों और बुजुर्गों को विशेष सावधानी बरतने की सलाह दी है।

### ये टिप्स दिए

- ✓ गर्म कपड़ों का प्रयोग करें, खासकर
- ✓ गुनगुने पानी का सेवन करें और शरीर को हाइड्रेटेड रखें।
- ✓ भीड़भाड़ वाले स्थानों पर मास्क का प्रयोग करें, ताकि वायरल संक्रमण से बचाव हो सके।
- ✓ घर में नमी बनाए रखें।
- ✓ खांसी-जुकाम के लक्षण बढ़ने पर स्वयं दवाई लेने के बजाय डॉक्टर से परामर्श करें।

### प्रश्नोत्तरी में रेखा देवी प्रथम, आशा द्वितीय

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।** राष्ट्रीय नवजात देखभाल सप्ताह के तहत बिलासपुर अस्पताल में संप्रेषण गतिविधियों का आयोजन मुख्य चिकित्सा अधिकारी के निर्देशन व बाल रोग विशेषज्ञ डॉ. निशांत की अध्यक्षता में किया गया। प्रश्नोत्तरी में रेखा देवी प्रथम, आशा कुमारी द्वितीय तथा सरोज कुमारी तृतीय स्थान में रही। बेबी शो प्रतियोगिता में बेबी आरती प्रथम, बेबी प्रियंका द्वितीय तथा बेबी सुनीता तृतीय स्थान में रहे।

# 'जल तरंग जोश' महोत्सव : गोबिंदसागर में 400 रुपए में लें क्रूज राइड का लुत्फ

## कल शुरू होगा महोत्सव, प्रशासन मुहैया कराएगा किफायती वाटर स्पोर्ट्स सुविधाएं

अरुण डोगरा रीतू, अनंत ज्ञान

**बिलासपुर।** उपायुक्त बिलासपुर राहुल कुमार ने कहा कि आगामी 'जल तरंग जोश महोत्सव-2025' को प्रदेश के प्रमुख आकर्षणों में से एक बनाने के लिए जिला प्रशासन ने व्यापक और दूरदर्शी तैयारियां की हैं। 21 से 23 नवंबर तक आयोजित होने वाले इस तीन दिवसीय महोत्सव को अधिक जीवंत, मनोरंजक और समृद्ध बनाने के लिए अनेक नए नवाचार शामिल किए गए हैं, ताकि आगंतुकों को गोबिंदसागर झील के सौंदर्य के साथ-साथ रोमांचक जल-आधारित अनुभवों का एक अनूठा संगम मिल सके। हिमालयन एडवेंचर के मैनेजिंग डायरेक्टर अजय हांडा ने बताया कि उपायुक्त के निर्देशों के अनुसार, महोत्सव अवधि के दौरान गतिविधियों की दरें विशेष रूप से कम रखी गई हैं। उन्होंने कहा कि इन किफायती दरों का उद्देश्य अधिक से अधिक लोगों को वॉटर स्पोर्ट्स का आनंद उपलब्ध कराना है, जिससे स्थानीय पर्यटन को भी बढ़ावा मिलेगा।

उन्होंने कहा कि क्रूज राइड 400 रुपए प्रति व्यक्ति, स्पीड बोट राइड 200 रुपए प्रति व्यक्ति, जेट स्की राइड 500 रुपए प्रति व्यक्ति शिकारा राइड और 200 रुपए प्रति व्यक्ति शूल्क रखा गया है। वहीं, उपायुक्त ने बताया कि प्रशासन का मुख्य उद्देश्य आगंतुकों को सुरक्षित, सुलभ और किफायती वाटर स्पोर्ट्स सुविधाएं प्रदान करना है।

इसी उद्देश्य से हिमालयन एडवेंचर को निर्देशित किया गया है कि लुहणू मैदान के समीप ब्रूज राइड, स्पीड बोट राइड, जेट स्की राइड और शिकारा राइड जैसी गतिविधियों को रियायती दरों पर उपलब्ध करवाया जाए। उन्होंने कहा कि पहले से संचालित सरकारी वॉटर स्पोर्ट्स सुविधाओं के अलावा, इस महोत्सव में आगंतुकों को अतिरिक्त गतिविधियों का अनुभव भी प्राप्त होगा, जिससे कार्यक्रम का आकर्षण कई गुना बढ़ेगा।

**आभूषण प्रदर्शनी** | मिसेज इंडिया संगीता सोनी ने किया वर्मा ज्वेलर्स समूह की आभूषण प्रदर्शनी का उद्घाटन

# 50 हजार रुपए की खरीद पर सोने का सिक्का उपहार

अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर

वर्मा ज्वेलर्स ने बिलासपुर के पूर्णम मॉल में अपनी भव्य ज्वेलरी प्रदर्शनी का शुभारंभ बड़ी धूमधाम से किया। इस प्रदर्शनी का उद्घाटन मिसेज इंडिया संगीता सोनी ने किया। उन्होंने कहा कि वर्मा ज्वेलर्स गुणवत्ता, भरोसे और आधुनिक डिजाइनों के कारण आज हिमाचल का एक विश्वसनीय नाम बन चुका है। प्रदर्शनी के प्रभारी शीशराम ठाकुर ने बताया कि इस बार ग्राहकों के लिए कई आकर्षक ऑफर रखे गए हैं, जिनमें सबसे बड़ा ऑफर 50,000 रुपए की खरीद पर सोने का सिक्का उपहार में देना है। साथ ही पारंपरिक से लेकर नवीनतम ज्वैलरी कलेक्शन तक हर श्रेणी में विशेष छूट उपलब्ध करवाई गई है। हल्के वजन वाली ज्वैलरी, ब्राइडल सेट और त्योहारों के लिए खास डिजाइन प्रदर्शनी के मुख्य आकर्षण हैं।

गौर रहे कि वर्मा ज्वेलर्स समूह की ही एक और बड़ी प्रदर्शनी हिमाचल प्रदेश के रोहड़ू में भी चल रही है, जिसे विक्रमादित्य सिंह ठाकुर ने उद्घाटित किया था। यह एनिवर्सरी स्पेशल एक्सजिबिशन एंड सेल 17 से 20 नवंबर तक आयोजित की जा रही है। प्रदर्शनी में सोने, चांदी और हीरे की शानदार ज्वैलरी का विशाल कलेक्शन प्रदर्शित किया गया है। आयोजन स्थल को उत्सव की तरह सजाया गया है। यहां भी विशेष छूट, ऑफ़र और उपहार योजनाओं ने ग्राहकों की भीड़ आकर्षित की है। सोशल मीडिया प्लेटफ़ॉर्मों पर प्रदर्शनी की रीलों और वीडियोज़ ने



वर्मा ज्वेलर्स समूह की आभूषण प्रदर्शनी का उद्घाटन करतीं मिसेज इंडिया संगीता सोनी।

इसे एक बड़ी चर्चा का विषय बना दिया है। ठाकुर ने बताया कि वर्मा ज्वैलर्स इससे पहले भी नाहन, सोलन, शिमला और रोहड़ू में कई सफल प्रदर्शनियां आयोजित कर चुका है। अक्षय तृतीया के दौरान आयोजित भव्य प्रदर्शनी में ग्राहकों की बड़ी संख्या में खरीदारी हुई थी। नाहन में आयोजित सेल-प्रदर्शनी में भी 50,000 की खरीद पर सोने का सिक्का देने की योजना को खूब सराहा गया था। कई आयोजनों में लक्की ड्रॉ में गोल्ड कॉइन जैसे पुरस्कार भी वितरित किए गए हैं। ग्राहकों के विश्वास को मजबूत करने के लिए प्रदर्शनी स्थल पर कीटोमीटर मशीन भी लगाई जाती रही है, जिसके माध्यम से ग्राहक अपने आभूषणों की शुद्धता जांच सकते हैं। इन सफल आयोजनों ने वर्मा ज्वेलर्स को हिमाचल प्रदेश में सबसे विश्वसनीय और लोकप्रिय ज्वैलरी ब्रांडों में शामिल कर दिया है। बिलासपुर प्रदर्शनी का मुख्य उद्देश्य बिलासपुरवासियों को एक ही छत के नीचे गुणवत्तायुक्त, ट्रेंडी और किफायती ज्वेलरी उपलब्ध करवाना है। वर्मा ज्वैलर्स का कहना है कि वे सिर्फ आभूषण नहीं बेचते, बल्कि ग्राहकों को भरोसा, पारदर्शिता और विश्वास का अनुभव भी देते हैं।

**धमकी** देने वाला सदा कायर होता है। शक्तिवान पुरुष कभी धमकी नहीं देता, वह तो जो चाहता है वह करके दिखा देता है।

-बर्नार्ड शॉ

## संपादकीय

# साइबर गुलामी एक नई चुनौती

हिमाचल प्रदेश में हाल ही में सामने आई घटनाओं ने पूरे देश को झकझोर दिया है। भोले-भाले हिमाचली युवाओं को विदेश में नौकरी का झांसा देकर साइबर गुलामी के जाल में फंसा दिया गया। म्यांमार, थाईलैंड और कंबोडिया जैसे देशों में फंसे ये युवक न केवल आर्थिक रूप से ठगे गए, बल्कि मानसिक प्रताड़ना के भी शिकार बने। उनके पासपोर्ट तक जब्त कर लिए गए और उन्हें महीनों तक कैद करके रखा गया। इस स्थिति ने समाज में चिंता की लहर दौड़ा दी और मीडिया की लगातार रिपोर्टिंग के बाद मामले का संज्ञान जांच एजेंसियों ने लिया। राहत की बात यह है कि त्वरित कार्रवाई के कारण अब 15 हिमाचली सुरक्षित स्वदेश लौट आए हैं, लेकिन यह घटना समाज के लिए एक चेतावनी की तरह है।

साइबर गुलामी वह स्थिति है, जिसमें किसी व्यक्ति को डिजिटल माध्यमों के जरिए नियंत्रित, शोषित या बंधुआ मजदूर की तरह काम करने के लिए मजबूर किया जाता है। आधुनिक तकनीक ने अपराधियों को इस नए रूप के गुलामी का रास्ता खोल दिया है। अपराधी इंटरनेट, सोशल मीडिया, फर्जी जॉब ऑफर, ऑनलाइन ठगी या साइबर कैफे जैसी तकनीकों का उपयोग करके लोगों को फंसाते हैं। पीड़ितों से ऑनलाइन ठगी करवाना, फर्जी निवेश योजनाएं चलवाना, डेटा चोरी कराना या अनैतिक डिजिटल गतिविधियों में उन्हें शामिल करना इस गुलामी का हिस्सा है। इसके बदले में उन्हें बहुत कम भुगतान किया जाता है या बिलकुल भी नहीं मिलता। अक्सर पीड़ितों को धमकाया जाता है, उनके पासपोर्ट और अन्य दस्तावेज जब्त कर लिए जाते हैं, और उन्हें मानसिक या शारीरिक दबाव में रखा जाता है। दक्षिण-पूर्व एशिया में ऐसे साइबर कैंप तेजी से बढ़ रहे हैं, जहां युवाओं को नौकरी के नाम पर फंसा लिया जाता है।

साइबर गुलामी केवल हिमाचल या उत्तर भारत तक सीमित नहीं है। यह एक वैश्विक समस्या बन चुकी है। इंटरनेट के विस्तार और डिजिटल प्लेटफार्मों के आसान उपयोग ने अपराधियों को ज्यादा ताकत और पहुंच दी है। युवाओं की बेरोजगारी, विदेश में बेहतर जीवन की लालसा और तकनीकी ज्ञान का सीमित होना उन्हें इन अपराधियों के जाल में फंसने के लिए संवेदनशील बनाता है।

ज्यादातर पीड़ित ऐसे लोग होते हैं जो अपने आर्थिक और सामाजिक स्थिति को सुधारने के लिए अवसर की तलाश में रहते हैं। अपराधी इन्हीं भावनाओं का फायदा उठाकर उन्हें जाल में फंसाते हैं। नतीजा यह होता है कि युवक न केवल आर्थिक रूप से ठगे जाते हैं, बल्कि मानसिक और भावनात्मक रूप से भी क्षतिग्रस्त हो जाते हैं।

इस समस्या का समाधान केवल पुलिस और जांच एजेंसियों तक सीमित नहीं होना चाहिए। समाज के हर हिस्से को जागरूक होने की आवश्यकता है। सरकार, शिक्षा संस्थान और मीडिया को मिलकर लोगों को साइबर अपराधों के खतरों के प्रति सचेत करना होगा। युवाओं को डिजिटल सुरक्षा, ऑनलाइन धोखाधड़ी और साइबर अपराधों के तरीकों के बारे में शिक्षित करना अत्यंत आवश्यक है। उन्हें यह समझाना होगा कि कोई भी नौकरी का मौका जो बहुत अधिक आकर्षक और आसान लगे, वह अक्सर धोखाधड़ी का हिस्सा हो सकता है।

सरकार को साइबर अपराधों के खिलाफ कठोर कानून बनाने चाहिए और उनकी प्रभावी रूप से कार्यवाही सुनिश्चित करनी चाहिए। विदेशों में फंसे नागरिकों को सुरक्षित लाने के लिए अंतरराष्ट्रीय सहयोग और कूटनीतिक प्रयास भी जरूरी हैं। हालांकि, 15 हिमाचली युवाओं की सुरक्षित वापसी एक राहत की खबर है, लेकिन यह केवल प्रारंभिक सफलता है। साइबर अपराधियों का नेटवर्क बहुत बड़ा और जटिल है। दुनियाभर में लोग इन अपराधों का शिकार हो रहे हैं। डिजिटल तकनीक का दुरुपयोग तेजी से बढ़ रहा है, और अपराधियों के पकड़ में आने की संभावना अभी भी कम है।

साइबर गुलामी आधुनिक दुनिया की सबसे खतरनाक चुनौतियों में से एक है। यह केवल आर्थिक और कानूनी समस्या नहीं है, बल्कि सामाजिक और मानसिक स्वास्थ्य का गंभीर मुद्दा भी है। यदि हम समय रहते इस चुनौती का सामना नहीं करते हैं, तो साइबर गुलामी केवल हिमाचल ही नहीं, बल्कि पूरे देश की युवा पीढ़ी के लिए खतरा बन जाएगी। साइबर गुलामी का सामना करना अब केवल पुलिस का काम नहीं है, यह समाज और युवा वर्ग की भी जिम्मेदारी है। जागरूक बनें, सतर्क रहें। ■

अनंत ज्ञान दैनिक समाचार पत्र | **आज की प्रमुख हस्ती**

## भारत का 'फ्लाइंग सिख'



मिल्खा सिंह
जन्म : 20 नवंबर, 1929
मृत्यु : 18 जून, 2021


**मिल्खा सिंह** (जन्म : 20 नवंबर 1929- मृत्यु : 18 जून 2021) भारत के महान एथलीट थे, जिन्हें दुनिया 'फ्लाइंग सिख' के नाम से जानती है। उनका जन्म गोविंदपुरा (अब पाकिस्तान) में एक साधारण सिख परिवार में हुआ था। बचपन बेहद कठिन बीता। भारत विभाजन के समय हुए दंगों में उन्होंने अपने माता-पिता और कई भाई-बहनों को खो दिया। अनाथ होने के बाद वे संघर्षों से भरी जिंदगी जीते हुए किसी तरह भारत पहुंचे। बचपन से ही उनमें दौड़ने का जुनून था और वे रोज स्कूल आने-जाने के लिए कई किलोमीटर दौड़ लगाते थे।

1951 में कई प्रयासों के बाद वे सेना में भर्ती हुए। यहां उन्हें खेलकूद की विशेष ट्रेनिंग मिली और यहीं से उनका एथलेटिक करियर शुरू हुआ। अभ्यास के लिए वे चलती ट्रेन के साथ दौड़ लगाते थे। 1956 के मेलबर्न ओलंपिक में उन्होंने पहली बार 200 मीटर और 400 मीटर रेस में भाग लिया। भले ही प्रदर्शन औसत रहा, पर यह अनुभव आगे उनकी सबसे बड़ी प्रेरणा साबित हुआ।

1958 उनके करियर का स्वर्णिम वर्ष रहा। कटक नेशनल गेम्स में 200 और 400 मीटर में रिकॉर्ड बनाए। उसी साल टोक्यो एशियन गेम्स में दोनों स्पर्धाओं में गोल्ड जीता। कार्डिफ कॉमनवेल्थ गेम्स 1958 में उन्होंने 400 मीटर में स्वर्ण पदक जीतकर आजाद भारत को पहला कॉमनवेल्थ गोल्ड दिलाया।

1960 के रोम ओलंपिक में वे 400 मीटर में चौथे स्थान पर रहे, पर उन्होंने 45.73 सेकेंड का नेशनल रिकॉर्ड बनाया, जो 40 वर्षों तक कायम रहा। इसी वर्ष पाकिस्तान में आयोजित दौड़ में अब्दुल खालिक को हराने पर पाकिस्तान के राष्ट्रपति अयूब खान ने उन्हें 'फ्लाइंग सिख' की उपाधि दी। 1962 एशियन गेम्स में उन्होंने 400 मीटर और 4×400 मीटर रिले में भी स्वर्ण जीता। भारत सरकार ने उन्हें पद्मश्री से सम्मानित किया। कोविड से उबरते हुए 18 जून 2021 को 91 वर्ष की आयु में उनका निधन हो गया। भारतीय एथलेटिक्स में उनका योगदान हमेशा प्रेरणा देता रहेगा। ■

कविता



## बदली बदली फिजा

**डॉ. अशोक प्यारे लाल चौबे**
**पूर्व कृषि वैज्ञानिक, पालमपुर**

**बदली** बदली फिजा है हमारे गांव की।
बहकी बहकी सी हवा है हमारे गांव की।
झोपड़ी से अब उठ रहे मुखर आवाज है।
निशाने पर अब हैं मेरे गांव की हवेली।
कब झोपड़ी से लेकर मशाल चलेंगे।
हक लेने गांव की हवेली की ओर बढ़ेंगे।
कातिल लूटेरे सब है गांव की हवेली में।
सरकार ढूंढती है लूटेरों को गांव की झोपड़ी में।

**पाठकों से अनुरोध है कि वे अपनी प्रतिक्रिया, सुझाव, आलेख कविताएं और अपनी बात कॉलम के लिए सामग्री *editoranantgyaan@gmail.com* पर या व्हाट्सऐप नंबर 8894521702 व 8091450407 पर भेज सकते हैं।**

# 'व्हाइट कॉलर टेररिज्म' आतंकवाद का खतरनाक स्वरूप



**प्रताप सिंह पटियाल**
**स्वतंत्र लेखक, घुमारवीं**

नई दिल्ली में लालकिला मेट्रो स्टेशन के पास 10 नवंबर, 2025 को हुए एक कार में आत्मघाती विस्फोट ने छह वर्ष पूर्व श्रीनगर के नजदीक पुलवामा में हुए फिदायीन हमले की याद ताजा कर दी। इस हमले में करीब 15 लोगों की मौत हुई थी और करीब 25 अन्य घायल हुए थे। 14 फरवरी 2019 को पुलवामा में जैश-ए-मोहम्मद नामक आतंकी जमात के एक खुदकुश हमलावर ने 'आरडीएक्स' से लदी अपनी कार से सीआरपीएफ के काफिले में टक्कर मारकर भयंकर विस्फोट को अंजाम देकर सीआरपीएफ के 40 जवानों को शहीद कर दिया था।

दिल्ली ब्लास्ट के बाद न्यूज चैनलों, समाचार पत्रों तथा सोशल मीडिया पर पुलवामा, डॉक्टर तथा अल फलाह जैसे लफ्ज चर्चा का केंद्र बने हैं। चूंकि दिल्ली में ब्लास्ट को अंजाम देकर कार के अंदर हलाक होकर जहन्नुम की परवाज पर जा चुके खुदकुश हमलावर की शिनाख्त भी कश्मीर के पुलवामा निवासी डॉक्टर के रूप में हुई है। सुरक्षा एजेंसियों द्वारा दिल्ली ब्लास्ट की साजिश में शामिल हिरासत में लिए गए ज्यादातर लोग पेशे से डॉक्टर हैं तथा अल फलाह यूनिवर्सिटी से ताल्लुक रखते हैं। कई डॉक्टरों का संबंध पुलवामा से है। टेरर लिंक के कारण बर्खास्त हुए कश्मीर के एक डॉक्टर को अल फलाह यूनिवर्सिटी ने नौकरी पर रखा है। एक महिला डॉक्टर भी गिरफ्तार की गई है, जिसके पास 'केरोम कॉक' नामक असाल्ट राइफल बरामद हुई है, मगर सुरक्षा एजेंसियों की प्रशंसा करनी होगी जिन्होंने डॉक्टर के भेष में छुपे सफेदपोश आतंकी मॉड्यूल को बेनकाब करके देश को दहलाने वाले हमलों को नाकाम कर दिया।

सफेद कॉलर आतंकी नेटवर्क का पर्दाफाश होने से तस्दीक हो चुकी है कि चिकित्सा जैसे सबसे प्रतिष्ठित पेशे में आतंकवाद का साया पड़ चुका है। पकड़े गए डॉक्टरों के पास सैकड़ों किलोग्राम विस्फोटक पदार्थ व पिस्तौलें तथा ऐके 47 जैसी खतरनाक असाल्ट राइफलें मिली हैं। यदि देश में इंजिनियर, प्रोफेसर तथा डॉक्टर जैसे पढ़े-लिखे लोग आतंक की राह पर चले हैं तो इसके लिए मजहबी रहनुमाओं की हिकारत भरी तकरीरों पर गौर फरमाना होगा। जुलाई, 2016 में बांग्लादेश की राजधानी ढाका में 'होली आर्टिसन बेकरी कैफे' पर हमले को अंजाम देकर 22 लोगों को हलाक करने वाले आतंकियों में से एक 'रोहन इम्तियाज' ने हिरासत में खुलासा किया था कि वो भारत के मजहबी रहनुमां 'डॉक्टर जाकिर नाइक' की मजहबी तकरीरों से बहुत प्रभावित था। जाकिर नाइक भी एमबीबीएस डॉक्टर का



पेशा छोड़कर मजहबी रहनुमां बना है तथा भारत से भागकर मलेशिया में शरण ले चुका है। अमेरिकी वर्ल्ड ट्रेड सेंटर पर हमले के साजिशकर्ता ओसामा बिन लादेन को जाकिर नाइक ने आतंकी मानने से इंकार कर दिया था।

सन् 2009 में न्यूयार्क सिटी सब-वे सिस्टम पर फिदायीन हमले के मास्टरमाइंड व पाकिस्तान में प्रशिक्षित आतंकी नजीबुल्ला जाजी ने जाकिर नाइक को अपना आदर्श माना था। सन् 2006 में मुंबई की लोकल ट्रेनों में बम धमाकों को अंजाम देने के आरोप में पकड़े गए राहिल शेख ने पुलिस हिरासत में तसलीम किया था कि वो भी जाकिर नाइक की कट्टरवादी तकरीरों से ही मुतासिर था। अमेरिका, ब्रिटेन तथा कनाडा जाकिर नाइक पर प्रतिबंध लगा चुके हैं, लेकिन वोट बैंक के लिए भारत के कुछ नेता जाकिर नाइक को 'शांतिदूत' का खिताब दे चुके हैं। दिसंबर 2001 में भारतीय संसद पर हुए हमले के मास्टरमाइंड मोहम्मद अफजल गुरु ने भी 'झेलम वैली कॉलेज' में एमबीबीएस की पढ़ाई बीच में ही छोड़कर आतंक का दामन थाम लिया था। जुलाई 2023 में एनआईए द्वारा इस्लामिक स्टेट से संबंध में गिरफ्तार किया गया पुणे का 'अदनान अली सरकार' भी गोल्ड मेडलिस्ट डॉक्टर है। अगस्त 2023 में पकड़ा गया झारखंड का अलकायदा इन इंडिया सबकोंन्टिनेंट इश्तियाक अली भी रेडियोलॉजिस्ट डॉक्टर है।

यूपी एटीएस द्वारा तीन अगस्त 2025 को गजवा-ए-हिंद की मंसुबाबंदी में गिरफ्तार किया गया उसामा माज शेख होम्योपैथी चिकित्सक है। जून 2007 में स्कॉटलैंड के ग्लासगो हवाई अड्डे पर बम कांड का साजिशकर्ता इराकी मूल का बिलाल अब्दुल्ला भी डॉक्टर था। 20 दिसंबर 2024 को जर्मनी के मैगडेबर्ग शहर में बम विस्फोट की साजिश में गिरफ्तार किया गया सऊदी अरब का डॉक्टर तालिब एक मनोचिकित्सक है।

जुलाई 2022 में अमेरिकी सुरक्षाबलों ने अफगानिस्तान में ड्रोन हमले द्वारा वर्ल्ड ट्रेड सेंटर हमले के मुख्य साजिशकर्ता और अल-कायदा प्रमुख अयमान अल-जवाहिरी को मार गिराया। जवाहिरी पेशे से सर्जन था, ठीक उसी तरह जैसे ओसामा बिन लादेन इंजीनियर था। पाकिस्तान की न्यूरोसाइंटिस्ट डॉक्टर आफिया सिद्दीकी भी कट्टरपंथ के प्रभाव में आकर अल-कायदा से जुड़ गई थी। 2003 में अफगानिस्तान में पकड़ी गई आफिया आज अमेरिका में 86 वर्ष की सजा काट रही है। डॉक्टर इशरार अहमद, जिनके परिवार ने विभाजन के बाद पाकिस्तान हिजरत की, उन्होंने भी एमबीबीएस छोड़कर धार्मिक प्रचार को अपना लिया। पाकिस्तान की जमीन से संचालित आतंकी नेटवर्क में शिक्षित लोगों की बढ़ती भागीदारी दिखाती है कि कट्टरपंथी विचारधारा पढ़े-लिखे युवाओं का भी ब्रेनवॉश कर रही है। धार्मिक उकसावे से जिहाद की राह पर धकेले जा रहे डॉक्टरों, प्रोफेसरों व नौजवानों को रोकने के लिए मानसिकता पर कठोर प्रहार जरूरी है।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

# चंबा के सौहार्द पर चुनौती-नौजवानों को दिशाहीन करने वाली असली वजह



**शिशु गुप्ता**
**स्वतंत्र लेखक, चंबा**

चंबा, जिसे देवभूमि की पहचान और शांत सामाजिक ताने-बाने के लिए जाना जाता है, आज एक ऐसे विवाद के घेरे में है जिसने अनावश्यक रूप से सांप्रदायिक रंग लेना शुरू कर दिया है। हाल में हुई गुंडागर्दी और कुछ नौजवानों द्वारा हिंदू देवी-देवताओं के प्रति अपमानजनक शब्दों के प्रयोग ने स्वाभाविक रूप से आक्रोश पैदा किया।

हालांकि इस परस्तिथि की गहन छानबीन जारी है कि इस घटना की वास्तविकता क्या थी, परंतु यह भी उतना ही सच है कि चंबा की मिट्टी में कभी भी हिंदू-मुस्लिम वैमनस्य की परंपरा नहीं रही। दोनों समुदाय सदियों से उत्सव, दुख-सुख और सामाजिक परंपराएं मिलकर निभाते आए हैं। ऐसे में यह प्रश्न उठना स्वाभाविक है कि आखिर वह कौन-सी चिंगारी है जिसने माहौल को इस दिशा में मोड़ना शुरू किया? असली वजह-बेरोजगारी और नशे की चपेट में आने वाला युवा वर्ग है। मामले को गहराई से देखें तो स्पष्ट होता है कि विवाद का मूल कारण सांप्रदायिक नहीं, बल्कि सामाजिक-आर्थिक है। बेरोजगारी के बढ़ते दबाव ने नौजवानों में असंतोष और उन्माद की स्थिति पैदा की है। उस पर नशे का फैलता जाल उनका भविष्य धीरे-धीरे निगल रहा है।

नशा युवा मन से जिम्मेदारी और विवेक दोनों छीन लेता है। यही कारण है कि कुछ युवक भटककर ऐसे शब्द और व्यवहार कर बैठते हैं, जो समाज में तनाव पैदा कर देते हैं। नौजवान यह भूल रहे हैं कि यही वह उम्र होती है जब मेहनत और लगन से वे अपनी मिट्टी को सोना बना सकते हैं, अपने माता-पिता को गौरवान्वित कर सकते हैं और अपने जीवन की मजबूत नींव रख सकते हैं।

यदि यह समय व्यर्थ चला गया तो पछतावे के सिवा कुछ हाथ नहीं आएगा। चंबा की साझा संस्कृति को बचाना हम सबकी जिम्मेदारी है। इतिहास गवाह है कि चंबा ने हमेशा दोनों समुदायों को साथ लेकर चलने की मिसाल पेश की है। चाहे त्योहार हों,



सामाजिक अवसर हों या कठिन समय-लोगों ने हमेशा एक-दूसरे की मजबूती बनकर अपनी पहचान बनाई है। ऐसे में कुछ भटके हुए युवाओं के कारण पूरी बिरादरी को कठघरे में खड़ा करना न तो न्यायपूर्ण है और न ही समाधान। इस मसले में मुस्लिम समुदाय के बुद्धिजीवियों की भूमिका महत्वपूर्ण हो सकती है।

इस माहौल में मुस्लिम समाज के जिम्मेदार बुद्धिजीवी आगे आएं और अपनी युवा पीढ़ी को सही दिशा दें। जिन युवाओं ने भड़काऊ या धर्मविरोधी भाषा का इस्तेमाल किया है, उन्हें समझाया जाए कि ऐसे शब्द न सिर्फ सामाजिक सद्भाव को बिगाड़ते हैं, बल्कि पूरे समुदाय की छवि पर भी प्रश्नचिन्ह लगाते हैं। समाज का कोई भी हिस्सा हो, युवाओं को मार्गदर्शन की आवश्यकता सबसे अधिक होती है, ताकि वे भटकने से बच सकें और समाज की जिम्मेदार रीढ़ बन सकें।

हिंदू समाज के युवाओं की भी जिम्मेदारी उतनी ही जिम्मेदारी हिंदू समाज के नौजवानों की भी है कि वे उकसावे में न आएं और अपना धैर्य बनाए रखें। कानून और समाज दोनों के दायरे में रहकर संयमित प्रतिक्रिया देना ही इस क्षेत्र की पुरानी परंपरा है। संयुक्त प्रयास ही इस मसले का समाधान है।

चंबा की खूबसूरती इसी में है कि यहां के लोग एक-दूसरे के साथ खड़े होते हैं। आज आवश्यकता इस बात की है कि दोनों समुदायों के वरिष्ठ और प्रभावशाली लोग मिलकर स्थिति को संभालें। युवाओं को रोजगार, शिक्षा और व्यसन-मुक्त जीवन की ओर प्रेरित करें। नशे की समस्या की जड़ पर वार करने के लिए प्रशासनिक और सामाजिक पहल बढ़ाई जानी चाहिए।

किसी भी घटना को सांप्रदायिक चश्मे से देखने के बजाय वास्तविक कारणों पर ध्यान दिया जाए। बहरहाल, यह घटना चिंताजनक जरूर है, पर चंबा की सामूहिक चेतना इससे कहीं अधिक परिपक्व है। हिंदू-मुस्लिम एकता यहां की पहचान है और कुछ भटके हुए किशोर या युवक उस पहचान को धूमिल नहीं कर सकते। यदि समाज, परिवार, प्रशासन और समुदाय के नेता मिलकर सही दिशा में कदम उठाएं तो चंबा का सौहार्द पहले की तरह मजबूत बना रहेगा।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

# बिहार के बाद प. बंगाल, भाजपा ने अगले चुनाव के लिए कसी कमर



**शिवालिक अवस्थी**
**शीला चौक, डा. सिद्धपुर, तहसील धर्मशाला, जिला कांगड़ा**

अब बारी पश्चिम बंगाल की। जी हां, भाजपा के दृष्टिकोण की बात करें तो भाजपा के निशाने पर अब पश्चिम बंगाल है। जिस तरह बिहार के चुनाव नतीजे सामने आए हैं, कहना गलत नहीं होगा कि भाजपा का अगला कदम पश्चिम बंगाल से ममता सरकार को हराना रहेगा। निश्चित तौर पर भाजपा का मनोबल कई गुना बढ़ चुका है। इसके पीछे पार्टी के कार्यकर्ताओं का विशेष योगदान रहा है।

आरजेडी या यूं कहें तो बिहार में महागठबंधन की ऐसी करारी हार की कल्पना किसी ने नहीं की होगी। इस बार के बिहार चुनाव में एनडीए तो उत्साहित थी ही, लेकिन महागठबंधन का उत्साह भी कम देखने को नहीं मिला था। महागठबंधन इस बार 66.91 प्रतिशत मतदान जो 1951 के बाद का राज्य में दर्ज किया गया सबसे ज्यादा मतदान था, बदलाव की ओर जाता दिखाई दे रहा था। वहीं यह प्रतिशत एनडीए को अपने पक्ष में जाता दिखाई दे रहा था या यूं कहें तो नीतीश कुमार के साथ जाता दिखाई दे रहा था। वहीं, एक दृष्टिकोण यह भी था कि इस बार महिलाओं का समर्थन शुरू से ही एनडीए के पक्ष में रहेगा, और महिला मतदाता का 71.6 प्रतिशत मतदान एनडीए के आत्मविश्वास को बढ़ावा देता नजर आ रहा था।

मतदाताओं का रुझान एनडीए के पक्ष में रहा जिस कारण एनडीएन 202 सीटें जीतने में कामयाब रही। भाजपा 89 सीटें जीतकर सबसे बड़ी पार्टी बनकर उभरी है। वहीं, नीतीश कुमार की जेडीयू 85 सीटें जीतकर दूसरी बड़ी पार्टी बनी। आरजेडी को मात्र 25 सीटों का साथ मिला है। एनडीए को 202 सीटें और महागठबंधन को 35 सीटों का साथ मिला है। कुल मिलाकर अब भाजपा वाली एनडीए बिहार में सरकार बना चुकी है और नीतीश कुमार फिर से बिहार के सीएम नजर आएंगे। नीतीश की सरकार चलाने की आगे क्या रणनीति रहती है इस पर सभी की नजरें टिकी हैं। दूसरी ओर किसी समय राजनीति



की अच्छी खासी जानकारी रखने वाले प्रशांत किशोर की पार्टी जन सुराज बिहार में अपना खाता तक खोलने में असमर्थ रही है। हाल ही में दिए एक इंटरव्यू में प्रशांत किशोर ने साफ कहा था कि इस बार नीतीश कुमार मुख्यमंत्री नहीं बनेंगे। उन्होंने यह भी कहा था कि जेडीयू को 25 से ज्यादा सीटें भी नहीं आएंगी। बिहार चुनाव नतीजों के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भाजपा मुख्यालय पहुंचकर एनडीए के नेताओं और कार्यकर्ताओं को बधाई दी एवं बिहार की जनता का धन्यवाद किया। उन्होंने कहा कि बिहार के लोगों ने विकसित और समृद्ध बिहार के लिए मतदान किया है।

वहीं दूसरी ओर भाजपा ने प्रचंड जीत के तुरंत बाद, पूर्व केंद्रीय मंत्री आरके सिंह को पार्टी विरोधी गतिविधियों के लिए पार्टी से निष्कासित कर दिया गया है। पूर्व केंद्रीय मंत्री आरके सिंह ने नीतीश सरकार पर अत्यंत गंभीर आरोप लगाए थे। उन्होंने एनडीए नेतृत्व पर भी सवाल खड़े किए थे। खैर, अब बात करें विपक्ष की तो विपक्ष ने बिहार चुनावों में हेरा-फेरी से चुनाव जीतने के आरोप लगाए हैं। कांग्रेस नेता अजय माकन ने बिहार में एनडीए की बड़ी जीत पर आरोप लगाते हुए कहा है कि दाल में जरूर कुछ काला है।

वहीं, केरल कांग्रेस ने आरोप लगाया कि 202 सीटों में से 128 सीटों पर एनडीए केवल एसआईआर आधारित विलोपन के कारण जीती है। उन्होंने पूरी तरह से मतदाता सूची संशोधन को इसका जिम्मेदार ठहराया है। एसआईआर यानी विशेष गहन पुनरीक्षण का प्रयास यही रहता है कि मतदाता सूची में कोई भी पात्र व्यक्ति छूट न जाए और कोई भी अपात्र व्यक्ति सूची में शामिल नहीं होने पाए। सीधे तौर पर देखें तो विपक्ष ने वोट चोरी का आरोप लगाना शुरू कर दिया है।

विपक्ष के वोट चोरी का आरोप कब तक चलता है और विपक्ष इसके लिए क्या नए कदम उठाता है यह देखना भी दिलचस्प होगा। फिलहाल एनडीए की नजरें आने वाले पश्चिम बंगाल के चुनावों पर टिकी हैं। 294 सीटों वाले पश्चिम बंगाल राज्य में अगले वर्ष चुनाव होना संभव है, जिसके लिए एनडीए अथवा भाजपा ने अभी से कमर कसना शूरी कर दी है।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

# वंशवादी राजनीति : लोकतंत्र के लिए धीरे-धीरे फैलता 'जहर'



**प्रमोद भार्गव**
**स्वतंत्र टिप्पणीकार**

बिहार विधानसभा चुनाव में राष्ट्रीय जनता दल (राजद) की करारी हार ने न केवल राज्य की सियासत में हलचल मचा दी, बल्कि लालू प्रसाद यादव के परिवार को भी गहरे आंतरिक संकट में धकेल दिया है। हार के तुरंत बाद लालू की बेटी रोहिणी आचार्य ने तेजस्वी यादव के रणनीतिक सलाहकारों- संजय यादव और रमीज खान पर आरोप लगाते हुए कहा कि चुनावी पतन इन्हीं की वजह से हुआ है।

रोहिणी ने यह तक दावा किया कि उन्हें गालियां देकर उनकी किडनी दान को 'गंदी किडनी' कहा गया और उन पर टिकट एवं धन लेने के झूठे आरोप लगाए गए। उनके आक्रोश में छिपा दर्द परिवार के भीतर की खाई को उजागर कर रहा है। लालू के बड़े बेटे तेजप्रताप यादव भी रोहिणी के समर्थन में खुलकर सामने आए। उन्होंने आरोप लगाया कि यदि रोहिणी को माता-पिता द्वारा मानसिक उत्पीड़न झेलना पड़ा है तो इसकी जांच होनी चाहिए। तेजप्रताप का 'जयचंदों को जमीन में दफन कर देंगे' जैसा बयान स्पष्ट करता है कि राजद परिवार के भीतर संघर्ष अपने चरम पर पहुंच चुका है। यह पहली बार नहीं है जब किसी राजनीतिक वंश में सत्ता और प्रभुत्व का संघर्ष खुलकर सामने आया हो। भारतीय राजनीति में वंशवाद लंबे समय से एक बीमारी की तरह फैला हुआ है।

सत्ता के शिखर पर एकता दिखाई देती है, लेकिन पतन शुरू होते ही कुनबे का बिखराव बाहर आ जाता है। लालू परिवार पर जो संकट आज दिख रहा है, वह केवल एक परिवार का मसला नहीं, बल्कि उस विस्तृत राजनीतिक संस्कृति का दुष्परिणाम है, जिसमें नेतृत्व योग्यता से नहीं, रक्त संबंधों से तय होता है।

देश में लगभग हर बड़े दल पर वंशवाद का प्रभाव स्पष्ट दिखता है। कांग्रेस पार्टी दशकों से गांधी परिवार पर केंद्रित रही है। क्षेत्रीय दल भी इससे अछूते नहीं-समाजवादी पार्टी, लोजपा, द्रमुक, शिवसेना, टीआरएस, एनसीपी-हर जगह नेतृत्व की विरासत रक्त-



संबंधों से तय होती रही है। भाजपा भी पूरी तरह इस प्रवृत्ति से मुक्त नहीं है, हालांकि यह मुद्दा उसके सियासी नैरेटिव का प्रमुख हथियार रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी लगातार वंशवाद को लोकतंत्र विरोधी बताते हुए इसकी आलोचना करते रहे हैं।

सच्चाई यह है कि राजनीतिक वंशवाद लोकतंत्र को बहुदलीयता से हटाकर 'एकतंत्रीय व्यक्तिवाद' की ओर ले जाता है। इससे नेतृत्व में योग्यता और जवाबदेही कमजोर होती है। सत्ता आसानी से मिलने से अगली पीढ़ी के नेता संघर्ष, मेहनत और जनसंपर्क की बुनियादी सीख को भूल जाते हैं। यह न केवल लोकतांत्रिक मूल्यों को नुकसान पहुंचाता है, बल्कि सामाजिक असमानता व आर्थिक समस्याओं के समाधान की क्षमता को भी कम करता है।

संविधान में दर्ज 'समता, स्वतंत्रता, न्याय और बंधुता' के आदर्श आज भी चुनौती झेल रहे हैं। देश में पहली बार 1952 के चुनाव में ही जाति व धर्म के आधार पर टिकट बांटे गए थे, और आज 78 वर्ष बाद भी वही प्रवृत्ति जारी है। इस बीच, वंशवाद राजनीतिक खरपतवार की तरह उग आया है। इसकी पकड़ इतनी गहरी है कि उसे लोकतंत्र की दो दर्जन खाटों से भी नापा नहीं जा सकता। लालू, मुलायम यादव, रामविलास पासवान, करुणानिधि, बाल ठाकरे-ये सभी उदाहरण बताते हैं कि कैसे नेता अपने उत्तराधिकारियों के रूप में जनता नहीं, बल्कि परिवार को चुनते आए हैं। लालू ने सीएम के रूप में योग्य नेताओं के बजाय अपनी पत्नी राबड़ी देवी को आगे किया। मुलायम परिवार में दर्जनों लोग सियासत में सक्रिय हैं। पासवान व ठाकरे परिवारों की कलह भी सबके सामने है। दक्षिण भारत में द्रमुक और टीआरएस में पारिवारिक विवादों से स्पष्ट है कि सत्ता का संघर्ष रक्त-संबंधों के घेरे में ही घूमता रहता है।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

**अनंत ज्ञान**

प्रकाशक, मुद्रक एवं मुख्य संपादक डॉ. दिलीप धाकड़ द्वारा फोकस हिमाचल मीडिया प्रा. लि. के लिए बायोसर्ट इंटरनेशनल प्रा. लि. प्लॉट नंबर 8, फेज-2 इंडस्ट्रियल एरिया, नगरोटा बगवां, जिला कांगड़ा (हि.प्र.), पिन नंबर-176047 से मुद्रित एवं प्रकाशित। समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन के लिए पीआरबी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी।

आरएनआई संदर्भ संख्या-HPHIN/25/A0284
ई-मेल : anantgyaanmedia@gmail.com
फोन नंबर : 01892-299098

## न्यूज ब्रीफ

### प्रतिभागियों को नशे से दूर रहने की दिलाई शपथ

**अनंत ज्ञान, करसोग।** नशा मुक्त भारत अभियान के तहत बीएड कॉलेज करसोग में नशामुक्ति जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को नशे के दुष्प्रभावों से अवगत कराना और उन्हें नशा मुक्त जीवन के लिए प्रेरित करना था। तहसील कल्याण अधिकारी भोपाल शर्मा ने उपस्थित प्रतिभागियों को नशा मुक्ति की शपथ दिलाई। उन्होंने युवाओं को समाज की शक्ति बताते हुए ऐसे कार्यक्रमों की आवश्यकता पर बल दिया। कार्यक्रम का समापन नशा मुक्त समाज के संकल्प के साथ हुआ।

### यूएई में डिलीवरी राइडर्स के लिए 22 तक करें आवेदन

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** उपरोजगार कार्यालय सरकाघाट ने विदेश में रोजगार के इच्छुक युवाओं के लिए सूचना जारी की है। हिमाचल प्रदेश राज्य इलेक्ट्रॉनिक्स विकास निगम शिमला द्वारा जेएसडीसी ग्रुप ऑफ कंपनीज के माध्यम से यूएई में डिलीवरी राइडर्स (केवल पुरुष) के पदों पर भर्ती शुरू की गई है। चयनित उम्मीदवारों को 2500 दिरहम वेतन के साथ कमीशन मिलेगा, जो लगभग 70,000 से 1,00,000 रुपए होगा। 10वीं पास, 20-37 वर्ष आयु, अंग्रेजी का बुनियादी ज्ञान और वैध ड्राइविंग लाइसेंस व पासपोर्ट अनिवार्य हैं। इच्छुक अभ्यर्थी 22 नवंबर 2025 तक गूगल फॉर्म के माध्यम से पंजीकरण कर सकते हैं।

### युवाओं ने ली नशा न करने की शपथ

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर।** आईटीआई लडभड़ोल में बुधवार को नशा मुक्त भारत अभियान के तहत जागरूकता रैली आयोजित की गई। रैली का उद्देश्य समाज को नशे के दुष्प्रभावों से अवगत कराना और युवाओं को नशे से दूर रहने के लिए प्रेरित करना था। प्रतिभागियों ने विभिन्न मार्गों से होते हुए नशा विरोधी संदेश दिए और लोगों से मुहिम का हिस्सा बनने की अपील की। कार्यकारी प्रधानाचार्य नवीन कुमार ने युवाओं को सकारात्मक दिशा में आगे बढ़ने का आह्वान किया। कार्यक्रम का समापन नशा मुक्त समाज की शपथ के साथ हुआ।

### विकास कार्यों को समय पर करें पूरा: एडीएम

**अनंत ज्ञान, करसोग।** करसोग उपमंडल में विभिन्न विभागों के विकासात्मक कार्यों की समीक्षा बैठक एडीएम मंडी मदन कुमार की अध्यक्षता में एसडीएम सभागार में आयोजित हुई। बैठक में क्षेत्र की परियोजनाओं, जनकल्याण योजनाओं और वित्तीय आवश्यकताओं की प्रगति पर चर्चा की गई। एडीएम ने अधिकारियों को लंबित कार्य निर्धारित समय में पूरा करने और सभी औपचारिकताएं समय रहते पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने प्राकृतिक आपदा से हुए नुकसान का भी आकलन किया। एडीएम ने टीम भावना से कार्य करने और 80% पूर्ण हो चुके प्रोजेक्ट्स को प्राथमिकता देने पर जोर दिया। बैठक में एसडीएम करसोग सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

### डिजिटल लेनदेन व बीमा योजनाओं की दी जानकारी

**अनंत ज्ञान, रिवालसर।** हिमाचल प्रदेश राज्य सहकारी बैंक रिवालसर शाखा ने गांव धिउण धार में जागरूकता शिविर आयोजित किया। इसमें ग्रामीणों को बैंकिंग सेवाओं, डिजिटल लेनदेन और बीमा योजनाओं की जानकारी दी गई। शाखा प्रबंधक जयदेव कुमार और राजकुमार ने प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना एवं प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना के लाभ, पात्रता और पंजीकरण प्रक्रिया को समझाया। ग्रामीणों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए प्रश्न पूछे। बैंक टीम ने ऐसे कार्यक्रम भविष्य में भी जारी रखने की बात कही।

### भाषण प्रतियोगिता में थानेश्वरी ने मारी बाजी

**अनंत ज्ञान, सुंदरनगर।** बाल विकास परियोजना सुंदरनगर के अंतर्गत पंचायत जरल के जरल स्कूल में बाल विकास परियोजना अधिकारी पूनम चौहान की अध्यक्षता में देई कार्यक्रम के तहत बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ किशोरी मेला आयोजित किया गया। उन्होंने छात्राओं को किशोरावस्था के शारीरिक-मानसिक परिवर्तन, नशा निवारण, बाल विवाह, स्वच्छता, मासिक धर्म से जुड़ी भ्रांतियों और उचित पोषण पर विस्तृत जानकारी दी। कार्यक्रम में भाषण व चित्रकला प्रतियोगिताएं भी आयोजित हुईं, जिनमें थानेश्वरी और गिरीश ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। विजेताओं को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में पर्यवेक्षक, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता और लगभग 100 छात्र-छात्राओं ने सहभागिता की।

# सिंचाई कूहलें बंद; खेतों में मलबा, खेती-बाड़ी पर संकट

## कुन्नू पंचायत के किसानों का एनएचएआई के खिलाफ विरोध

**कविता, अनंत ज्ञान**



नारला में सिंचाई कूहल व अवैध डंपिंग को लेकर प्रदर्शन करते किसान।

अनंत ज्ञान मुद्दा

**पधर।** मंडी-पठानकोट फोरलेन निर्माण के दौरान हो रही अवैध डंपिंग और लापरवाही ने क्षेत्र के किसानों की परेशानियां बढ़ा दी हैं। कुन्नू पंचायत के किसानों ने एनएचएआई के खिलाफ विरोध-प्रदर्शन करते हुए कहा कि सिंचाई कूहलों में मलबा और भारी भरकम पत्थर गिराए जाने से कृषि कार्य बुरी तरह प्रभावित हो रहे हैं। पंचायत उपप्रधान अविनाश कटोच ने बताया कि इस समय गेहूं बिजाई का महत्वपूर्ण दौर चल रहा है।

बारिश न होने से किसान पहले ही चिंतित हैं, ऊपर से सिंचाई कूहलें फोरलेन कार्य के दौरान नालों में फेंके गए मलबे से पूरी तरह बंद हो चुकी हैं। इससे खेतों तक पानी नहीं पहुंच पा रहा और किसान समय पर सिंचाई करने में असमर्थ हो रहे हैं। किसानों का आरोप है कि वे कई बार एनएचएआई अधिकारियों को समस्या से अवगत करा चुके हैं, लेकिन हर बार उन्हें केवल आश्वासन ही मिला है।

नाले और कूहलों में जमा मलबा खेतों तक फैलकर उपजाऊ भूमि को भी नुकसान पहुंचा रहा है। सिंचाई के लिए बिछाई गई पाइपें भी मिट्टी व पत्थरों से बंद हो चुकी हैं। जानकारी के अनुसार, नारला खड्ड पर निर्मित सिंचाई कूहल से डलाह और कुन्नू पंचायत के कई गांवों को सिंचाई सुविधा मिलती है। राजस्व आंकड़ों के मुताबिक, डलाह पंचायत की लगभग 75 हेक्टेयर भूमि और कुन्नू पंचायत की लगभग 50 हेक्टेयर भूमि इस कूहल से सिंचित होती है। क्षेत्र के सैकड़ों किसान खेती और बागवानी के माध्यम से आजीविका चलाते हैं। सिंचाई व्यवस्था ठप होने से फसल उत्पादन पर गंभीर प्रभाव पड़ रहा है। पंचायत समिति सदस्या कविता चौहान ने बताया कि सेनड, बाड़ी और बेसहड कूहलें भी कई स्थानों से टूट चुकी हैं, जिससे खेतों तक पानी पहुंचने में समय लग रहा है और पर्याप्त मात्रा में पानी नहीं मिलता। पधर-कॉलेज हरडगलु संपर्क मार्ग निर्माण कार्य के कारण सड़क किनारे बनी कूहल भी क्षतिग्रस्त हुई है। उन्होंने लोक निर्माण विभाग से ढाडु के पास बंद पड़ी कूहल को शीघ्र खोलने की मांग की। कविता चौहान ने कहा कि कूहल का हेड सही तरीके से नहीं बना है, जिसके कारण आधे से ज्यादा पानी नाले में बह जाता है। उन्होंने हेड के पुनर्निर्माण की मांग की, ताकि पानी का उपयोग सुचारु रूप से हो सके।

### किसानों की चेतावनी

किसानों ने चेतावनी दी है कि यदि प्रशासन और एनएचएआई तुरंत नारला नाले में बने हेड को ठीक नहीं करते और कूहलों में पड़ा मलबा नहीं हटाते, तो वे फोरलेन निर्माण कार्य को रोकने के लिए सामूहिक कदम उठाने को मजबूर होंगे। ऐसी स्थिति के लिए एनएचएआई पूरी तरह जिम्मेदार होगा।

### मौके पर पहुंचे अधिकारी सुनीं शिकायतें

**सूचना** मिलने पर एनएचएआई के प्रोजेक्ट मैनेजर प्रवीण मौके पर पहुंचे। उन्होंने किसानों की शिकायतें सुनीं, हालात का जायजा लिया और सिंचाई कूहल को सुचारु करने के लिए तुरंत कार्य शुरू कर दिया। इस दौरान जल शक्ति विभाग पधर के सहायक अभियंता भी मौजूद रहे।

## रिस्सा पंचायत के ग्रामीणों का विरोध तेज, एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

### 3 साल से बंद सड़क निर्माण बहाल करने की मांग



विरोध प्रदर्शन करते हुए रिस्सा पंचायत के ग्रामीण।

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट**

**सरकाघाट** उपमंडल की रिस्सा पंचायत के ग्रामीणों ने ब्रारता-रिस्सा-नलासा सड़क निर्माण में तीन वर्षों से जारी बाधा को लेकर एसडीएम सरकाघाट स्वाति डोगरा को शिकायत पत्र सौंपा। ग्रामीणों ने बताया कि नबार्ड योजना के तहत बनने वाली इस सड़क को सिहल गांव के निवासी रमेश चंद द्वारा लिए गए स्टे के कारण अधूरा छोड़ दिया गया है, जिससे दर्जनों गांवों के लोगों को भारी परेशानी झेलनी पड़ रही हैं। ग्रामीणों का कहना है कि संबंधित व्यक्ति ने सड़क पर तीन वर्ष पूर्व स्टे तो ले लिया, परंतु आज तक स्टे ऑर्डर की प्रति तक उपलब्ध नहीं करवाई। साथ ही जिस हिस्से पर वर्तमान में स्टे बताया जा रहा है, उसी स्थान पर वह पहले स्वयं कार्य करवा चुका है और मजदूरों का भुगतान भी ले चुका है, जो इस कार्रवाई पर कई सवाल खड़े करता है। सड़क बंद होने से एलपीजी गैस सप्लाई, एंबुलेंस सेवाएं, स्कूल-कॉलेज आवागमन और दैनिक गतिविधियां गंभीर रूप से प्रभावित हैं। ग्रामीणों ने चेतावनी दी कि यदि प्रशासन जल्द हस्तक्षेप नहीं करता, तो मजबूरन संबंधित पक्ष के रास्ते को समान रूप से बंद करने की कार्रवाई करेंगे। एसडीएम से मांग की कि सड़क को तुरंत बहाल किया जाए और स्टे ऑर्डर की प्रति सार्वजनिक की जाए। बीडीओ गोपालपुर एवं पंचायत को खराब पड़े पैदल रास्तों को दुरुस्त करने के लिए भी निर्देश देने की मांग की। शिकायत सौंपने वालों में जिला परिषद सदस्य मुनीष शर्मा, पंचायत प्रधान लता देवी सहित अन्य ग्रामीण उपस्थित रहे।

## हराबाग स्कूल के स्टूडेंट्स को बांटे अश्वगंधा के पौधे

अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी। भारतीय चिकित्सा पद्धति हर्बल गार्डन एवं हरबेरियम जोगिंद्रनगर की ओर से राष्ट्रीय अश्वगंधा अभियान के तहत राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला हराबाग के विद्यार्थियों को अश्वगंधा के पौधे वितरित किए गए। परियोजना अधिकारी डॉ. उज्जवल दीप शर्मा ने विद्यार्थियों को अश्वगंधा के औषधीय गुण, तनाव निवारण पर इसके लाभों की जानकारी दी। कार्यक्रम में कार्यवाहक प्रधानाचार्य निधि शर्मा, एनएसएस के भागमल, इको क्लब प्रभारी कविता ठाकुर और अन्य शिक्षक उपस्थित रहे।

## जश्न नहीं, 3 साल का माफी पत्र जारी करे सरकार : मनीष

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** सरकाघाट भाजपा प्रवक्ता एडवोकेट मनीष कंवर ने प्रेस विज्ञप्ति में कहा कि सरकार को 3 साल का जश्न नहीं, बल्कि जनता के सामने माफी पत्र जारी करना चाहिए। उन्होंने कहा कि सरकार का 3 साल का कार्यकाल निराशाजनक रहा है, जिसमें प्रत्येक वर्ग को निराशा हाथ लगी है। सरकार बताए कि प्रदेश की जनता की कसौटी पर वह कितना खरा उतरी है। आज स्थिति यह है कि बेरोजगारी अपनी चरम सीमा पर पहुंच चुकी है। सरकार की 10 गारंटियों को प्रदेश के चुनावी इतिहास का सबसे बड़ा धोखा करार दिया। उन्होंने मुख्यमंत्री सुक्खू के कार्यकाल को प्रदेश के आज तक के इतिहास का सबसे निराशाजनक रहा है। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार की दुर्गति विपक्षी गठबंधन की बिहार में हुई है, उससे भी बदतर स्थिति आने वाले हिमाचल के विधानसभा चुनावों में कांग्रेस की होगी।

## धर्मपुर के डीपीएफ खैर में छोड़ा बेबी सांभर

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट**

**धर्मपुर** सरसकान सड़क पर खैर के पास मिले बेबी सांभर को वन तथा पशुपालन विभाग की संयुक्त टीम द्वारा प्राथमिक उपचार के पश्चात जंगल में छोड़ दिया गया।

सांभर का यह घायल शावक जिसके पेट पर जख्म था। मंगलवार शाम को कुछ प्रवासी मजदूर सड़क पर जीप में डालने की कोशिश कर रहे थे, लेकिन मौके पर पहुंचे अमन ठाकुर व सलमान ने इसकी सूचना पंचायत प्रधान उमेश ललित को दी। प्रधान ने वेटरनरी फार्मासिस्ट अमर चंद को बुलाकर प्राथमिक उपचार कराया। बुधवार सुबह पुनः स्वास्थ्य परीक्षण करने के उपरांत जंगल में छोड़ने का फैसला लिया गया। सांभरों के झुंड की ताजा उपस्थिति जानने के उद्देश्य से वन रक्षकों रिंकू, अर्जुन सिंह और नवीन कुमार द्वारा करीब दो घंटे तक जंगल की रेकी की गई। आसपास सांभरों के मौजूद होने के सबूत मिलने पर शावक को छोड़ दिया गया।



## सरकाघाट में स्मार्ट मीटर लगाने का कार्य शुरू, 43,635 उपभोक्ताओं को मिलेगा लाभ

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** सरकाघाट विद्युत मंडल में स्मार्ट मीटर लगाने का कार्य औपचारिक रूप से आरंभ हो गया है। विभाग चरणबद्ध तरीके से सभी उपभोक्ताओं के पारंपरिक मीटर बदलकर स्मार्ट मीटर स्थापित करेगा। वरिष्ठ अधिशाषी अभियंता इंजीनियर आरके गुप्ता ने बताया कि सरकाघाट विद्युत मंडल के चार उपमंडलों सरकाघाट, भांबला, बलद्वाड़ा और भदरवाड़ में कुल 43,635 उपभोक्ताओं के लिए स्मार्ट मीटर लगाने की प्रक्रिया प्रारंभ कर दी गई है। स्मार्ट मीटर लगने से उपभोक्ताओं को रियल टाइम खपत की जानकारी मिलेगी, मीटर रीडिंग व बिलिंग में मानवीय त्रुटि घटेगी और शिकायतों में कमी आएगी। उपभोक्ता मोबाइल ऐप या पोर्टल के माध्यम से अपनी खपत और बिल की जानकारी आसानी से प्राप्त कर सकेंगे, जिससे बिलिंग में पारदर्शिता बढ़ेगी और लाइन लॉस में कमी आने से सेवा की गुणवत्ता भी सुधरेगी। उन्होंने उपभोक्ताओं से स्मार्ट मीटर स्थापना कार्य में सहयोग करें।

## देव संस्कृति और हिमाचली विरासत को संजोकर रखने की खाई कसम



देव संस्कृति और हिमाचली विरासत संरक्षण पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित।

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**

**मंडी** जिले में देव संस्कृति और हिमाचल की समृद्ध सांस्कृतिक धरोहर के संरक्षण पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसका मूल मंत्र हमारी संस्कृति हमारी पहचान रहा। कार्यक्रम में गोपाल कपूर, समाजसेवी और पूर्व प्रो. वीसी अनुपमा सिंह, देव सेना के संस्थापक मनीष वत्स तथा देव समाज के अनेक गणमान्य सदस्य और स्थानीय लोग उपस्थित रहे।

वक्ताओं ने कहा कि हिमाचल की देव संस्कृति केवल पूजा-पाठ तक सीमित नहीं है, बल्कि यह हमारी सामाजिक संरचना, पर्यावरण संरक्षण, लोक परंपराओं और आपसी भाईचारे की नींव है। आधुनिक दौर में पाश्चात्य संस्कृति के बढ़ते प्रभाव के बीच अपनी जड़ों से जुड़े रहना और आने वाली पीढ़ियों को देव संस्कृति का महत्व समझाना अत्यंत आवश्यक है। मनीष वत्स ने कहा कि देव भूमि हिमाचल की पहचान इसके देवता, लोकनृत्य-गीत, मेले और प्रकृति प्रेम में छिपी है, जिन्हें खोने का अर्थ अपनी पहचान खोना होगा। अनुपमा सिंह ने महिलाओं और युवाओं से लोक परंपराओं को जीवंत रखने का आह्वान किया, जबकि गोपाल कपूर ने संस्कृति संरक्षण के लिए सामुदायिक प्रयासों की सराहना करते हुए ऐसे आयोजनों को आगे भी जारी रखने का संकल्प दोहराया। कार्यक्रम के अंत में सभी ने प्रतिज्ञा ली कि वे देव संस्कृति और हिमाचली विरासत को संजोकर रखने के साथ-साथ इसे और मजबूत बनाने के लिए सतत प्रयास करेंगे।

## कन्या स्कूल जोगिंद्रनगर की चार छात्राएं नेशनल के लिए चयनित



**अभिषेक, अनंत ज्ञान**

**जोगिंद्रनगर।** पीएम श्री राजकीय आदर्श कन्या पाठशाला जोगिंद्रनगर की चार छात्राओं का चयन राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं के लिए हुआ है। जुब्बल में आयोजित हुई राज्यस्तरीय प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन करते हुए अक्षिता, अंशिका और सारिका ठाकुर ने खो-खो में नेशनल के लिए जगह बनाई है। वहीं, आरती का कबड्डी में राष्ट्रीय स्तर के लिए चयन हुआ है।

इन चारों खिलाड़ियों के उत्कृष्ट प्रदर्शन ने विद्यालय के खेल स्तर को प्रदेश के शीर्ष संस्थानों की श्रेणी में ला खड़ा किया है। अक्षिता को खो-खो में प्रदेश की सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी घोषित किया गया, जबकि आरती को कबड्डी में सर्वश्रेष्ठ डिफेंडर का पुरस्कार मिला है। दिसंबर माह में अक्षिता, अंशिका और सारिका ठाकुर हनुमानगढ़, राजस्थान में होने वाली नेशनल खो-खो प्रतियोगिता में हिस्सा लेंगी। वहीं, आरती विजयवाड़ा, आंध्र प्रदेश में होने वाली राष्ट्रीय कबड्डी प्रतियोगिता में हिमाचल प्रदेश का प्रतिनिधित्व करेगी। नेशनल स्तर के लिए इन छात्राओं का चयन पूरे क्षेत्र के लिए गर्व का विषय है। प्रधानाचार्य मनोज चौहान ने खिलाड़ियों, अभिभावकों, समस्त स्टाफ, एसएमसी के सदस्यों तथा विशेष रूप से विद्यालय के डीपीई मनोहर लाल और शारीरिक शिक्षक उमेश कुमार को बधाई दी है।

**दो खिलाड़ियों को मिला सर्वश्रेष्ठ का खिताब, स्कूल में खुशी की लहर**

## पंडोह डैम में बढ़ा जलस्तर बग्गी टनल बंद होने से कभी भी छोड़ा जा सकता है पानी

**बालक राम, अनंत ज्ञान, पंडोह।** पंडोह डैम जलाशय में अचानक जलस्तर बढ़ने के बाद क्षेत्र में चिंता का माहौल बन गया है। भाखड़ा ब्यास प्रबंधन बोर्ड (बीबीएमबी) ने आसपास की पंचायतों, समाजसेवी संगठनों और जिला प्रशासन को लिखित रूप में सूचित किया है कि पंडोह डैम के डाउनस्ट्रीम से ब्यास नदी में कभी भी पानी छोड़ा जा सकता है, इसलिए लोग नदी के किनारे न जाएं और सतर्क रहें। यह जानकारी पंडोह स्थित इलेक्ट्रिकल एवं मैकेनिकल डिवीजन, बीबीएमबी के अधिशाषी अभियंता संतोष राणा ने दी। उन्होंने बताया कि पंडोह-बग्गी टनल प्रशासनिक कारणों से बंद की गई है, जिसके चलते डैम में जलस्तर काफी बढ़ गया है और अतिरिक्त जल को अधिक देर तक झील में संग्रहित नहीं किया जा सकता। अधिशाषी अभियंता ने ब्यास नदी को आर-पार करने वाले लोगों, मछुआरों और तटीय क्षेत्रों में रहने वाले लोगों से विशेष रूप से सतर्क रहने का आह्वान किया है। जलस्तर बढ़ने के कारण पंडोह-सराची वैकल्पिक सड़क मार्ग पर पानी भर गया है, जिससे मार्ग बंद हो गया है और लोगों को कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। अधिशाषी अभियंता ने मंडी, कांगड़ा तथा हमीरपुर जिलों के उपायुक्तों से भी अनुरोध किया है कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में आवश्यक सावधानी और जागरूकता सुनिश्चित करें।

**बीबीएमबी ने डाउनस्ट्रीम क्षेत्र के लोगों को सतर्क रहने की दी चेतावनी**

## यदोपति ने पीजीआई में एसिड अटैक की शिकार महिला का जाना हाल



यदोपति ठाकुन ने इलाज में हरसंभव मदद दिलाने का दिया भरोसा।

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट**

**हिमाचल** प्रदेश के युवा नेता, पूर्व एनएसयूआई अध्यक्ष एवं पूर्व युवा कांग्रेस अध्यक्ष यदोपति ठाकुर पीजीआई चंडीगढ़ पहुंचे, जहां उन्होंने मंडी में एसिड अटैक की शिकार महिला से मुलाकात की। उन्होंने डॉक्टरों से उपचार की स्थिति जानी और पीड़ित परिवार को हरसंभव सहयोग का आश्वासन दिया। इस दौरान उन्होंने परिवार की आर्थिक सहायता भी प्रदान की। उन्होंने आश्वस्त किया कि वह स्वास्थ्य मंत्री और मुख्यमंत्री से व्यक्तिगत रूप से मुलाकात कर पीड़िता को सरकार की ओर से पूर्ण आर्थिक, चिकित्सीय और कानूनी सहायता दिलवाने के लिए पहल करेंगे।

**चिंता** गर्भवती महिलाओं को डॉक्टर कर रहे सिर्फ रेफर, रास्ते में हो रही डिलीवरी, उठे कई सवाल

# रेफरल अस्पताल बना संधोल अस्पताल

**रितेश चौहान, अनंत ज्ञान**



संधोल अस्पताल।

अनंत ज्ञान मुद्दा

**सरकाघाट।** सिविल अस्पताल में अरसे भर से स्वास्थ्य सुविधाओं का अभाव तो रहा है, लेकिन दर्जन भर पंचायतों की हजारों की आबादी के लिए संस्थान अब खुद ही सिरदर्द बन गया है। इलाज के नाम पर रेफर व दवाइयों के नाम पर लंबी-लंबी पर्चियां हाथ लगती हैं।

वहीं, न कोई विशेषज्ञ, न अल्ट्रा साउंड और न एक्सरे मशीन उपलब्ध है। इक्का-दुक्का डॉक्टर भी महज करोडों के भवन के महज प्रहरी बनकर रह गए हैं। इसका जीवंत उदाहरण मंगलवार की रात को देखने को मिला, जब एक गरीब गर्भवती प्रवासी को देर रात रेफर कर दिया, लेकिन रास्ते में उसका प्रसव सफलतापूर्वक एंबुलेंस के स्टाफ ने करवा दिया, जबकि लाखों में पगार लेने वाले कुशल डॉक्टर ने इसे रेफर ही कर दिया। लचर स्वास्थ्य सुविधाओं को लेकर क्षेत्र की नारी शक्ति ने 22 दिन आंदोलन भी किया, लेकिन स्थानीय विधायक के आश्वासन के बाद भी सुविधा नहीं मिली। न मांगें पूरी हुई और न ही लोगों का दर्द कम हुआ। क्षेत्र में ताजा घटनाक्रम में 108 एंबुलेंस टीम ने एक बार फिर अपनी त्वरित कार्यशैली और संवेदनशीलता का परिचय दिया, जब देर रात एक प्रवासी मजदूर महिला ने एंबुलेंस में ही बच्चे को जन्म दिया।

**अस्पतालों की कार्यप्रणाली सवालों के घेरे में :** जानकारी के अनुसार, बिहार निवासी मनीषा को प्रसव पीड़ा बढ़ने पर संधोल अस्पताल से हमीरपुर मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया था, लेकिन रास्ते में लंबागांव के पास स्थिति अचानक जटिल हो गई और प्रसव पीड़ा अत्यधिक बढ़ गई। स्थिति को भांपते हुए एंबुलेंस चालक पंकज और ईएमटी राकेश ने बिना समय गंवाए पूरी सावधानी और दक्षता के साथ प्रसव प्रक्रिया शुरू की। रात साढ़े ग्यारह बजे एंबुलेंस में ही सफल प्रसव करवाया। दोनों कर्मचारियों ने नवजात के जन्म के बाद त्वरित प्राथमिक उपचार भी प्रदान किया। मां और नवजात दोनों पूरी तरह सुरक्षित हैं।

**करोड़ों का भवन बिन डॉक्टरों के बना सफेद हाथी**

### लोगों ने की एंबुलेंस टीम की सराहना

स्वास्थ्य विभाग की एंबुलेंस टीम की लोगों ने जमकर सराहना की है। हालांकि, यह पहली घटना नहीं है। इससे पहले भी कई बार एंबुलेंस में प्रसव की नौबत आई है। ऐसे मामले कहीं-न-कहीं अस्पतालों की रेफरल प्रणाली और डॉक्टरों की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े करते हैं। 108 कर्मियों की तत्परता ने एक बार फिर साबित किया है कि आपात स्थिति में ये कर्मचारी मरीजों की सबसे बड़ी उम्मीद बनकर उभरते हैं, क्योंकि नाम के इस सिविल अस्पताल में पिछले एक दशक भर से किसी महिला का प्रसव नहीं हो पाया। ऐसे में लोगों को बड़े अस्पतालों के कई कई बार चक्कर लगाने पड़ते हैं।

**जानकारी** नहीं है कि एंबुलेंस में कोई प्रसव हुआ है। अस्पताल में डॉक्टर नर्स हैं, लेकिन किस कारण रेफर हुए थे। इस बात की मुझे जानकारी नहीं है।

**-धर्मपाल, बीएमओ संधोल अस्पताल।**

## कांडापतन ब्यास में डाला 88,000 मछली बीज

### राणा खड्ड में भी 45,000 बीज छोड़े, रिवर रैंचिंग कार्यक्रम का अंतिम चरण संपन्न

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट**

**जैव** विविधता संरक्षण, नदीय मत्स्य उत्पादन बढ़ाने और पर्यावरणीय संतुलन बनाए रखने के उद्देश्य से जिले में रिवर रैंचिंग कार्यक्रम का पांचवां और अंतिम चरण आयोजित किया गया। अंतिम चरण में कांडापतन ब्यास नदी में 88,000 तथा राणा खड्डे में लगभग 45,000 भारतीय मेजर कार्प मछलियों के बीज (रोहू, मृगल आदि) छोड़े गए। कंडापत्तन में स्थानीय विधायक चंद्रशेखर मुख्य अतिथि रहे।

उन्होंने स्थानीय मछुआरों और मत्स्य पालकों को संबोधित करते हुए फिशरीज को-ऑपरेटिव सोसायटी बनाने और उसे मजबूत करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि प्राकृतिक मत्स्य संसाधनों का संरक्षण स्थानीय समुदाय और विभाग की साझा जिम्मेदारी है। उन्होंने मछुआरों से असमय और अवैध मछली पकड़ने से बचने तथा संरक्षण प्रयासों में सहयोग करने का आग्रह किया। सहायक निदेशक मत्स्य मंडी नीतू सिंह ने बताया कि वर्षभर में विभाग द्वारा चरणबद्ध तरीके से ब्यास नदी, सुकेती खड्ड, अलसेड खड्ड, ज्यूणी खड्ड और उहल नदी में कुल 5,09,000 मछली बीज छोड़े गए हैं, जिससे नदीय मत्स्य संपदा को मजबूती मिलेगी व मछुआरों और मत्स्य पालकों को दीर्घकालिक आर्थिक लाभ होगा। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम के दौरान स्थानीय नागरिकों, मछुआरों और मत्स्य पालकों को मत्स्य संरक्षण, अवैध मछली पकड़ने के दुष्प्रभाव और विभाग की जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में जागरूक किया गया। इस कार्यक्रम को सुचारु रूप से कार्यान्वित करवाने के लिए सहायक निदेशक मत्स्य, बिलासपुर, पंकज ठाकुर पर्यवेक्षक के रूप में तैनात थे। कार्यक्रमों में महाशीर फॉर्म मछयाल के मत्स्य उपनिरीक्षक मुकेश कुमार और विभागीय कर्मचारी उपस्थित रहे।



रैंचिंग कार्यक्रम का पांचवां और अंतिम चरण के तहत मछली का बीज छोड़ते हुए।

# सहकारिता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

बिन सहकार नहीं उद्धार



मदन लाल (सचिव)


अनिल कुमार (सचिव)


सुजाता कुमारी (सचिव)


सविता कुमारी (सचिव)


Ashwani Kumar
Secretary


विपन कुमार (सचिव)


लेखराम सैणी (प्रधान)


धर्मेंद्र (सचिव)


नंदनी कुमारी (सचिव)


राज कृष्ण (सचिव)


मनोज कुमार (सचिव)


रजनीश कुमार (सचिव)


परमजीत सिंह (सचिव)


रणवीर सिंह (प्रधान)


नीलाक्षी (सचिव)

---

## सहकारिता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

## THE GHARTHOON CO.OP. AGRI SERVICE SOCIETY LTD.

Vill. & P.O. Gharthoon (Arth) Teh. Palampur, Distt. Kangra (H.P.)

प्रबंधक कमेटी

1. श्री मुरली राम प्रधान
2. श्री विक्रमजीत उप-प्रधान
3. श्री सरन दास कोषाध्यक्ष
4. श्री सरदार सिंह सदस्य
5. श्रीमति निर्मला देवी सदस्य


मदन लाल, सचिव

---

बिन सहकार नहीं उद्धार

## दी बड़ंहू कृषि सेवा सहकारी सभा सीमित

डा. नैहरनपुखर, तह. देहरा, जिला कांगड़ा (हि.प्र.) 177104


जीवन शर्मा (प्रधान)


संदीप चौहान (सचिव)

प्रबंजक कमेटी- जीवन शर्मा-प्रजान, यशपाल मेहता-उपप्रजान
सदस्य-संजय कुमार, हरगोपाल, रक्षपाल

---

बिन सहकार नहीं उद्धार

## दी खुण्डियां कृषि सेवा सहकारी सभा सीमित खुण्डियां

डाकघर व तहसील खुण्डियां, जिला कांगड़ा (हि.प्र.)

प्रबंजक कमेटी
हरनाम सिंह-प्रजान
ज़ान सिंह-उप प्रजान
सदस्य
प्रताप सिंह, चूड़ सिंह
रमेश चंद

कर्मचारी वर्ग
मनोज कुमार-सचिव
विजय कुमार-विक्रेता
सुरेश कुमार-चौकीदार

यह सभा 24 घंटे सेवा में उपलब्ध रहती है और दूसरे बैंकों से 1/2 प्रतिशत कम दर पर ऋण देती है।


मनोज कुमार (सचिव)

---

बिन सहकार नहीं उद्धार

## दी बनखंडी कृषि सेवा सहकारी सभा सीमित

डा. बनखंडी , तहसील देहरा, जिला कांगड़ा (हि.प्र.)

कमेटी सदस्य
सुरेंद्र पराशर- प्रजान
अमीं चंद-उपप्रजान
कमेटी सदस्य
मेहर सिंह, करतार सिंह
अमरो देवी

कर्मचारी वर्ग
अनिल कुमार-सचिव
शिव कुमार-विक्रेता
हंसराज-चौकीदार
पवन कुमार-हेल्पर


अनिल कुमार (सचिव)

---

बिन सहकार नहीं उद्धार

## दी तंगरोटी कृषि सेवा सहकारी सभा सीमित

डा. रमेढ़ , तहसील धर्मशाला, जिला कांगड़ा (हि.प्र.)

कर्मचारी वर्ग
सुजाता कुमारी-सचिव
दिनेश कुमार-लिपिक
राहुल-सैल्जमैन
शुभम-चौकीदार

कमेटी सदस्य
प्रीतम चंद-प्रजान
जगत राम-उपप्रजान
सदस्य- बृज लाल, संसार चंद, वासी राम
राम लाल, परस राम


सुजाता कुमारी (सचिव)

---

बिन सहकार नहीं उद्धार

## दी सुरानी कृषि सेवा सहकारी सभा सीमित

श्रेणी-AA डा. सुरानी , तहसील खुंडियां, जिला कांगड़ा (हि.प्र.)

कमेटी सदस्य
जगत राम-प्रजान
दर्शन कुमार-उपप्रजान
सदस्य- प्रताप सिंह
नरेंद्र सिंह, संजीव कुमार

कर्मचारी वर्ग
सविता कुमारी- सचिव/प्रबंजक
अमित कुमार-विक्रेता
मदन लाल-विक्रेता
पुरुषोजम सिंह-चौकीदार


सविता कुमारी (सचिव)

यह सभा 24 घंटे सेवा में उपलब्ध रहती है और दूसरे बैंकों से 1/2 प्रतिशत कम दर पर ऋण देती है।

---

बिन सहकार नहीं उद्धार

## दी खुडली सगुर कृषि सेवा सहकारी सभा सीमित रक्कड़-भेड़ी

**Furniture, LED, Washing Machine Refrigerator etc.**

यहां पर सस्ते व उचित दाम पर मिलते हैं

Mob. 98055-92208, 98057-92208



---

बिन सहकार नहीं उद्धार

## The Birta Ujjain Nather Agriculture Society LTD.

Reg. No. 119 Dated-22/April/1936

Sh. Munish Kumar
Pradhan
Sh. Kishan Lal
Up Pradhan
Sh. Avtar Singh
Committee Member


Ashwani Kumar
Secretary
9418365493

---

## THE GHUTHIALTA CO-OP AGRI. SERVICE SOCIETY L.T.D.

डाकघर नाहलियां, तह. खुंडियां जिला कांगड़ा (हि.प्र.)

प्रबंध कमेटी
प्रधान : रमेश चंद,
उपप्रधान : बलदेव सिंह
सदस्य : देशराज,
सदस्य : जोगिंद्र सिंह
विक्रेता : राजेश कुमार
सहायक : राहुल कुमार


बहादुर सिंह
(सचिव)

---

## THE THORE CO-OP AGRI. SERVICE SOCIETY L.T.D.

डाकघर ठौर, तह. देहरा, जिला कांगड़ा (हि.प्र.)

Class -AA

प्रबंधक कमेटी

ओम प्रकाश प्रधान, बशीर खान उपप्रधान
सदस्यः- रोशन लाल पटियाल, जीत सिंह पटियाल, मुनीष गुलेरिया
कर्मचारीः- जीवना देवी क्लर्क, अश्वनी कुमार सेल्समैन, कुलदीप कुमार सहायक सेल्समैन, संजय कुमार सहायक सेल्समैन

विशेषः हमारी सभा अन्य बैंकों से अधिक सुविधा व ब्याज देती है।

प्रवीण पठानिया
(सचिव)

---

बिन सहकार नहीं उद्धार

## दी सदरपुर कृषि सेवा सहकारी सभा सीमित

डा. टांडा , तहसील व जिला कांगड़ा (हि.प्र.)


लेखराम सैणी (प्रधान)


धर्मेंद्र (सचिव)

प्रबंधक कमेटी- लेखराज सैज़ी-प्रजान, प्रेम चंद-उपप्रजान
सदस्य- पवन कुमार, सीमा देवी, प्रकाश चंद
कर्मचारी वर्ग-जर्मेंद्र-सचिव, नितिम पाल-विक्रेता, विशाल-हेल्पर

---

बिन सहकार नहीं उद्धार

## दी मरूंह कृषि सेवा सहकारी सभा सीमित

वी.पी.ओ मरूंह, तहसील पालमपुर, जिला कांगड़ा (हि.प्र.)

मोनी राम- प्रजान
गिरजारी लाल - उपप्रजान
विनेश सिंह - कोषाज्यक्ष
भूमि चंद - कमेटी सदस्य
उर्मिला देवी - कमेटी सदस्य


राजेश राणा
(सचिव)

---

बिन सहकार नहीं उद्धार

## दी भौरा कृषि सेवा सहकारी सभा सीमित

डाकघर भौरा, तहसील पालमपुर, जिला कांगड़ा (हि.प्र.)

राम प्रसाद- प्रजान
ज्रुवदेव पाल - उपप्रजान
पुष्प राज कटोच - कोषाज्यक्ष
महेंद्र सिंह - कमेटी सदस्य
नीत पटिया - कमेटी सदस्य


राजेश कटोच
(सचिव)

---


बिन सहकार नहीं उद्धार

## दी अप्पर लाहला कृषि सेवा सहकारी सभा सीमित

लाहला , तहसील पालमपुर, जिला कांगड़ा (हि.प्र.)

कमेटी सदस्य
जगदीश चंद-प्रजान
जर्म चंद-उपप्रजान,
कोषाज्यक्ष :ठाकुर दास
सदस्य : ओम प्रकाश, अमर सिंह
संजय कुमार, कमल कुमार

कर्मचारी वर्ग
विपन कुमार-सचिव
हरनाम सिंह-सेल्जमैन
उमेश कुमार-सेल्जमैन
आशीष कुमार-सेल्जमैन
गगन कुमार-चौकीदार


विपन कुमार (सचिव)

बिन सहकार नहीं उद्धार

# सहकारिता दिवस

## की हार्दिक शुभकामनाएं

### आभार

हिमाचल प्रदेश के लोकप्रिय समाचारपत्र अनंत ज्ञान द्वारा प्रकाशित विशेषांक में सहयोग देने पर सभी विज्ञापनदाता बंधुओं का हृदय से आभार। भविष्य में भी आपका सहयोग यथावत बना रहेगा।

बिन सहकार नहीं उद्धार

सहकारिता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

### दी जनहित ऋण एवं बचत सहकारी सभा सीमित नेरचौक, जिला मंडी (हि.प्र.)

आसान शर्तों पर ऋण का लाभ उठाएं



सरस्वती देवी
प्रधान



कृष्ण चंद
(से.नि. प्रबंधक)
सचिव



गुरी सिंह
(से.नि. प्रिंसिपल)
कोषाध्यक्ष

बिन सहकार नहीं उद्धार

### दी झंडुता कृषि सेवा सहकारी सभा सीमित

की तरफ से

सहकारिता दिवस की समस्त खाता धारकों एवं कमेटी सदस्यों को हार्दिक शुभकामनाएं



बलबीर सिंह (प्रधान)

सहकारिता दिवस की समस्त खाता धारकों एवं कमेटी सदस्यों को हार्दिक शुभकामनाएं

### दी सोलन तहसील सहकारी विपणन एवं वितरण संघ, सोलन (हि.प्र.)




कार्यालय- नजदीक दुर्गा मंदिर, गंज बाजार, सोलन- 173212 (हि.प्र.)

### जोगिन्द्रा केंद्रीय सहकारी बैंक,सोलन

सहकारिता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

लक्ष्मी ठाकुर
निदेशक, जोगिन्द्रा केंद्रीय सहकारी बैंक,सोलन



### दि0 यू0 आर0 एस0 को-ऑपरेटिव गैर-कृषि एवम बचत सोसाइटी लिमिटेड शामती सोलन हि.प्र.

के निदेशक मंडल की तरफ से

सहकारिता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

निदेशक मंडल

बिन सहकार नहीं उद्धार

### दी कृष्णा कृषि सेवा सहकारी सभा सीमित

तहसील झंडुता, जिला बिलासपुर, हिमाचल प्रदेश

की तरफ से

सहकारिता दिवस की समस्त खाता धारकों एवं कमेटी सदस्यों को हार्दिक शुभकामनाएं



सुरेश कुमार (सचिव)

बिन सहकार नहीं उद्धार

### दी दधोल कृषि सेवा "किसान उत्पाद सहकारी संगठन" सीमित पड़यालग

गांव व डाकघर दधोल, तहसील घुमारवीं, जिला बिलासपुर (हि.प्र.) 174023

पंजीकरण संख्या: HPCS-2047

ईमेल - thedadholaggricultureservicefp@gmail.com

की तरफ से

सहकारिता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं



जागीर सिंह मेहता
चेयरमैन, एफ.पी.ओ. दधोल

**दी दधोल कृषि सेवा किसान उत्पाद सहकारी संगठन सीमित पड़यालग का एक वर्ष का सफ़र**

दी दधोल कृषि सेवा किसान उत्पाद सहकारी संगठन सीमित पड़यालग जो दिनांक 02/08/2024 को सहायक पंजीयक सहकारी सभाएं बिलासपुर के सौजन्य से 14 सदस्यों के सहयोग से पंजीकृत हुआ। जिसका मुख्य उद्देश्य किसानों के उत्पाद में मूल्य संवर्धन (वैल्यू एडिशन) करना है और इसी मूल उद्देश्य को करते हुए एफ0 पी0 ओ0 ने प्रथम वर्ष में सदस्य अभियान के अंतर्गत 290 सदस्यों को इस एफपीओ के साथ जोड़ा व उनके उत्पाद गेहूँ, मक्की, आलू इत्यादि को बाजार में उचित दाम में बेच कर उनको दलालों के चंगुल से छुड़ाने की पहल की तथा इसके साथ-साथ किसानों को खाद, बीज, दवाइयाँ, उन्नत किस्म के औजार उपलब्ध करवाने के साथ साथ तकनीकी जानकारियां कृषि, बागवानी तथा पशुपालन से संबंधित विभागों से दिलवाई। एफ0 पी0 ओ0 ने एक नया प्रोजेक्ट महिलाओं के लिए लाया है, जिससे चीड़ की पती के उत्पाद बनाने हेतु महिलाओं को प्रशिक्षण दिया जो अब यह उत्पाद बनाकर अपनी आर्थिकी को मजबूत कर रही हैं। हमारे इन उत्पाद को प्रदेश तथा देश की प्रदर्शनियों में भी सराहा जा रहा है। हम इन सबके लिए हिमाचल प्रदेश के राज्य सहकारी विकास निगम के अत्यधिक आभारी हैं जिन्होंने हमें अपने उत्पाद को और हमारे कार्यों को सराहते हुए हमें आगे बढ़ने का व किसानों की सेवा करने का मौका दिया है।



रीता ठाकुर
मुख्य कार्यकारी अधिकारी
एफ.पी.ओ. दधोल

बिन सहकार नहीं उद्धार

### दी कक्कड़ कृषि सेवा सहकारी सभा सीमित

डाकघर चन्दरुही, तहसील भोरंज, जिला कांगड़ा (हि.प्र.)

**प्रबंधक कमेटी**
हुक्म चंद शर्मा- प्रधान
सौणु राम- उपप्रधान
मनोहर लाल - सदस्य कमेटी
किरना कुमारी - सदस्य कमेटी
विमला देवी - सदस्य कमेटी

**कर्मचारीवर्ग**
भवानी शर्मा- सचिव, सुरक्षा देवी- क्लर्क
इंद्रजीत शर्मा - विक्रेता



हुक्म चंद शर्मा
प्रधान



भवानी दत्त शर्मा
सचिव




बिन सहकार नहीं उद्धार

### दी धनेटा कृषि सेवा सहकारी सभा सीमित


डाकघर धनेटा, जिला हमीरपुर (हि.प्र.)

सहकारिता दिवस के उपलक्ष पर कृषि सहकारी सभा धनेटा की ओर से सभी खाता धारकों को हार्दिक बधाई

सभा पंजीयन संख्या- 38
दिनांक पंजीयन- 27.07.1928
चुनाव प्रबंधक कमेटी- 28.10.25

दिनांक 31.3.2025

| | |
|---|---|
| भागधन सदस्य - | 5481200.00 |
| अमानतें सदस्य - | 14796448.05 |
| सभा की बैंक में पूंजी - | 86291193.00 |
| रिजर्व फंड - | 4405599.17 |
| लाभ 31.3.2025 - | 1776179.81 |



सुखदेव शर्मा
प्रधान



सुशील कुमार शर्मा
सचिव

बिन सहकार नहीं उद्धार

### दी झनियारा कृषि सेवा सहकारी सभा सीमित



पवन कुमार
प्रधान

डाकघर झनियारा
तहसील व जिला
हमीरपुर (हि.प्र.)

की तरफ से

सहकारिता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं



सुभाष चंद
सचिव

प्रगति के पथ पर अग्रसर

बिन सहकार नहीं उद्धार

### दी बारी कृषि सेवा सहकारी सभा सीमित

पंजीकरण संख्या- 51

की तरफ से

दिनांक 18/07/1929

**सुविधाएं**

- हमारी सहकारी सभा में टाटा क्रोमा, क्रौम्पटन, टीवी, फ्रिज, वॉशिंग मशीन, गीजर, हीटर, कैंट बजाज की बस्तुएं, सोफा सैट, बैड बॉक्श, गद्दे, डाईनिंग टेवल आदि वस्तुएं सस्ते दामें पर उपलब्ध हैं।
- सभा का अपना MART है जहां विभिन्न प्रकार की दैनिक उपयोग की वस्तुएं उपलब्ध हैं।
- सभा में सेविंग, आर डी, अवधिवार, MIS योजना पर आर्कषक ब्याज दिया जाता है।
- सभा में LPG गैस सुविधा व लोकमित्र केन्द्र है।
- सभा का सिविल अस्पताल टौणी देवी के पास भारतीय जन औषिधि केन्द्र खुला है। जहां बेहद सस्ते दामों पर दवाईयां उपलब्ध हैं।

**संपर्क करें**
**9805443540**
**8894642949**

सहकारिता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं




बिन सहकार नहीं उद्धार

### दी तज्यार कृषि सेवा सहकारी सभा सीमित- महारल

डाकघर महारल, तहसील ढटवाल (बिझड़), जिला हमीरपुर (हि.प्र.)

की तरफ से

सहकारिता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं






रवि दत्त शर्मा
(सचिव)

## न्यूज ब्रीफ

### एंटी चिट्टा अभियान का किया शुभारंभ

**अनंत ज्ञान, सोलन।** कसौली के विधायक विनोद सुल्तानपुरी ने कहा कि युवाओं को नशे से दूर रखने के लिए प्रदेश सरकार कड़े कदम उठा रही है, ताकि प्रदेश का भविष्य उज्ज्वल बन सके। विनोद सुल्तानपुरी सोलन जिले के धर्मपुर में एंटी-चिट्टा अभियान का शुभारंभ करने के उपरांत उपस्थित युवाओं एवं अन्य को संबोधित कर रहे थे। विनोद सुल्तानपुरी ने कहा कि इस आंदोलन का उद्देश्य नशे के खिलाफ जागरूकता बढ़ाना, नशे से युवाओं को दूर रखना वव नशा माफिया पर कार्रवाई करना है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा नशे के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाई गई है। विधायक ने कहा कि मुख्यमंत्री सुक्खू के नेतृत्व में मादक पादर्थ चिट्टे के खिलाफ जन आंदोलन आरंभ किया गया है। इसी कड़ी में प्रदेश भर में चिट्टे के खिलाफ सघन अभियान चलाया जा रहा है। इस जन आंदोलन को सफल बनाने के लिए सभी का सहयोग अपेक्षित है।

### भाजपा प्रभारी व सह प्रभारी सात दिवसीय प्रवास पर

**अनंत ज्ञान, नाहन।** सिरमौर भाजपा जिला प्रवक्ता प्रताप सिंह रावत ने बताया कि भाजपा प्रदेश सचिव व सिरमौर प्रभारी डॉ. संजय ठाकुर एवं भाजपा प्रदेश प्रवक्ता एवं सिरमौर सह प्रभारी राकेश डोगरा सात दिवसीय सिरमौर प्रवास पर रहेंगे। इस प्रवास के दौरान उनके साथ भाजपा जिला अध्यक्ष धीरज गुप्ता व जिला महामंत्री रणवीर ठाकुर भी साथ रहेंगे। रावत ने बताया कि पिछले कल इन नेताओं ने शिलाई भाजपा मंडल संयुक्त मोर्चा सम्मेलन में भाग लिया तथा इस मौके पर शिलाई के पूर्व विधायक व भाजपा प्रदेश प्रवक्ता बलदेव तोमर भी उपस्थित थे। बुधवार को नेडापार मंडल का संयुक्त मोर्चा सम्मेलन मस्त भोज के जाखना में आयोजित किया जा रहा है। इसमें भी यह सभी नेता भाग लेंगे। 20 नवंबर को सराहां भाजपा मंडल संयुक्त मोर्चा सम्मेलन आयोजित किया जाएगा। 21 नवंबर को नाहन विधानसभा की सरदार 150 यूनिटी पदयात्रा में भाग लेंगे। 22 को ददाहु भाजपा मंडल संयुक्त मोर्चा सम्मेलन और उसके बाद संगड़ाह भाजपा मंडल संयुक्त प्रमुख कार्यकर्ता बैठक में भी भाग लेंगे। 23 नवंबर को नोहराधार भाजपा मंडल संयुक्त मोर्चा सम्मेलन एवं मंडल टोली बैठक में भाग लेंगे। 24 नवंबर को पांवटा साहिब विधानसभा चुनाव क्षेत्र का संयुक्त मोर्चा सम्मेलन आयोजित किया जाएगा। इसमें पांवटा साहिब के विधायक व पूर्व ऊर्जा मंत्री सुखराम चौधरी भी विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे।

### सीएम सुक्खू आज कुल्लू जिले के प्रवास पर

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू।** हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री सुक्खू वीरवार को कुल्लू, बंजार व मनाली के दौरे पर होंगे। मुख्यमंत्री सुबह अन्नाडेल हेलिपैड से 9 बजे हेलिकॉप्टर से मनाली के सासे हेलिपैड के लिए प्रस्थान करेंगे और 9:30 बजे पहुंचेंगे। वे 9:55 बजे स्पैन रिजॉर्ट पंजलीकूहल पहुंचेंगे। यहां भारत में भूमि प्रशासन में आधुनिक तकनीकों को अपनाने पर राष्ट्रीय कार्यशाला के उद्घाटन समारोह की अध्यक्षता करेंगे। उसके बाद मुख्यमंत्री 12:40 बजे लगघाटी के बागन गांव पहुंचेंगे, जहां वे आपदा प्रभावित परिवारों के साथ बातचीत करेंगे। इसके उपरांत, दोपहर के भोजन के लिए भुंतर हवाई अड्डे पर संक्षिप्त ठहराव होगा। मुख्यमंत्री दोपहर 2:15 बजे भुंतर हवाई अड्डे से हेलिकॉप्टर द्वारा धमेउली हेलिपैड बंजार के लिए उड़ान भरेंगे और वहां से सड़क मार्ग से मंदिर मैदान, गुशैनी पहुंचेंगे। यहां बंजार घाटी के आपदा प्रभावित परिवारों व झनियार गांव के अग्नि प्रभावित परिवारों के साथ बातचीत करेंगे। वे आपदा प्रभावित गुशैनी स्कूल और आपदा प्रभावित बठाहड़ सड़क का भी दौरा करेंगे। वे बांदल व शरची गांव में हुए नुकसान का सर्वेक्षण करेंगे। मुख्यमंत्री शाम 5:05 बजे सर्किट हाउस मनाली पहुंचेंगे, जहां वे रात्रि विश्राम करेंगे।

### राष्ट्रीय सम्मेलन का शुभारंभ करेंगे सीएम: नेगी

**अनंत ज्ञान, पतलीकूहल।** भारत में भू-प्रशासन में आधुनिक तकनीकों को बढ़ावा देने के उद्देश्य से स्पेन रिसोर्ट पतलीकूहल (मनाली) में दो दिवसीय राष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। सम्मेलन की तैयारियों का जायजा बुधवार को राजस्व मंत्री, जगत सिंह नेगी ने लिया और अधिकारियों के साथ विस्तृत समीक्षा की। राजस्व मंत्री ने बताया कि राष्ट्रीय सम्मेलन का शुभारंभ मुख्यमंत्री, सुक्खू करेंगे। इस राष्ट्रीय सम्मेलन में 15 राज्यों के वरिष्ठ अधिकारी (डेलीगेट्स) भाग ले रहे हैं। सम्मेलन के दौरान लैंड रिफॉर्म्स, डिजिटलीकरण ऑफ लैंड रिकॉर्ड्स, भू-प्रशासन में पारदर्शिता, दक्षता व तकनीकी नवाचार जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर व्यापक विचार-विमर्श किया जाएगा। यह आयोजन हिमाचल प्रदेश राजस्व विभाग के भू-अभिलेख निदेशालय द्वारा किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में भी डिजिटलीकरण ऑफ लैंड रिकॉर्ड्स पर अच्छा कार्य हुआ है। इसके अतिरिक्त कई राज्यों में भूमि सुधार और भूमि अभिलेखों के डिजिटलीकरण पर उत्कृष्ट कार्य हुआ है और इस सम्मेलन से प्राप्त अनुभवों और सुझावों के आधार पर हिमाचल प्रदेश भी इस दिशा में और प्रभावी कदम आगे बढ़ाएगा। इस अवसर पर मनाली के विधायक भुवनेश्वर गौड़, निदेशक, हिमाचल प्रदेश भू-अभिलेख अभिषेक वर्मा, डीसी कुल्लू तोरुल एस रवीश सहित विभिन्न वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

### पतलीकूहल में सड़क हादसा, कार चालक की मौत

**अनंत ज्ञान, पतलीकूहल।** जिला कुल्लू में 15 मील के समीप एक भीषण सड़क हादसा हुआ। एचआरटीसी बस (नं. HP-42-3152) जो कुल्लू से केलांग जा रही थी, उसकी सामने से आ रही लाल रंग की अल्टो कार (नं. HP-58-7183) से टक्कर हो गई। हादसे में कार चालक दीनानाथ (55 वर्ष, निवासी मनाली) को गंभीर चोटें आईं और उपचार के दौरान जोनल अस्पताल कुल्लू में उनकी मौत हो गई। बस चालक सुरेंद्र कुमार ने पुलिस को बताया कि उन्होंने बस धीमी गति से चलाई थी, जबकि कार चालक तेज रफ्तार और लापरवाही से बस की दिशा में आया। हादसे में बस में सवार किसी यात्री को चोट नहीं आई। पुलिस ने बस चालक के बयान पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। हेड कॉन्स्टेबल चमन लाल दुर्घटना स्थल और तकनीकी साक्ष्यों की जांच कर रहे हैं, ताकि दुर्घटना में गलती की पुष्टि की जा सके और उचित कार्रवाई की जा सके।

### नशे के विरुद्ध लड़ाई बनी जन अभियान

**अनंत ज्ञान, मनाली।** जिला कुल्लू की पर्यटन नगरी मनाली में एक भव्य नशामुक्ति कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसकी पहल क्षेत्र के प्रख्यात समाजसेवी सुभाष ठाकुर ने की। कार्यक्रम में मनाली और आसपास के स्कूलों में पढ़ने वाले करीब 2500 स्टूडेंट्स ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और नशे से दूर रहने की शपथ ली। कार्यक्रम में प्रोजेक्ट मिशन संभव के संस्थापक व सामाजिक कार्यकर्ता पंकी सूद तथा वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. सत्याब्रत वैध्य मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित रहे। दोनों वक्ताओं ने छात्रों को नशे के खतरों के बारे में जागरूक करते हुए जीवन में सकारात्मक दिशा, मजबूत इच्छाशक्ति और नशे से दूर रहने का प्रेरक संदेश दिया। युवाओं की महत्वपूर्ण भूमिका पर बात करते हुए उन्होंने कहा कि हिमाचल का भविष्य युवाओं के हाथों में है और उन्हें नशे की लत के दलदल से बचाना पूरी समाज की जिम्मेदारी है। समाजसेवी सुभाष ने कहा कि नशे की समस्या को खत्म करने के लिए सबसे आवश्यक है कि हर व्यक्ति अपने घर से शुरुआत करे। परिवार और समाज दोनों को मिलकर युवाओं को सही दिशा दिखानी होगी। उन्होंने घोषणा की कि आने वाले समय में नशामुक्ति अभियान को हर स्कूल, हर गांव और हर मोहल्ले तक पहुंचाया जाएगा। इसमें स्थानीय लोगों की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित की जाएगी। कार्यक्रम में राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय मनाली, डीपीएस स्कूल मनाली, सरस्वती विद्या मंदिर मनाली, डे स्टार स्कूल मनाली, डीएवी पब्लिक स्कूल मनाली सहित विभिन्न शिक्षण संस्थानों के हजारों छात्रों ने हिस्सा लिया।

### राजनीतिक सूझ-बूझ में परिपक्व थी आयरन लेडी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू।** देश की प्रथम महिला प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की 108वीं जयंती बुधवार को भुट्टिको परिसर में हर्षोलास के साथ मनाई। इस अवसर पर भुट्टिको के अध्यक्ष एवं पूर्व बागवानी मंत्री सत्य प्रकाश ठाकुर ने आयरन लेडी को याद करते हुए अपने संबोधन में कहा कि इंदिरा गांधी के भीतर देश तथा समाज सेवा के संस्कार बचपन से ही मौजूद थे। राजनैतिक सूझ-बूझ में वे इस कदर परिपक्व थी कि पूरा विश्व उनके फैसलों से प्रभावित था। लाल बहादुर शास्त्री की आकस्मिक मृत्यु के पश्चात वे देश की प्रधानमंत्री बनी, अपने कार्यकाल में उन्होंने देश को स्वावलंबी बनाने के लिए बैंको का राष्ट्रीय करण करवा कर देश वासियों को एक नई दिशा और दशा प्रदान की। वर्ष 1971 में भारत-पाक युद्ध से बांग्लादेश को पाकिस्तान से आजाद करवा कर पाकिस्तान के भारत को तोड़ने के मनसूबे धराशायी कर दिए थे। सत्य प्रकाश ने कहा कि इंदिरा गांधी के समर्पण का अनुमान हम उनके पूर्व उड़िसा में दिए गए संबोधन से लगा सकते हैं, जिसमें उन्होंने कहा था कि इस देश की एकता और अखंडता के लिए मेरे लहू का एक एक कतरा काम आएगा, ऐसी अंतरराष्ट्रीय महिला नेत्री की जयंती पर उन्हें याद करना जहां हमारा परम दायित्व है। वहीं, उनके बताए रास्तों पर चलने का भी हमें संकल्प लेना है। इस अवसर पर पूर्व जिला परिषद सदस्य प्रेमलता ठाकुर, निदेशक भुटिको आत्मा राम, जोगध्यान, प्रेम सिंह, इंदिरा देवी, पूर्व निदेशक निर्मला देवी, कलावती, पूर्व उपनिदेशक राष्ट्रीय सहकारी विकास निगम टीआर कपूर, मुख्य सलाहकार भुट्टिको रमेश ठाकुर आदि उपस्थित रहे।

# सीएम ने दून में किए 383 करोड़ के लोकार्पण व शिलान्यास

**ओम शर्मा, अनंत ज्ञान**

**बीबीएन।** मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने सोलन जिले के दून विधानसभा क्षेत्र के एकदिवसीय दौरे के दौरान 383 करोड़ रुपए की 12 विकासात्मक परियोजनाओं के लोकार्पण और शिलान्यास किए।

उन्होंने 86 करोड़ रुपए की लागत से निर्मित बद्दी–साई–रामशहर सड़क, दून क्षेत्र में 15.78 करोड़ रुपए की लागत के ट्यूबवेल, 10.64 करोड़ रुपए से निर्मित नागरिक अस्पताल, बद्दी और 3.15 करोड़ रुपए की लागत से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, बरोटीवाला के नवनिर्मित भवन का उद्घाटन किया। उन्होंने शिक्षा खंड बद्दी में हरिपुर संडोली, सूरज माजरा, लबाना और चक्कां में नवनिर्मित राजकीय प्राथमिक विद्यालयों का भी लोकार्पण किया। मुख्यमंत्री ने 73.21 करोड़ रुपए से निर्मित होने वाली गुणवत्तापूर्ण व विश्वसनीय बिजली आपूर्ति योजना, बद्दी, 63.73 करोड़ रुपए से निर्मित होने वाली बद्दी–शीतलपुर–जगातखाना सड़क, 40 करोड़ रुपए के आईएसबीटी बद्दी, 37.67 करोड़ रुपए से निर्मित होने वाले मिनी सचिवालय भवन बद्दी, बद्दी के छूटे हुए क्षेत्रों के लिए 37.10 करोड़ रुपए की लागत से सीवरेज योजना व कल्याणपुर में 5 करोड़ से निर्मित होने वाले राजीव गांधी डे–बोर्डिंग स्कूल की आधारशिला रखी।

## भाजपा पर मात्र 1.12 करोड़ रुपए में 5,000 बीघा जमीन देने का आरोप

**अनंत ज्ञान, बीबीएन**

मुख्यमंत्री सुक्खू ने सोलन जिले के दून विधानसभा क्षेत्र में लोक निर्माण विभाग का मंडल खोलने की घोषणा की है। उन्होंने बद्दी नागरिक अस्पताल में बिस्तरों की क्षमता 100 करने और एसडीएम कार्यालय के निर्माण के लिए 25 करोड़ रुपए तथा खेल स्टेडियम के निर्माण के लिए 10 करोड़ रुपए देने की घोषणाएं कीं।

उन्होंने कहा कि बद्दी में बढ़ती आबादी के अनुरूप सुविधाएं उपलब्ध होनी चाहिए। यहां एक आधुनिक बस स्टैंड बनाया जाएगा। इसके लिए पर्याप्त धनराशि उपलब्ध करवाई जाएगी। उन्होंने बद्दी, बरोटीवाला और चंडी के स्कूलों में अगले शैक्षणिक सत्र से सीबीएसई पाठ्यक्रम लागू करने की घोषणा भी की। बद्दी में एक विशाल जनसभा को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने भ्रष्टाचार पर आंखें मूंद लेने के लिए प्रदेश की पिछली भाजपा सरकार पर तीखा हमला बोला। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार ने सैकड़ों करोड़ रुपए की 5,000 बीघा जमीन सिर्फ 1.12 करोड़ रुपए में बड़े उद्योगपतियों को



दून विधानसभा क्षेत्र में मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू जनसभा को संबोधित करते हुए।

दे दी। प्रदेश सरकार मेडिकल डिवाइस पार्क परियोजना में भी हिमाचल के हितों की रक्षा कर रही है, इसीलिए केंद्र से मिले 30 करोड़ रुपए वापस कर दिए और पार्क को खुद विकसित करने का निर्णय लिया है। भाजपा का सोशल मीडिया सेल मुझे इसलिए निशाना बना रहा है क्योंकि मैंने भ्रष्टाचार के दरवाजे बंद कर दिए और विधवाओं, अनाथ बच्चों, महिलाओं, मजदूरों और किसानों के अधिकारों को सुनिश्चित किया। पूर्व भाजपा सरकार 75,000 करोड़ रुपए का कर्ज और कर्मचारियों से संबंधित 10,000 करोड़ रुपए की देनदारियां छोड़ गई है। उन्होंने कहा कि चुनावी लाभ के लिए भाजपा सरकार ने अपने कार्यकाल के अंतिम छह महीनों में बिना बजट और कर्मचारियों का प्रावधान किए कई संस्थान खोले।

स्थानीय विधायक राम कुमार चौधरी हमेशा दून विधानसभा क्षेत्र के विकास के लिए चिंतित रहते हैं। उन्हें दून के लोगों की परवाह है और उनकी चिंताओं को दूर करने के लिए अथक प्रयास करते हैं। वर्तमान प्रदेश सरकार द्वारा किए गए सुधारों पर प्रकाश डालते हुए उन्होंने कहा कि वर्ष 2021 में भाजपा सरकार के कार्यकाल में हिमाचल गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के क्षेत्र में राष्ट्रीय स्तर पर 21वें स्थान पर था। हमने शिक्षा क्षेत्र में सुधार लाए और पहली कक्षा से ही अंग्रेजी माध्यम में शिक्षा शुरू की और स्कूल निदेशालयों का विलय किया, जिससे हमें राष्ट्रीय स्तर पर पांचवें स्थान पर पहुंचने में मदद मिली। सरकार स्वास्थ्य क्षेत्र में भी सुधार ला रही है। अस्पतालों में उन्नत तकनीक और आधुनिक उपकरण उपलब्ध करवाने के लिए 3,000 करोड़ रुपए आवंटित किए गए हैं। कई चुनौतियों के बावजूद, हिमाचल आत्मनिर्भरता की ओर तेजी से बढ़ रहा है। प्रदेश सरकार विभागों में बड़े पैमाने पर भर्तियां करने जा रही है। पिछली भाजपा सरकार के कार्यकाल में भर्ती के पेपर लीक हो गए थे। हमने आयोग को भंग कर दिया, क्योंकि हम पारदर्शिता और योग्यता आधारित भर्तियों में विश्वास करते हैं। वर्तमान सरकार आम जनता की सरकार है और भ्रष्टाचार के प्रति ज़ीरो टॉलरेंस की नीति अपनाई है। सुक्खू ने कहा कि प्रदेश सरकार आपदा प्रभावित परिवारों की लगातार सहायता कर रही है। उन्होंने स्वयं आपदा प्रभावित क्षेत्रों का दौरा किया और प्रभावित परिवारों को विशेष राहत पैकेज जारी किए। प्रदेश सरकार ने सहायता सुनिश्चित करने के लिए नियमों में बदलाव किया और आज प्रभावित परिवारों को अपने घर फिर से बनाने के लिए 7 लाख रुपए मिल रहे हैं। वह केंद्र सरकार से सहायता लेने के लिए भाजपा के सभी सातों सांसदों के साथ केंद्र जाने को तैयार हैं। प्रधानमंत्री ने 1,500 करोड़ रुपए के पैकेज की घोषणा की थी, लेकिन हमें अभी तक धनराशि नहीं मिली है और प्रदेश सरकार अकेले ही आपदा प्रभावित परिवारों का दर्द बांट रही है। हिमाचल प्रदेश राहत नियमावली के अनुसार दून विधानसभा क्षेत्र के 18 आपदा प्रभावित परिवारों को 17,62,000 रुपए की राहत राशि और प्रधानमंत्री आवास योजना–ग्रामीण के 15 लाभार्थियों को अंतिम किश्त के रूप में 17,03,000 रुपए के चेक प्रदान किए। उन्होंने क्षय रोग उन्मूलन कार्यक्रम के अंतर्गत तीन क्षय रोगियों को पोषण किट भी प्रदान कीं।

## माताओं को नवजात की सुरक्षा साफ–सफाई पर दी जानकारी



नागरिक चिकित्सालय अर्की में जागरूकता शिविर में महिलाएं।

**कृष्ण रघुवंशी, अनंत ज्ञान**

**अर्की।** नागरिक चिकित्सालय अर्की में राष्ट्रीय नवजात शिशु देखभाल सप्ताह के अवसर पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया।

इसकी अध्यक्षता बीएमओ डॉ. मुकता रस्तोगी ने की। कार्यक्रम का उद्देश्य माताओं में नवजात शिशु स्वास्थ्य व देखभाल को लेकर जागरूकता बढ़ाना था। फीमेल हेल्थ वर्कर सपना ठाकुर ने नवजात को गर्म रखने, समय पर स्तनपान, साफ–सफाई, संक्रमण से बचाव और टीकाकरण की नियमितता जैसे महत्वपूर्ण बिंदुओं पर विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि जन्म के बाद के पहले 28 दिन शिशु के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण होते हैं। कार्यक्रम में डॉ. विजय कुमार शांडिल ने तंबाकू के दुष्प्रभावों व गर्भवती महिलाओं पर इसके खतरों पर प्रकाश डाला। उन्होंने महिलाओं को तंबाकू छोड़ने के लिए प्रेरित किया। आशा वर्कर्स सुनीता बंसल, गीता कश्यप, उषा देव और सुनीता ने कार्यक्रम को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। अंत में महिलाओं को नवजात देखभाल व तंबाकू निषेध की शपथ दिलाई गई।

## 'एक दिन किताबों के नाम' पठन का उत्सव

**अनंत ज्ञान, सोलन।** पाइनग्रोव स्कूल, धर्मपुर में 'एक दिन किताबों के नाम' शीर्षक से तीन घंटे का एक विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसका उद्देश्य विद्यार्थियों में पठन की रुचि, कल्पना शक्ति और अभिव्यक्ति की क्षमता को प्रोत्साहित करना था। इस कार्यक्रम में कक्षा तीसरी से दसवीं तक के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। पहले दो सत्रों में विद्यार्थियों को अपनी पसंद की पुस्तकों को पढ़ते हुए कहानी की गहराई व भावनाओं से जुड़ने का अवसर प्राप्त हुआ। तीसरे सत्र में पठन के आधार पर रचनात्मक गतिविधियां आयोजित की गईं। इसमें पुस्तक समीक्षा, चित्रांकन, रचनात्मक लेखन, नाटक प्रस्तुति तथा एक अनोखी पहल–ह्यूमन लाइब्रेरी शामिल थी। इसमें विद्यार्थी स्वयं 'जीवित पुस्तकें' बनकर अपने विचार व अनुभव साझा कर रहे थे। कार्यक्रम का संचालन विद्यालय की लाइब्रेरियन दना सिंह ने किया तथा संपूर्ण आयोजन प्रकाशन विभागाध्यक्ष सुनील शर्मा के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ।

## विधायक के संरक्षण से धारा–118 कसौली में बन चुकी है इंडस्ट्री: डॉ. राजीव सैजल

**आर मोहन चौहान, अनंत ज्ञान ब्यूरो**

**सोलन।** भाजपा के वरिष्ठ नेता और पूर्व स्वास्थ्य मंत्री डॉ. राजीव सैजल ने प्रदेश सरकार के तीन वर्ष के कार्यकाल को निराशाजनक करार दिया।

उन्होंने कहा कि कांग्रेस के पास तीन साल के कार्यकाल में कोई ऐसी उपलब्धि नहीं, जिसका जश्न मनाया जा सके। सैजल ने बड़ोग में आयोजित पत्रकारवार्ता में कसौली विधानसभा में ठप पड़े विकास कार्यों को लेकर विधायक विनोद सुल्तानपुरी पर सवालों की बौछार की। डॉ. सैजल ने आरोप लगाया कि विधायक अपने नजदीकी मित्रों को लाभ पहुंचाने का ही कार्य कर रहे हैं, जो विधायक के इशारों पर जमीनों का सौदा करवाकर फलफूल रहे हैं। उन्होंने कहा कि कसौली में धारा–118 एक इंडस्ट्री बन चुकी है। आरोप लगाया कि यहां तीन लोगों के इशारे पर धारा–118 की परमिशन, सड़कें और निर्माण कार्य तय



सोलन के बड़ोग में पत्रकार वार्ता करते पूर्व मंत्री डॉ. राजीव सैजल।

हो रहे हैं। कुछ लेकर–देकर जमीनें बांटी जा रही हैं। भाजपा सरकार में शुरू परियोजनाओं का कांग्रेस श्रेय लेने की कोशिश कर रही है, जबकि ठेकेदारों के भुगतान तीन साल से अटके हुए हैं। पूर्व मंत्रियों की पट्टिकाएं हटाई जा रही हैं। पट्टिका हटाने से नाम दिलों से नहीं मिटाए जा सकते। कसौली में चिट्टा कारोबार बढ़ रहा है और सरकार केवल देख रही है। राष्ट्रीय राजनीति में बिहार ने जिस तरह संकेत दिए हैं, उसी तरह हिमाचल में भी कई बड़े कांग्रेसी नेता भाजपा में आने वाले हैं। कसौली में भी स्थिति ठीक ऐसी है। कई कांग्रेसी भाजपा जॉइन करना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि विधायक के पास विधानसभा क्षेत्र में उपलब्धि के तौर पर एक भी विकास कार्य नहीं है। बीते तीन साल में कसौली विस की परिस्थितियां बदतर हुई हैं। भाजपा के समय शुरू की गई पेयजल योजनाएं, सड़क निर्माण व अन्य विकास कार्य पूरी तरह ठप पड़े हैं। उन्होंने चुनौती दी कि विधायक केंद्र, प्रदेश या नाबार्ड से मिली एक भी नई योजना बता दें, जो इस कार्यकाल में स्वीकृत हुई हो।

## स्पीति की बेटी तंजिन सेल्डॉन ने रचा इतिहास

### भारतीय महिला आइस हॉकी को दिलाया पहला कांस्य पदक

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, काजा**

शीत मरुस्थल लाहौल–स्पीति की स्पीति घाटी की बेटी ने आज पूरे देश को गौरवान्वित किया है।

घाटी की तंजिन सेल्डॉन हिमाचल प्रदेश महिला आइस हॉकी टीम की कप्तान और आइस हॉकी एसोसिएशन ऑफ इंडिया की उभरते हुए इस स्टार खिलाड़ी ने अंतरराष्ट्रीय मंच पर भारत को महिला आइस हॉकी का पहला ऐतिहासिक कांस्य पदक दिलाकर नया इतिहास रच दिया है, जहां ज्यादातर बच्चे मैदानों में खेलना सीखते हैं। वहीं, तंजिन ने प्राकृतिक जमी झीलों, तेज हवाओं और कठोर ठंड में अपने हुनर को तराशा है। संसाधनों की भारी कमी, प्रशिक्षण की सीमित सुविधाओं और किसी औपचारिक रिंक के अभाव के बावजूद उन्होंने हार मानने की बजाए अपने हुनर को लगातार निखारने के प्रयास किया, बल्कि हर कठिनाई को



एक सीढ़ी बनाकर आगे बढ़ती रहीं। लाहौल–स्पीति आइस हॉकी एसोसिएशन से शुरुआत करने वाली तंजिन की रफ्तार, दृढ़ता व नेतृत्व क्षमता ने उन्हें कम समय में पहचान दिलाई। गांव के छोटे मैचों से लेकर जिला स्तरीय प्रतियोगिताओं तक उन्होंने हर बार अपनी लगन और जज्बे से दर्शकों व कोचों को प्रभावित किया। इन्हीं प्रदर्शनों की बदौलत वे हिमाचल महिला टीम की कप्तान बनीं और फिर राष्ट्रीय टीम का हिस्सा बनीं। भारतीय टीम के साथ अंतरराष्ट्रीय मंच पर उनका यह पहला बड़ा मुकाबला ही देश के लिए गौरव का कारण बन गया। तंजिन के बेहतरीन खेल व निर्णायक क्षणों में दिखाए आत्मविश्वास व अथक मेहनत ने भारतीय टीम को वह चमकदार कांस्य पदक दिलाया, जिसका इंतजार वर्षों से था। तंजिन सेल्डॉन की इस उपलब्धि ने न केवल स्पीति घाटी व हिमाचल प्रदेश, बल्कि पूरे देश को गर्व से सिर ऊंचा करने का मौका दिया है। प्राकृतिक तालाबों पर अभ्यास करने से लेकर अंतरराष्ट्रीय आइस एरिना तक का उनका रोमांचक सफर इस बात का जीवंत सबूत है कि हिमालय की बेटियां यदि ठान लें, तो असंभव भी उनके लिए संभव हो जाता है। आज तंजिन केवल एक खिलाड़ी नहीं, बल्कि उम्मीद, साहस और प्रेरणा की मिसाल हैं व हजारों युवाओं के लिए एक चमकता हुआ मार्गदर्शन।

## केंद्र ने कुल्लू की 18 सड़कों के लिए किए 110 करोड़ स्वीकृत: नरोत्तम

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**



कुल्लू विधानसभा क्षेत्र के वरिष्ठ भाजपा नेता एवं पूर्व में रहे प्रत्याशी नरोत्तम ठाकुर ने कहा कि केंद्र सरकार देश के विकास को निरंतर जारी रखे हुए है।

उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार ने कुल्लू विधानसभा क्षेत्र की 18 सड़कों को प्रधानमंत्री सड़क योजना के तहत स्टेज–4 के लिए मंजूरी दी है। उन्होंने कहा कि इसमें चार सड़कें नई भी शामिल हैं। उन्होंने कहा कि इन सड़कों पर 110 करोड़ खर्च होंगे और 110 किलोमीटर सड़कों की मरम्मत होगी। यह प्रेस वार्ता इसलिए की गई है, ताकि यहां की भोलीभाली जनता को पता चले कि यह सड़कें केंद्र सरकार की देन हैं, अन्यथा यहां कुछ झूठे लोग रिबन काटने, नारियल फोड़ने व कुदाली लेकर पहुंच जाते हैं। उन्होंने कहा कि कुल्लू जिले में आपदा के इतने समय बाद भी सड़कों की हालत खराब है। हालांकि, कुछ सड़कें बहाल भी की गई हैं, तो वे टेंपरेरी तरीके से छोटे वाहनों के लिए बहाल हुई हैं। कई स्थानों पर छह माह से पथ परिवहन निगम की बसें अभी भी फंसी हुई हैं। उन्होंने कुल्लू के विधायक को आड़े हाथों लेते हुए कहा कि उन्हें जनता की चिंता नहीं है। विधायक सुंदर सिंह ठाकुर जनता पर मनमर्जी थोप रहे हैं। उन्होंने कहा कि विधायक केंद्र सरकार की योजनाओं को लेकर जनता को गुमराह कर रहे हैं।

## 498 ग्राम चरस के साथ युवक काबू

**अनंत ज्ञान, पतलीकूहल।** कुल्लू जिले में अवैध मादक पदार्थों की तस्करी के खिलाफ पुलिस ने एक महत्वपूर्ण सफलता हासिल की है। पतलीकूहल पुलिस ने गश्त के दौरान नशीले पदार्थों के कारोबार से जुड़े एक संदिग्ध व्यक्ति को रंगे हाथ पकड़ा है। पुलिस टीम बुधवार को 15 मील क्षेत्र में अपनी नियमित गश्त पर थी। इसी दौरान, मुख्य पुल के पास बने एक यात्री विश्राम गृह (रेन शेल्टर) के समीप एक व्यक्ति की गतिविधियां संदिग्ध पाई गईं। पुलिस अधिकारियों ने तुरंत उस व्यक्ति को रोककर पूछताछ की ओर उसकी गहन तलाशी ली। तलाशी के दौरान, उसके पास से 498 ग्राम चरस बरामद हुई। गिरफ्तार किए गए आरोपी की पहचान मनोज कुमार (उम्र 23 वर्ष) पुत्र अमर चंद, भुंतर तहसील के बजौरा डाकघर के फलटनाला गांव, जिला कुल्लू के रूप में हुई है। पुलिस ने तुरंत कार्रवाई करते हुए आरोपी के खिलाफ पतलीकूहल पुलिस स्टेशन में मामला दर्ज कर लिया है।

## द पायनियर क्लासिज के 13 छात्रों का पुलिस में चयन, किए सम्मानित

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू।** द पायनियर क्लासिज कुल्लू के 13 छात्रों का चयन पुलिस में हुआ है। इससे संस्थान के छात्रों में खुशी की लहर है। बुधवार को पायनियर क्लासिज कुल्लू में इन छात्रों को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर भाजपा के प्रदेश सचिव तिलक राज मुख्यातिथि रहे। उनका यहां पहुंचने पर भव्य स्वागत किया गया। इस अवसर पर सभी चयनित स्टूडेंट्स ने अपना–अपना अनुभव बताया कि किस तरह संस्थान में लगातार पढ़ाई व कड़ी मेहनत के बाद यह कामयाबी मिली। इन सभी चयनित स्टूडेंट्स को द पायनियर क्लासिज द्वारा सम्मानित किया गया और सम्मान मुख्यातिथि तिलक राज के हाथों दिया गया। मुख्यातिथि ने कहा कि पायनियर अकादमी के इस चार वर्ष के सफर में करीब चार हजार विद्यार्थियों ने यहां की क्लासों का लाभ लिया है। खुशी की बात यह है कि अभी इनकी अकादमी के 13 बच्चों का चयन पुलिस में हुआ है। इससे पहले 21 जवान पुलिस में भर्ती हो चुके हैं, जबकि 67 के करीब बच्चे अग्निवीर व आईटीबीपी में भर्ती हुए हैं। उन्होंने अकादमी की सराहना करते हुए कहा कि मैनेजिक डायरेक्टर दर्शन की अगुवाई में निस्वार्थ भाव से बच्चों का भविष्य बनाया जा रहा है।

## एबीवीपी कुल्लू इकाई ने प्राचार्य के माध्यम से सरकार को भेजा ज्ञापन



मांगों को लेकर कुल्लू कॉलेज के प्राचार्य को ज्ञापन सौंपते एबीवीपी के कार्यकर्ता।

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद कुल्लू इकाई द्वारा राजकीय उत्कृष्ट महाविद्यालय कुल्लू के प्राचार्य के माध्यम से मुख्यमंत्री हिमाचल प्रदेश को ज्ञापन सौंपा गया।

इसमें प्रदेश की उच्च शिक्षा व्यवस्था व विद्यार्थी हितों से जुड़े गंभीर मुद्दों पर विस्तार से चिंता व्यक्त की गई। एबीवीपी कुल्लू की इकाई मंत्री संजना ठाकुर ने कहा कि विद्यार्थियों से संबंधित कई महत्वपूर्ण विषय लंबे समय से लंबित पड़े हुए हैं, जिन्हें तत्काल समाधान की आवश्यकता है। इसी संदर्भ में परिषद ने मुख्यमंत्री के समक्ष विभिन्न प्रमुख मांगें प्रस्तुत कीं। परिषद ने कहा कि यदि प्रदेश सरकार इन छात्र हितों से संबंधित प्रमुख विषयों पर जल्द कार्रवाई नहीं करती है, तो एबीवीपी कुल्लू इकाई विद्यार्थियों के अधिकारों की रक्षा के लिए शांतिपूर्ण, लेकिन सशक्त आंदोलन जारी रखेगी। किसी भी छात्र हित को अनदेखा नहीं किया जाएगा। छात्र संघ चुनावों को तुरंत बहाल किया जाए। सरदार पटेल विश्वविद्यालय का दायरा बढ़ाया जाए, कृषि विश्वविद्यालय पालमपुर, तकनीकी विश्वविद्यालय हमीरपुर और नौनी विश्वविद्यालय में स्थायी कुलपतियों की शीघ्र नियुक्ति, राष्ट्रीय शिक्षा नीति को पूर्ण रूप से लागू किया जाए।

## लाहौल–स्पीति पुलिस ने एक और उपलब्धि की अपने नाम

**कमलेश वर्मा, अनंत ज्ञान ब्यूरो, केलांग।** लाहौल–स्पीति पुलिस ने एक बार फिर एक और उपलब्धि अपने नाम की है। जिला पुलिस ने हाल ही में जारी प्रगति तृतीय त्रैमासिक 2025 (01.06.2025 से 30.09.2025) के प्रदर्शन मूल्यांकन में हिमाचल प्रदेश के सभी 12 जिलों में द्वितीय स्थान प्राप्त किया है। जिले ने कुल 32.21 अंक हासिल किए हैं। यह उपलब्धि लाहौल–स्पीति पुलिस की निरंतर प्रोफेशनलिज्म, फील्ड परफॉर्मेंस और सभी इकाइयों, पुलिस स्टेशन, पुलिस चौकी, एसपी कार्यालय तथा अन्य शाखाओं के समन्वित प्रयासों का परिणाम है। जिले ने कानून–व्यवस्था प्रबंधन, अपराध नियंत्रण, सामुदायिक पुलिसिंग तथा सेवा प्रदायगी के विभिन्न क्षेत्रों में उच्च मानक बनाए रखे हैं। पुलिस अधीक्षक लाहौल–स्पीति शिवानी मेहला ने इस उपलब्धि के लिए सभी अधिकारियों, कर्मचारियों को बधाई दी, जिनके सामूहिक प्रयासों से यह विशिष्ट उपलब्धि संभव हुई है। प्रदेश व जिले के लिए गर्व का विषय है। इस उपलब्धि के लिए उन्होंने जिला पुलिस के पूरे परिवार को बधाई व शुभकामनाएं दी हैं।

## किसान बागवानी के साथ प्राकृतिक खेती भी अपनाएं: किरण भड़ाना

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, काजा**

कृषि प्रौद्योगिकी प्रबंधन अभिकरण (आत्मा) द्वारा उदयपुर पंचायत घर में किसानों के लिए एकदिवसीय किसान गोष्ठी का आयोजन किया गया, जिसकी अध्यक्षता डीसी लाहौल–स्पीति किरण भड़ाना ने की। उन्होंने बताया कि आत्मा परियोजना जिले में कृषि प्रसार को बढ़ावा देने के लिए निरंतर प्रयासरत है और इसके लिए 50 लाख रुपए का बजट प्रावधान किया गया है।

खुशहाल किसान योजना के तहत किसानों को प्रोत्साहित किया जा रहा है। वर्तमान में जिले की 435.97 हेक्टेयर भूमि प्राकृतिक खेती के अंतर्गत लाई गई है और 1785 किसान प्रमाणित किए गए हैं। विभाग द्वारा देसी गाय की खरीद पर 25 हजार रुपए तक की अनुदान सहायता, साइकिल हल पर 50 प्रतिशत सब्सिडी तथा अन्य प्रोत्साहन उपलब्ध करवाए जा रहे हैं। उन्होंने किसानों को मिट्टी परीक्षण करवाने व वैज्ञानिक तरीकों से खाद के प्रयोग की सलाह दी, ताकि पौष्टिक व गुणवत्तापूर्ण फसल उत्पादन सुनिश्चित हो सके। डीसी ने बताया कि कृषि और बागवानी विभाग की सभी योजनाएं ऑनलाइन उपलब्ध हैं और लोकमित्र केंद्रों के माध्यम से किसान आसानी से आवेदन कर सकते हैं। आत्मा द्वारा वर्ष 2020 से अब तक 1240 ड्रम, 82 किसानों को गोशाला फर्श निर्माण, 9 किसानों को प्राकृतिक खेती घटक तथा 32 किसानों को देसी गाय खरीद पर अनुदान प्रदान किया गया है। कार्यक्रम में कृषि विशेषज्ञों ने किसानों की समस्याओं का समाधान प्रस्तुत किया। परियोजना निदेशक आत्मा वर्षा गुप्ता ने मुख्यातिथि का स्वागत किया। जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण की समन्वयक वर्षा ठाकुर ने आपदा के दौरान बचाव के उपाय, वालंटियर प्रशिक्षण तथा भूकंप–रोधी भवन निर्माण प्रशिक्षण की जानकारी दी। विभिन्न विभागों ने किसानों के लिए अपनी कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देकर अधिक से अधिक लाभ लेने का आह्वान किया। खंड विकास अधिकारी डॉ. विवेक गुलरिया ने वाटरशेड कार्यक्रम की भूमिका समझाई। राजकीय माध्यमिक पाठशाला सलपट की छात्राओं ने प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना पर प्रस्तुति दी, जिसके बाद उपायुक्त ने उन्हें सम्मानित किया।

## न्यूज ब्रीफ

### मैकमा एक्सपो 2025 का 12वां संस्करण संपन्न



**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** सेक्टर-17 स्थित परेड ग्राउंड में आयोजित मैकमा एक्सपो 2025 का 12वां संस्करण सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। मशीन टूल्स और ऑटोमेशन टेक्नोलॉजी पर आधारित इस चार दिवसीय आयोजन में पंजाब, हरियाणा और हिमाचल से आए उद्योग विशेषज्ञों और बड़ी संख्या में आगंतुकों ने भाग लिया। आयोजक करमजीत सिंह ने बताया कि भौगोलिक दृष्टि से चंडीगढ़ इस एक्सपो के लिए आदर्श स्थल साबित हुआ और प्रमुख औद्योगिक इकाइयों की सक्रिय भागीदारी से मैकेनिकल क्षेत्र को नई तकनीकों व व्यावसायिक अवसरों का लाभ मिला। उन्होंने कहा कि मैकमा एक्सपो उद्योगों को विकास, सहयोग और तकनीकी उन्नयन का महत्वपूर्ण मंच प्रदान करता है। 2025 के संस्करण में 'मेक इन इंडिया', तकनीकी नवाचार और अनुसंधान हस्तांतरण पर विशेष जोर दिया गया। पंजाब विश्वविद्यालय का डीएसटी प्रौद्योगिकी सक्षम केंद्र, आईआईटी और सीएसआईआर सहित प्रतिष्ठित संस्थानों के साथ मिलकर उद्योग-अकादमिक सहयोग को सुदृढ़ करता नजर आया।

### गुरु तेग बहादुर की 350वीं शहीदी वर्षगांठ पर समागम शुरू

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** चंडीगढ़ गुरुद्वारा अस्थापन कमेटी ने श्री गुरु तेग बहादुर साहिब जी की 350वीं शहीदी वर्षगांठ को समर्पित सप्ताह-भर का गुरमत समागम 19 से 25 नवंबर तक आयोजित किया है। कमेटी के जनरल सेक्रेटरी सरदार गुरजोत सिंह साहनी ने बताया कि इन कार्यक्रमों का उद्देश्य संगत को गुरमत सिद्धांतों, त्याग और मानवीय मूल्यों से अवगत कराना है। समागम के प्रमुख स्थल श्री गुरु गोबिंद सिंह पब्लिक स्कूल सेक्टर-35, गुरुद्वारा साहिब सेक्टर-37ष्ट और सेक्टर-22ष्ठ रहेंगे। 19 नवंबर को उद्घाटन समारोह में प्रमुख रागी जत्थों और कथावाचकों ने कीर्तन किया। मुख्य अतिथि डॉ. इकबाल सिंह लालपुरा रहे। 20 नवंबर को 'शहादत पातशाही नौवीं' शीर्षक से नाट्य मंचन होगा, जिसकी अध्यक्षता सरदार परमजीत सिंह सरना करेंगे। 21 नवंबर को शहीदी नगर कीर्तन सेक्टर-22ष्ठ से प्रारंभ होकर शहर के विभिन्न सेक्टरों से होकर गुजरेगा। 22 से 24 नवंबर तक गुरमत विचार, कीर्तन और प्रदर्शनी आयोजित होंगी। समापन 25 नवंबर को गुरुद्वारा साहिब सेक्टर-37सी में अखंड पाठ भोग और लंगर के साथ होगा।

### सिरसाः लाखों की हेरोइन सहित दो तस्कर काबू

**अनंत ज्ञान, सिरसा।** स्थानीय पुलिस ने सिरसा जिले के गांव मीरपुर क्षेत्र से एक नशा तस्कर को करीब छह लाख रुपए की हेरोइन सहित गिरफ्तार किया है। एबीवीटी स्टाफ सिरसा प्रभारी सब इंस्पेक्टर गुरमेश ने बुधवार को बताया कि पुलिस टीम गश्त के दौरान गांव मीरपुर नहर की तरफ जा रही थी। इस दौरान नहर के नजदीक युवक बैठा दिखाई दिया। सामने पुलिस की गाड़ी को देखकर युवक ने भागने की कोशिश की तो शक के आधार पर पुलिस उसे काबू कर लिया। पुलिस तलाशी ली तो आरोपी लखवीर सिंह उर्फ लक्की निवासी मीरपुर, सिरसा के कब्जे से 61 ग्राम 25 मिली ग्राम हेरोइन बरामद हुई। आरोपी के खिलाफ थाना सदर सिरसा में मादक पदार्थ अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर जांच की जा रही है। इसके अलावा पुलिस ने गांव अबूबशहर क्षेत्र से हेरोइन तस्कर नरेश कुमार को गिरफ्तार किया है। चौटाला पुलिस चौकी प्रभारी सतपाल ने बताया कि पुलिस टीम गत के दौरान गांव अबूबशहर क्षेत्र में मौजूद थी। इसी दौरान एक युवक पैदल आ रहा था जो कि पुलिस टीम को देखकर भागने लगा। पुलिस ने शक के आधार पर उसे काबू कर लिया और तलाशी ली तो उसके कब्जे से छह ग्राम हेरोइन बरामद हुई। उन्होंने बताया कि आरोपी के खिलाफ सदर थाना डबवाली में अभियोग दर्ज कर आगामी कार्रवाई की जा रही है।

# प्रधानमंत्री मोदी बोले–सत्य साई बाबा का शताब्दी वर्ष दिव्य वरदान

## कार्यक्रम में एक्ट्रेस ऐश्वर्या राय ने पीएम के पैर छुए, सचिन तेंदुलकर भी पहुंचे

**एजेंसी, नई दिल्ली**



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बुधवार को आंध्रप्रदेश के पुट्टपर्थी में सत्य साई बाबा के शताब्दी समारोह कार्यक्रम में शामिल हुए। उन्होंने कहा कि श्री सत्य साई बाबा का यह जन्म शताब्दी वर्ष हमारी पीढ़ी के लिए सिर्फ एक उत्सव नहीं, बल्कि एक दिव्य वरदान है।

पीएम ने कहा कि आज भले ही वो हमारे बीच दैहिक स्वरूप में नहीं हैं, लेकिन उनकी शिक्षा, उनका प्रेम, उनकी सेवा भावना आज भी करोड़ों लोगों का मार्गदर्शन कर रही हैं। उनकी शिक्षा का प्रभाव लोगों के बीच दिखता है। कार्यक्रम में पीएम मोदी ने 100 रुपए का स्मारक सिक्का और डाक टिकट भी जारी किया। इससे पहले मोदी सत्य साई बाबा का मंदिर और समाधि पर पहुंचे। यहां उन्होंने पूजा-पाठ की। जन्म शताब्दी इवेंट में सीएम मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू, डिप्टी सीएम पवन कल्याण, एक्ट्रेस ऐश्वर्या राय और पूर्व क्रिकेटर सचिन तेंदुलकर भी पहुंचे। इस दौरान ऐश्वर्या ने पीएम मोदी के पैर छुए।

वहीं, पीएम मोदी ने तमिलनाडु के कोयंबटूर से 21वीं किस्त का जारी की। किसान दिवस के इस खास मौके पर 9 करोड़ से ज्यादा किसानों के खाते में 2000–2000 रुपए की राशि भेजी गई। किसान भाई–बहन दिवाली से ही अपनी 21वीं किस्त का इंतजार कर रहे थे। (अनंत ज्ञान)

# अमेरिकी रिपोर्ट में दावा : चीन ने राफेल की बिक्री रोकने के लिए चलाया कैंपेन

**एजेंसी, वॉशिंगटन डीसी**

### भारत–पाक संघर्ष के दौरान फर्जी तस्वीरें कराईं वायरल



एक अमेरिकी रिपोर्ट में दावा किया गया है कि चीन ने राफेल की बिक्री रोकने के लिए फर्जी कैंपेन चलाया था। मई में भारत और पाकिस्तान के बीच हुए सैन्य संघर्ष के तुरंत बाद चीन ने फर्जी सोशल मीडिया अकाउंट्स के जरिए राफेल गिराने का दावा किया।

यूएस–चाइना इकोनॉमिक एंड सिक्योरिटी रिव्यू कमिशन ने अपनी सालाना रिपोर्ट में कहा है कि चीन ने भारत–पाकिस्तान संघर्ष का फायदा उठाया और अपने हथियारों की खूबियां दिखाने की कोशिश की। रिपोर्ट के मुताबिक चीन ने फ्रांस के राफेल फाइटर जेट की बिक्री रोकने और अपने जे–35 लड़ाकू विमानों के प्रचार के लिए फर्जी सोशल मीडिया अकाउंट्स चलाए। इन अकाउंट्स से एआई से बनाई गई नकली तस्वीरें फैलाई गईं, जिनमें दावा किया गया कि भारतीय राफेल को चीन के हथियारों ने गिराया है और यह उसके मलबे की तस्वीरें हैं। (अनंत ज्ञान)

# युवा इनोवेटर शौर्य प्रभ शर्मा की पुस्तक 'पंजाब इंक' लॉन्च

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़**



चंडीगढ़ में युवा लेखक और इनोवेटर शौर्य प्रभ शर्मा ने अपनी पहली पुस्तक 'पंजाब इंक' का लोकार्पण किया। मात्र 18 वर्ष की उम्र में लिखी गई यह पुस्तक पंजाब को संघर्ष की नहीं, बल्कि व्यापार, उद्यमशीलता और नवाचार की भूमि के रूप में प्रस्तुत करती है।

शौर्य ने 9वीं शताब्दी से आधुनिक दौर तक पंजाब के वाणिज्यिक इतिहास को संकलित करते हुए बताया है कि प्रदेश की असली मजबूती युद्ध नहीं, बल्कि व्यापारिक नेटवर्क रहे हैं, जो कठिन दौर में भी सक्रिय रहे। शौर्य लंबे समय से आर्थिक इतिहास और उद्यमशील विकास में रुचि रखते हैं। वह स्कूल के दिनों में ही प्लास्टिक इन्सिनरेटर के डिज़ाइन पेटेंट और स्टार्टअप 'रूट रिच' की स्थापना कर चुके हैं।

# सऊदी अरब के पैसे से बसाया जाएगा गाजा

**एजेंसी, वॉशिंगटन**

### ट्रंप ने जर्नलिस्ट मर्डर केस में क्राउन प्रिंस को दी क्लीन चिट

सऊदी अरब के क्राउन प्रिंस मोहम्मद बिन सलमान ने व्हाइट हाउस में कहा कि उनका देश गाजा को फिर से बसाने के लिए पैसा खर्च करेगा। हालांकि, उन्होंने यह भी कहा कि खर्च करने की रकम कितनी होगी, यह अभी तय नहीं हुआ है।

वहीं, अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने क्राउन प्रिंस मोहम्मद बिन सलमान को पत्रकार जमाल खशोगी हत्या मामले में प्रभावी तौर पर क्लीन चिट दे दी है। उन्होंने मंगलवार देर रात व्हाइट हाउस में एमबीएस के साथ मीडिया से बात करते हुए कहा कि क्राउन प्रिंस को इस मामले की कोई जानकारी नहीं थी। ट्रंप ने कहा कि खशोगी बहुत विवादित व्यक्ति थे। इस मुद्दे को उठाकर मेहमान को शर्मिंदा क्यों किया जा रहा है। ऐसी चीजें होती रहती हैं। खशोगी की 2018 में इस्तांबुल में सऊदी एंबेसी के अंदर हत्या कर दी गई थी। अमेरिकी सीक्रेट एजेंसियों की रिपोर्ट में कहा गया था कि प्रिंस सलमान ने ही खशोगी की हत्या को मंजूरी दी थी। व्हाइट हाउस में हुई मुलाकात के दौरान दोनों देशों के बीच नागरिक परमाणु सहयोग और एफ–35 लड़ाकू विमानों की आपूर्ति को लेकर भी महत्वपूर्ण समझौते हुए। (अनंत ज्ञान)

# यूक्रेन में रूस के हमले में 10 लोगों की मौत

**एजेंसी, कीव**

### बातचीत के लिए जेलेंस्की तुर्किये रवाना

यूक्रेन में मंगलवार रात रूसी ड्रोन और मिसाइल हमले में 10 लोगों की मौत हो गई और 37 लोग घायल हो गए। अधिकारियों ने बुधवार को यह जानकारी दी। यह घटना ऐसे समय में हुई है जब यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की रूस पर दबाव बनाने के प्रयासों के तहत तुर्किये में वार्ता करने वाले हैं।

गृह मंत्री इहोर क्लिमेंको के अनुसार, पश्चिमी यूक्रेन के शहर टेरनोपिल में नौ मंजिला दो अपार्टमेंट ब्लॉक पर रात में हमले हुए। हमले में कम से कम 37 लोग घायल बताए जा रहे हैं, जिनमें 12 बच्चे भी शामिल हैं। यूक्रेन की वायुसेना ने कहा कि रूस ने रात भर 476 यूक्रेनी ठिकानों पर डिकॉय ड्रोन से हमले किए तथा विभिन्न प्रकार की 48 मिसाइलें दागीं। जेलेंस्की ने मैसेजिंग ऐप 'टेलीग्राम' पर लिखा, "आम जीवन के खिलाफ हर बेशर्म हमला यह दर्शाता है कि रूस पर (युद्ध रोकने के लिए) दबाव अपर्याप्त है।"

जेलेंस्की ने कहा कि वह रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन को कूटनीतिक रूप से अलग–थलग करने और उनपर अधिक अंतरराष्ट्रीय दबाव बनाने के अपने प्रयासों के तहत बुधवार को तुर्किये के राष्ट्रपति रजब तैयब एर्दोआन से मुलाकात करेंगे। यूक्रेन के दूसरे सबसे बड़े शहर, उत्तर–पूर्वी खारकीव में, रूसी ड्रोन हमलों में दो लड़कियों समेत 46 लोग घायल हो गए। (अनंत ज्ञान)

# इंडियाबुल्स जांच मामले में उच्चतम न्यायालय ने सेबी और सीबीआई को फटकारा

**एजेंसी, नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने इंडियाबुल्स हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड (अब सम्मान कैपिटल लिमिटेड) के 'संदिग्ध लेन–देन' मामले में सीबीआई और सेबी की जांच में अनिच्छा पर कड़ी फटकार लगाई। न्यायालय ने सीबीआई निदेशक को सेबी, एसएफआईओ और ईडी के साथ बैठक कर जांच आगे बढ़ाने का निर्देश दिया। पीठ ने कॉरपोरेट मामलों के मंत्रालय और सेबी के 'दोहरे मापदंड' की भी आलोचना की और पूछा कि अधिकारियों को एफआईआर दर्ज करने से क्या रोक रहा है। एनजीओ 'सिटिजन्स व्हिसल ब्लोअर फोरम' के सभी आरोपों की जांच भी सुनिश्चित करने का आदेश दिया गया। (अनंत ज्ञान)

# सेंसेक्स 513 अंक चढ़ा निफ्टी भी 26,050 के पार

**एजेंसी, मुंबई**

बुधवार को शेयर मार्केट बढ़त के साथ बंद हुआ। सेंसेक्स में 513 अंकों की तेजी देखी गई, तो निफ्टी 50 ने 26,052 के लेवल पर क्लोजिंग दी। निफ्टी 50 के टॉप गेनर्स में मैक्स हेल्थकेयर, एचसीएल टेक, इंफोसिस, विप्रो, टीसीएस शामिल रहे। निफ्टी 50 की कंपनियों में सबसे ज्यादा नुकसान टाटा मोटर्स पीवी को हुआ।

बुधवार को शेयर मार्केट के दोनों बेंचमार्क इंडेक्स हरे निशान पर बंद हुए। सेंसेक्स में 513 अंकों की तेज़ी देखी गई, तो निफ्टी 50 में 143 अंकों की तेज़ी देखी गई। यह बढ़ोतरी आईटी और पीएसयू सेक्टर में बढ़त के कारण देखने को मिली। बुधवार को सेंसेक्स ने 84,643 के लेवल पर ओपनिंग दी और दिन के आखिर तक ये 0.61 प्रतिशत की तेजी के साथ 85,186 के लेवल पर बंद हुआ। वहीं, निफ्टी 50 ने बुधवार को 25,918 के लेवल पर ओपनिंग दी, और दिन के आखिर तक ये 0.55 प्रतिशत की उछाल के साथ 26,052 के लेवल पर बंद हुआ। (अनंत ज्ञान)

बिन सहकार नहीं उद्धार
ऊना जिला सहकारी विकास संघ के अध्यक्ष एवं समस्त संचालक मण्डल
आपको
72वें अखिल भारतीय सहकारी सप्ताह समारोह
के अवसर पर
दिनांक : 20 नवम्बर, 2025 को प्रातः 11:00 बजे
स्थान : दि बौल कृषि सेवा सहकारी सभा, सीमित बौल डा. खुखाई, तह. बंगाणा, जिला ऊना (हि.प्र.)
में सादर आमन्त्रित करते हैं
श्री विवेक शर्मा (विक्कू)
( माननीय विधायक, कुटलैहड़ विधान सभा क्षेत्र, हि.प्र.) समारोह के मुख्य अतिथि होगें ।
श्रीमती संदेश बाला
(खहायक पंजीयक सहकारी सभाएं, ऊना, हि.प्र.) समारोह की अध्यक्षता करेंगी ।
राजेन्द्र शर्मा, अध्यक्ष एवं समस्त संचालक मण्डल दि ऊना, जिला सहकारी विकास संघ
सन्देश बाला सहायक पंजीयक सहकारी सभाएं, ऊना


बिन सहकार नहीं उद्धार
दी अम्बेहड़ा सहकारी कृषि सेवा सभा सीमित जिला ऊना (हि.प्र.)
पंजीकरण संख्या- 193 तिथि 05.01.1935
सहकारी सभा अम्बेहड़ा की ऊना सब्जी मंडी के सामने
45 दुकानें हैं किराए पर कुछ दुकानें मिल सकती हैं संपर्क करें
जन्मदिन, शादी, रिंग सेरेमनी आदि के लिए हाल में पूर्ण व्यवस्था है
तारा चंद
प्रधान
अमानतें सदस्य 17 करोड़ 90 लाख
बैंक में जमा राशि 9 करोड़ 57 लाख
ऋण सदस्य 4 करोड़ 37 लाख
विजय शर्मा, सचिव एवं प्रदेशाध्यक्ष सहकारी सभाएं कर्मचारी यूनियन हिमाचल प्रदेश, मो. 9816057885



बिन सहकार नहीं उद्धार
दी रैनखर कृषि सेवा सहकारी सभा सीमित छपरोह (बंगाणा) ऊना
की ओर से
सहकारिता दिवस
की आप सबको शुभकामनाएं।
प्रवीण शर्मा
सचिव एवं जिलाध्यक्ष सहकारी सभाएं कर्मचारी यूनियन ऊना व वरिष्ठ उपाध्यक्ष राज्य कार्यकारिणी



बिन सहकार नहीं उद्धार
दी कोटला खुर्द कृषि सेवा सहकारी सभा सीमित कोटला खुर्द ऊना
की ओर से सहकारिता दिवस की आप सबको शुभकामनाएं।
रविंद्र कुमार, सचिव



बिन सहकार नहीं उद्धार
दी छपरोह कलां कृषि सेवा सहकारी सभा सीमित छपरोह (बंगाणा) ऊना
की ओर से सहकारिता दिवस की आप सबको शुभकामनाएं।
विपिन कुमार शर्मा, सचिव



बिन सहकार नहीं उद्धार
दी मलाहत कृषि सेवा सहकारी सभा सीमित ऊना
की ओर से सहकारिता दिवस की आप सबको शुभकामनाएं।
मुकेश शर्मा, सचिव



बिन सहकार नहीं उद्धार
दी कुठार कलां कृषि सेवा सहकारी सभा सीमित कुठार कलां ऊना
की ओर से सहकारिता दिवस की आप सबको शुभकामनाएं।
राज कुमार, सचिव



बिन सहकार नहीं उद्धार
दी बौल सहकारी सभा खुरवाई (बंगाणा)
की ओर से सहकारिता दिवस की आप सबको शुभकामनाएं।
मनोज कुमार, सचिव



## स्पोर्ट्स विंडो

### लेटिन बेटे क्रूज के साथ जोड़ी बनाकर टेनिस में करेंगे वापसी

**एजेंसी, सिडनी।** दो बार के ग्रैंड स्लैम एकल चैंपियन लेटिन हेविट न्यू साउथ वेल्स ओपन एटीपी चैलेंजर प्रतियोगिता में अपने 16 वर्षीय बेटे क्रूज के साथ जोड़ी बनाकर प्रतिस्पर्धी टेनिस में वापसी करेंगे। विश्व के पूर्व नंबर एक खिलाड़ी 44 वर्षीय हेविट ने 2001 में अमेरिकी ओपन और 2002 में विंबलडन जीता था। उन्होंने 2016 में आधिकारिक तौर पर संन्यास ले लिया था, लेकिन ऑस्ट्रेलिया में चुनिंदा टूर्नामेंटों में युगल मुकाबलों में खेलना जारी रखा था। वह वर्तमान में ऑस्ट्रेलिया की डेविस कप टीम के कप्तान भी हैं। पिता पुत्र की यह जोड़ी पहले दौर में आस्ट्रेलिया के ही हेडन जोन्स और पावेल मारिनकोव का सामना करेंगे। (अनंत ज्ञान)

### स्पेन, बेल्जियम, स्विट्जरलैंड, स्कॉटलैंड और ऑस्ट्रिया ने विश्व कप में बनाई जगह

**एजेंसी, ग्लासगो।** स्कॉटलैंड ने डेनमार्क को हराकर 28 साल के इंतजार के बाद विश्व का फुटबॉल में अपनी जगह सुरक्षित की, जबकि ऑस्ट्रिया भी 1998 के बाद पहली बार इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता के लिए क्वालीफाई करने में सफल रहा। स्पेन ने यूरोप में प्रतिस्पर्धी प्रतियोगिताओं में 31 मैच तक अजेय रहने के इटली के रिकॉर्ड की बराबरी करके अगले साल अमेरिका, कनाडा और मैक्सिको में होने वाले विश्व कप में अपनी जगह सुरक्षित की। मंगलवार को यूरोपीय क्वालीफाइंग समाप्त होने के साथ ही बेल्जियम और स्विट्जरलैंड ने भी विश्व कप 2026 में अपनी जगह पक्की कर ली। इस तरह से यूरोप से 12 टीमों ने अपने ग्रुप में विजेता बनकर विश्व कप के लिए क्वालीफाई कर लिया है। (अनंत ज्ञान)

### कुराकाओ देश ने फुटबॉल विश्व कप में जगह बनाकर रचा इतिहास

**एजेंसी, किंग्सटन, जमैका।** कुराकाओ की जनसंख्या लगभग डेढ़ लाख है, लेकिन इसके बावजूद उसने अगले साल होने वाले फुटबॉल विश्व कप में जगह बनाकर नया इतिहास रच दिया। कुराकाओ ने जमैका के साथ गोलरहित ड्रॉ खेलकर पहली बार विश्व कप के लिए क्वालीफाई किया। इस तरह से वह फुटबॉल विश्व कप में जगह बनाने वाला सबसे कम आबादी वाला देश बन गया है। कुराकाओ के केंद्रीय सांख्यिकी ब्यूरो के अनुसार पिछली जनवरी तक देश की जनसंख्या 156,115 थी। इससे पहले विश्व कप फुटबॉल में जगह बनाने वाला सबसे कम आबादी वाला देश आइसलैंड था। उसने जब 2018 में रूस ने खेले गए विश्व कप के लिए क्वालीफाई किया था तब उसकी जनसंख्या लगभग 350,000 थी। (अनंत ज्ञान)

### मुंबई और जम्मू-कश्मीर की आसान जीत, ग्रुप में शीर्ष स्थान मजबूत

**एजेंसी, मुंबई।** मुंबई ने रणजी ट्रॉफी के ग्रुप-डी मैच में पुडुचेरी को पारी और 222 रन से हराते हुए शीर्ष स्थान हासिल किया। मैच के अंतिम दिन मुंबई ने महज आधे घंटे में जीत सुनिश्चित कर ली। पुडुचेरी ने दिन की शुरुआत छह विकेट पर 231 रन से की, लेकिन पूरे दल ने केवल 45 रन और जोड़कर 276 पर दम तोड़ दिया। पहली पारी में महज 132 रन बनाने वाली पुडुचेरी मुंबई की 630/5 घोषित पारी के सामने टिक नहीं सकी। इस जीत से मुंबई को सात अंक मिले और वह 24 अंकों के साथ ग्रुप-डी में शीर्ष पर रहा। उधर, जम्मू में आबिद मुश्ताक की शानदार गेंदबाजी की बदौलत जम्मू-कश्मीर ने हैदराबाद को 281 रन से हराया। 472 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए हैदराबाद की टीम 190 रन पर सिमट गई। यह जम्मू-कश्मीर की तीसरी जीत रही, जिससे उसे छह अंक हासिल हुए और वह 20 अंकों के साथ मुंबई से ठीक पीछे रहा। (अनंत ज्ञान)

## भारतीय तेज गेंदबाज बुमराह ने टेस्ट रैंकिंग में पहला स्थान रखा बरकरार

# रोहित शर्मा को पछाड़ न्यूजीलैंड के डेरिल मिचेल बने दुनिया के नंबर वन वनडे बल्लेबाज

**एजेंसी, दुबई**




भारत के स्टार बल्लेबाज रोहित शर्मा कुछ समय तक शीर्ष पर रहने के बाद बुधवार को जारी आईसीसी की एकदिवसीय बल्लेबाजों की रैंकिंग में दूसरे स्थान पर खिसक गए, जबकि न्यूजीलैंड के डेरिल मिचेल ने शीर्ष स्थान हासिल किया।

वेस्टइंडीज के खिलाफ शानदार शतक की बदौलत मिचेल एकदिवसीय बल्लेबाजों की सूची में नंबर एक स्थान हासिल करने वाले न्यूजीलैंड के दूसरे बल्लेबाज बन गए। उन्होंने कैरेबियाई टीम के खिलाफ सीरीज के शुरुआती मैच में अपना सातवां एकदिवसीय शतक लगाया और यह फॉर्म में चल रहे इस दाएं हाथ के बल्लेबाज के लिए रोहित को पछाड़कर अपने करियर में पहली बार शीर्ष स्थान हासिल करने के लिए पर्याप्त साबित हुआ। मिचेल के वर्तमान में 782 रेटिंग अंक हैं जो रोहित से एक अंक अधिक है। रोहित लगभग तीन हफ्ते तक शीर्ष पर रहे।

मिचेल एकदिवसीय बल्लेबाजों की रैंकिंग में शीर्ष पर पहुंचने वाले न्यूजीलैंड के सिर्फ दूसरे खिलाड़ी हैं। इससे पहले न्यूजीलैंड के दिग्गज ग्लेन टर्नर 1979 में शीर्ष पर थे। अफगानिस्तान के इब्राहिम जादरान भी एक स्थान गिरकर तीसरे स्थान पर आ गए। भारत के शुभमन गिल (चौथे), विराट कोहली (पांचवें) और श्रेयस अय्यर (आठवें) शीर्ष 10 बल्लेबाजों में शामिल हैं। श्रीलंका के खिलाफ एकदिवसीय सीरीज के बाद कई पाकिस्तानी खिलाड़ियों को भी बड़ी सफलता मिली है। मोहम्मद रिजवान (पांच स्थान ऊपर 22वें स्थान पर) और फखर जमां (पांच स्थान ऊपर 26वें स्थान पर) की रैंकिंग में सुधार हुआ है।

पाकिस्तान ने अपने एशियाई प्रतिद्वंद्वी के खिलाफ तीन मैचों की सीरीज में 3-0 से शानदार जीत दर्ज की। टीम की जीत में अहम भूमिका निभाने वाले स्पिनर अबरार अहमद (11 स्थान के फायदे से नौवें स्थान पर) और तेज गेंदबाज हारिस राऊफ (पांच स्थान के फायदे से 23वें स्थान पर) को एकदिवसीय गेंदबाजों की रैंकिंग में फायदा हुआ है, जिसमें अफगानिस्तान के स्पिनर राशिद खान शीर्ष पर हैं।

इस बीच कोलकाता में भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच पहले टेस्ट के समापन के बाद दोनों टीम के कई खिलाड़ियों की बल्लेबाजी रैंकिंग में सुधार हुआ है। मैच की दूसरी पारी में 55 रन बनाकर नाबाद रहे दक्षिण अफ्रीका के कप्तान तेम्बा बावुमा अपने करियर में पहली बार शीर्ष पांच में पहुंच गए हैं। इसी मैच के दौरान चोटिल होने के बावजूद भारतीय कप्तान शुभमन गिल दो स्थान ऊपर चढ़कर 11वें स्थान पर हैं।

बांग्लादेश के कप्तान नजमुल हुसैन शंटो सिलहट में आयरलैंड के खिलाफ पहले टेस्ट में शतक लगाने के बाद चार स्थान ऊपर चढ़कर 34वें स्थान पर पहुंच गए हैं। भारतीय तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह ने ईडन गार्डंस में पहले टेस्ट में छह विकेट लेकर नंबर एक टेस्ट गेंदबाज का स्थान बरकरार रखा है। उनके साथी कुलदीप यादव (दो स्थान के फायदे से करियर के सर्वश्रेष्ठ 13वें स्थान पर) और रविंद्र जडेजा (चार स्थान के फायदे से 15वें स्थान पर) की गेंदबाजी रैंकिंग में भी सुधार हुआ है। दक्षिण अफ्रीका के मार्को यानसेन (एक स्थान के फायदे से 11वें स्थान पर) और साइमन हार्मर (20 स्थान ऊपर चढ़कर 24वें स्थान पर) भी भारत के खिलाफ अच्छे प्रदर्शन के बाद टेस्ट गेंदबाजों की सूची में आगे बढ़े हैं। यानसेन टेस्ट ऑलराउंडर की नवीनतम रैंकिंग में भी एक स्थान ऊपर चढ़कर पांचवें स्थान पर आ गए हैं। (अनंत ज्ञान)

## लक्ष्य-प्रणय सहित पांच भारतीय खिलाड़ी ऑस्ट्रेलियाई ओपन के दूसरे दौर में




**एजेंसी, सिडनी**

लक्ष्य सेन और एचएस प्रणय सहित पांच भारतीय खिलाड़ियों ने शानदार शुरुआत करते हुए बुधवार को यहां 475,000 डॉलर इनामी आस्ट्रेलियाई ओपन सुपर 500 बैडमिंटन टूर्नामेंट के पुरुष एकल के दूसरे दौर में प्रवेश किया।

विश्व चैंपियनशिप 2021 के कांस्य पदक विजेता लक्ष्य ने चीनी ताइपे के सु ली यांग को 21-17, 21-13 से हराया, जबकि इस प्रतियोगिता में 2023 के उपविजेता प्रणय ने खराब शुरुआत से उबरते हुए पहले दौर के मैच में दुनिया के 85वें नंबर के खिलाड़ी योहानेस सौत मार्सेलिनो को 57 मिनट में 6-21, 21-12, 21-17 से हराया।

लक्ष्य का अगला मुकाबला ची यू जेन या वांग त्जु वेई से होगा जबकि प्रणय इंडोनेशिया के आठवें वरीय अल्वी फरहान से भिड़ेंगे। विश्व के 32वें नंबर के खिलाड़ी और इस वर्ष की शुरुआत में अमेरिकी ओपन में अपना पहला सुपर 300 खिताब जीतने वाले आयुष शेट्टी ने कनाडा के सैम युआन को 33 मिनट में 21-11, 21-15 से पराजित किया। कर्नाटक के इस 20 वर्षीय खिलाड़ी का सामना दूसरे दौर में जापान के चौथे वरीय कोडाई नाराओका से होगा। मकाऊ ओपन के सेमीफाइनलिस्ट थारुण मन्नेपल्ली ने डेनमार्क के मैग्नस योहानसन को 66 मिनट तक चले मुकाबले में 21-13, 17-21, 21-19 से हराया। राष्ट्रीय खेल 2023 के स्वर्ण पदक विजेता मन्नेपल्ली का अगला मुकाबला चीनी ताइपे के पांचवें वरीय लिन चुन-यी से होगा। (अनंत ज्ञान)

## गिल दूसरे टेस्ट के लिए जाएंगे गुवाहाटी

**एजेंसी, नई दिल्ली**




भारतीय कप्तान शुभमन गिल गर्दन की चोट के बावजूद दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ 22 नवंबर से शुरू होने वाले दूसरे टेस्ट मैच के लिए गुवाहाटी जाएंगे। बीसीसीआई ने बुधवार को यह जानकारी दी।

कोलकाता में खेले गए पहले टेस्ट मैच के दूसरे दिन गिल की गर्दन में अकड़न आ गई थी। वह पहली पारी में चार रन बनाकर रिटायर्ड हर्ट हो गए थे और इसके बाद मैच में आगे नहीं खेल पाए थे। गिल को इस चोट के कारण अस्पताल में भर्ती कराना पड़ा था। गिल की अनुपस्थिति में भारतीय टीम यह मैच 30 रन से हार गई थी। बीसीसीआई सचिव देवजीत सैकिया ने एक बयान में कहा, ''शुभमन पर उपचार पर अच्छा असर हो रहा है और वह टीम के साथ गुवाहाटी जाएंगे।'' उन्होंने कहा, ''बीसीसीआई की मेडिकल टीम उनकी निगरानी करती रहेगी और दूसरे टेस्ट में उनकी भागीदारी पर फैसला उनकी प्रगति को देखकर लिया जाएगा।'' गिल की दूसरे टेस्ट मैच में खेलने की संभावना बेहद कम होने के कारण ऑलराउंडर नितीश रेड्डी को राजकोट में दक्षिण अफ्रीका ए के खिलाफ चल रही भारत-ए की सीरीज से वापस बुला दिया गया है। वह सोमवार शाम को कोलकाता में टीम से जुड़ गए थे, लेकिन उन्होंने मंगलवार को वैकल्पिक अभ्यास सत्र में भाग नहीं लिया था। अगर गिल फिट नहीं हो पाते हैं तो उनकी जगह रेड्डी को अंतिम एकादश में शामिल किया जा सकता है।

### फ्रांस को हराकर बेल्जियम डेविस कप के सेमीफाइनल में

**एजेंसी, बोलोग्ना (इटली)।** जिजोउ बर्ग्स ने आर्थर रिंडरक्नेच को 6-3, 7-6 (4) से पराजित किया, जिससे बेल्जियम ने 10 बार के चैंपियन फ्रांस पर 2-0 की जीत के साथ डेविस कप टेनिस टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में जगह पक्की की। बेल्जियम को फ्रांस के साथ अपने पिछले चार मुकाबलों में हार का सामना करना पड़ा था, जिसमें 2017 का फाइनल भी शामिल है। सेमीफाइनल में शुक्रवार को उसका सामना इटली या ऑस्ट्रिया से होगा। अंतिम दो क्वार्टर फाइनल गुरुवार को होंगे, जिसमें जर्मनी का सामना अर्जेंटीना से और स्पेन का सामना चेक गणराज्य से होगा। बर्ग्स ने फ्रांस के शीर्ष खिलाड़ी के खिलाफ शुरू से ही दबदबा बनाए रखा और एक शानदार फोरहैंड विनर के साथ मैच को अपने नाम कर लिया। इससे पहले राफेल कॉलिग्नन ने कोरेंटिन मौटेट को 2-6, 7-5, 7-5 से हराकर बेल्जियम को 1-0 की बढ़त दिलाई थी।

## बधिर ओलंपिक : अभिनव, प्रांजलि ने एयर पिस्टल मिश्रित टीम स्पर्धा में जीता स्वर्ण

**एजेंसी, टोक्यो**

अभिनव देशवाल और प्रांजलि प्रशांत धूमल ने बुधवार को यहां बधिर ओलंपिक की निशानेबाजी प्रतियोगिता के 10 मीटर एयर पिस्टल मिश्रित टीम स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता, जबकि कुशाग्र सिंह राजावत ने 50 मीटर राइफल प्रोन स्पर्धा में कांस्य पदक हासिल किया।

इस तरह भारतीय निशानेबाजों ने 25वें बधिर ओलंपिक में अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखा। भारतीय निशानेबाज अभी तक इस प्रतियोगिता में कुल 11 पदक जीत चुके हैं। अभिनव और प्रांजलि ने चीनी ताइपे के या-जू काओ और मिंग-जुई ह्सू पर 16-6 से शानदार जीत दर्ज कर शीर्ष स्थान हासिल किया। दिन की दूसरी स्पर्धा में कुशाग्र ने 224.3 के स्कोर के साथ कांस्य पदक जीता। यूक्रेन के दिमित्रो पेट्रेंको ने 251.0 अंक बनाकर बधिर विश्व और ओलंपिक रिकॉर्ड तोड़ते हुए स्वर्ण पदक जीता। जर्मनी के कोलिन म्यूएलर ने 245.4 अंक के साथ रजत पदक हासिल किया।

अभिनव और प्रांजलि ने स्वर्ण पदक के मुकाबले में शुरू से ही अपनी स्थिति मजबूत बनाए रखी और अपने प्रतिद्वंद्वियों को वापसी का कोई मौका नहीं दिया। महिला व्यक्तिगत चैंपियन अनुया प्रसाद और रुद्र विनोद कुमार की दूसरी भारतीय जोड़ी 553 के संयुक्त स्कोर के साथ क्वालीफिकेशन में सातवें स्थान पर रही। ईरान की महला सामी और बिजन गफारी ने यूक्रेन की सोफिया ओलेनिच और ऑलेक्जेंडर कोलोडी को हराकर कांस्य पदक जीता। माहित संधू और नताशा जोशी गुरुवार को 50 मीटर थ्री पोजीशन महिला स्पर्धा में भाग लेंगी। (अनंत ज्ञान)

## सीएम सुक्खू ने पूर्व पीएम इंदिरा गांधी की जयंती पर पुष्पाजंलि की अर्पित

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने बुधवार को ऐतिहासिक रिज मैदान पर भारत की प्रथम महिला प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की जयंती पर उन्हें पुष्पाजंलि अर्पित की। मुख्यमंत्री ने राष्ट्र के विकास में इंदिरा गांधी के योगदान को याद करते हुए कहा कि उनके दूरदर्शी निर्णयों ने भारत को मजबूत आधार प्रदान कर सशक्त बनाया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि गरीबी उन्मूलन, आर्थिक सुधार, बैंकों के राष्ट्रीयकरण, कृषि उत्पादकता बढ़ाने, रोजगार सृजन और सामाजिक सशक्तिकरण में उनकी भूमिका अतुलनीय रही है। उन्होंने कहा कि इंदिरा गांधी ने देश की एकता और अखंडता को बनाए रखने के लिए अपना जीवन बलिदान कर दिया। इस अवसर पर स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री डॉ. (कर्नल) धनी राम शांडिल, पंचायतीराज मंत्री अनिरुद्ध सिंह, कांग्रेस अध्यक्ष प्रतिभा सिंह, उपमुख्य सचेतक केवल सिंह पठानिया, नगर निगम शिमला के महापौर सुरेंद्र चौहान, उपायुक्त अनुपम कश्यप और अन्य गणमान्य उपस्थित थे।

वहीं, प्रदेश कांग्रेस की अध्यक्ष एवं पूर्व सांसद प्रतिभा सिंह ने कहा कि भारत के नवनिर्माण में पूर्व प्रधानमंत्री स्व. इंदिरा गांधी का योगदान अतुलनीय है। उन्होंने कहा कि हिमाचल प्रदेश को पूर्ण राज्य का दर्जा देने में इंदिरा गांधी की निर्णायक भूमिका रही और प्रदेशवासी उनके इस योगदान को कभी नहीं भुला सकते।

उधर, शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने भूतपूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की जयंती पर उनकी प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। उन्होंने कहा कि इंदिरा गांधी को भारत की राजनीतिक स्थिरता, सामाजिक परिवर्तन और महिला नेतृत्व की अपराजेय शक्ति के रूप में हमेशा याद किया जाएगा।



मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू शिमला के रिज मैदान में पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की जयंती पर पुष्पांजलि अर्पित करते हुए।

## शिमला में हरियाणा की युवती से दुष्कर्म

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** राजधानी शिमला में हरियाणा की एक युवती ने अपने प्रेमी पर शादी का झांसा देकर दुष्कर्म का गंभीर आरोप लगाया है। शिकायत के अनुसार युवती पिछले दो महीनों से दिल्ली निवासी अक्षत के साथ ढली क्षेत्र में लिव-इन में रह रही थी। पीड़िता ने बताया कि 21 सितंबर को अक्षत ने उसकी इच्छा के विरुद्ध जबरन दुष्कर्म किया, जिससे वह मानसिक रूप से आहत हुई। अब जब प्रेमी ने शादी से इंकार कर दिया, तो युवती ने पुलिस में शिकायत दर्ज करवाई है। पीड़िता का कहना है कि अक्षत ने संबंध के दौरान कई बार शादी का आश्वासन दिया, लेकिन बाद में उसने साफ मना कर दिया, जिससे वह भावनात्मक रूप से टूट गई। ढली पुलिस ने युवती की शिकायत पर मामला दर्ज कर लिया है। एसपी संजीव गांधी ने बताया कि पुलिस तहकीकात कर रही है और आरोपी के खिलाफ आगे की कार्रवाई की जा रही है।

## शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर जुब्बल कोटखाई को देंगे बड़ी सौगातें



**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर 21 नवंबर को अपने विधानसभा क्षेत्र जुब्बल-कोटखाई के प्रवास पर रहेंगे। एक सरकारी प्रवक्ता ने बताया कि मंत्री सुबह 11 बजे कोटखाई के कुफटू फार्म में केंद्रीय विद्यालय के प्रस्तावित स्थल का निरीक्षण करेंगे, जहां विद्यालय निर्माण की संभावनाओं और आवश्यक व्यवस्थाओं की विस्तृत समीक्षा की जाएगी। इसके बाद वह कोटखाई में हिमाचल प्रदेश लोक निर्माण विभाग प्रभाग भवन का उद्घाटन करेंगे।

**21 को अपने विधानसभा क्षेत्र के प्रवास पर रहेंगे कार्यकर्ताओं में उत्साह**

इसके उपरांत रोहित ठाकुर पार्टी कार्यकर्ताओं से मुलाकात करेंगे और क्षेत्रवासियों की शिकायतें भी सुनेंगे। मंत्री के इस प्रवास को लेकर स्थानीय लोगों में विकास कार्यों को लेकर खासा उत्साह देखा जा रहा है।

## नाथपा-झाकड़ी परियोजना की भर्तियों पर विस्थापितों में रोष

**अनंत ज्ञान, रामपुर बुशहर**

भाजपा के पूर्व प्रत्याशी एवं पूर्व हिम्कोफेड अध्यक्ष कौल सिंह नेगी ने नाथपा झाकड़ी परियोजना में हाल ही में निकाली गई 87 भर्तियों को लेकर कड़ा विरोध जताया है।

उन्होंने कहा कि परियोजना प्रबंधन द्वारा हिमाचल स्तर पर साक्षात्कार की प्रक्रिया अपनाना 27 दिसंबर 1991 की उस नीति के खिलाफ है, जिसके तहत प्रत्येक विस्थापित परिवार के एक सदस्य को योग्यता के आधार पर रोजगार

**कौल सिंह नेगी बोले, नीति का हो रहा उल्लंघन**

में प्राथमिकता देने का स्पष्ट प्रावधान है। नेगी ने बताया कि पहले भी 61 विस्थापित परिवारों को इसी नीति के तहत सीधी भर्ती में अवसर मिला, लेकिन इस बार विस्थापितों के लिए कोई आरक्षण न रखकर नियमों की अनदेखी की गई है। उन्होंने कहा कि जिला शिमला और किन्नौर में परियोजना के लिए कुल 2908 बीघा 3 बिस्वा भूमि अधिग्रहित की गई, जिससे 3904 परिवार प्रभावित और 480 परिवार पूरी तरह विस्थापित हुए।

कृषि, पशुपालन और बागवानी पर आधारित इन परिवारों ने राष्ट्रहित में अपनी भूमि और घर गंवाए हैं, इसलिए भर्तियों में उनका अधिकार सुरक्षित किया जाना आवश्यक है। पूर्व प्रत्याशी ने चेतावनी दी कि यदि आगामी भर्तियों में विस्थापित परिवारों का कोटा बहाल नहीं किया गया तो प्रभावित क्षेत्र में व्यापक विरोध आंदोलन खड़ा किया जाएगा।

## सेवा भारती रामपुर जिला की नई कार्यकारिणी गठित

**आत्मा सिंह, अनंत ज्ञान**

**रामपुर बुशहर।** सेवा भारती जिला रामपुर इकाई की नई कार्यकारिणी का गठन आज स्थानीय ठाकुर सत्यनारायण मंदिर परिसर में किया गया। नई टीम में उमादत्त भारद्वाज को अध्यक्ष का दायित्व सौंपा गया।



नवगठित कार्यकारिणी के सदस्य सामूहिक चित्र में।

कार्यक्रम में सेवा भारती के प्रांत संगठन मंत्री राकेश विशेष रूप से उपस्थित रहे, जबकि प्रांत आपदा प्रमुख डॉ. मुकेश शर्मा ने पर्यवेक्षक की भूमिका निभाई। इस अवसर पर सचिव यशपाल शर्मा ने बताया कि कार्यकारिणी का कार्यकाल तीन वर्ष का होगा। नवगठित कार्यकारिणी में बीडी

**उमादत्त भारद्वाज बने अध्यक्ष**

कश्यप और अनिल मोकटा उपाध्यक्ष, यशपाल शर्मा सचिव, त्रिलोक शर्मा कोषाध्यक्ष, श्यामलाल गुप्ता संरक्षक, पवन शर्मा सलाहकार, जीवानंद शर्मा शिक्षा आयाम प्रमुख, दुर्गा सिंह स्वास्थ्य आयाम प्रमुख, राज चौधरी स्वावलंबन आयाम प्रमुख, शकुंतला देवी महिला आयाम, सरोज शर्मा किशोरी विकास आयाम प्रमुख आदि को नियुक्त किया गया है।

## शिमला डीसी के नाम से फर्जी व्हाट्सऐप अकाउंट, जांच में जुटी साइबर पुलिस

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** साइबर अपराधियों ने शिमला के जिला उपायुक्त (डीसी) अनुपम कश्यप के नाम और फोटो का इस्तेमाल कर एक फर्जी व्हाट्सऐप अकाउंट बनाया, जिसमें वियतनाम का कंट्री कोड (+84) इस्तेमाल किया गया है। ठग इस अकाउंट के जरिए लोगों से चैट करने का प्रयास कर रहे हैं। डीसी ने तुरंत पुलिस अधीक्षक शिमला संजीव कुमार गांधी को शिकायत भेजी और साइबर सेल को मामले की जांच का निर्देश दिया। उन्होंने बताया कि मोबाइल नंबर +84 81 273 9070 से कोई अज्ञात व्यक्ति उनकी पहचान का गलत इस्तेमाल कर रहा है। डीसी ने स्क्रीनशॉट पुलिस को उपलब्ध करवा दिए हैं और कहा कि ऐसे मामले अधिकारियों की प्रतिष्ठा को नुकसान पहुंचाते हैं। यह पहला मामला नहीं है, जुलाई 2024 में भी उनके नाम का फर्जी अकाउंट बनाया गया था। पुलिस अब आरोपी की पहचान कर कानूनी कार्रवाई करने में जुटी है।

**आक्रोश** प्रदर्शनकारियों का धरना जारी, प्रशासन से वार्ता की मांग

# शिमला में फिर भड़का संजौली मस्जिद विवाद

**सत्यदेव भारद्वाज, अनंत ज्ञान ब्यूरो**

**शिमला।** राजधानी शिमला में संजौली मस्जिद विवाद एक बार फिर गर्मा गया है और हालात पिछले वर्ष जैसे टकराव की ओर बढ़ते दिख रहे हैं। संजौली थाना परिसर के बाहर देवभूमि संघर्ष समिति के नेतृत्व में स्थानीय लोगों और विभिन्न हिंदू संगठनों का धरना दूसरे दिन भी जारी रहा।



संजौली थाने के बाहर देवभूमि संघर्ष समिति का अनशन जारी।

प्रदर्शनकारियों ने चेतावनी दी है कि यदि प्रशासन का कोई वरिष्ठ अधिकारी उनसे वार्ता के लिए नहीं पहुंचता, तो प्रदेशव्यापी बड़े आंदोलन की घोषणा की जाएगी। प्रदर्शनकारियों का कहना है कि उनकी अनदेखी अब बर्दाश्त नहीं की जाएगी और वे निर्णायक कदम उठाने को मजबूर होंगे। धरने पर बैठे देवभूमि संघर्ष समिति के सह संयोजक विजय शर्मा ने कहा कि जब न्यायालय ने संजौली मस्जिद को अवैध घोषित कर दिया है, तो उसके बाद भी बिजली और पानी के कनेक्शन बहाल रखना प्रशासन की गंभीर लापरवाही है। शुक्रवार को नमाजियों को मस्जिद में जाने से रोकने के मामले में चार महिलाओं सहित छह स्थानीय लोगों पर जो एफआईआर दर्ज की गई है, वह पूरी तरह से झूठी है और इसे तुरंत वापस लिया जाना चाहिए। शर्मा ने चेतावनी दी कि शुक्रवार को यदि मस्जिद में कोई गतिविधि होती है तो संजौली में बहुत बड़ा आंदोलन खड़ा होगा, जिसकी पूरी जिम्मेदारी प्रशासन की होगी। स्थानीय लोगों का आरोप है कि मस्जिद में सप्ताह भर तो कोई गतिविधि नहीं होती, लेकिन हर शुक्रवार को बाहरी राज्यों से लोगों का जमावड़ा लग जाता है, जिससे स्थानीय महिलाओं और परिवारों में सुरक्षा को लेकर भय का माहौल बनता है।

### शुक्रवार पर टिक गई सबकी नजर

**शुक्रवार** को मस्जिद में नमाज के दौरान हुई रोक-टोक के बाद दर्ज एफआईआर ने विवाद को और भड़का दिया है। यही कारण है कि अब पूरा मामला एक बार फिर तनावपूर्ण मोड़ पर पहुंच गया है। देवभूमि संघर्ष समिति के सदस्य आमरण अनशन पर बैठे हैं और वे स्पष्ट कर चुके हैं कि यदि उनकी मांगें पूरी नहीं होतीं, तो 11 सितंबर 2024 जैसा बड़ा और व्यापक आंदोलन एक बार फिर शुरू किया जाएगा।

## रामपुर बुशहर में तीन मंजिला मकान राख

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** शिमला जिले के उपमंडल रामपुर की दलाश पंचायत के रठोह गांव में मंगलवार देर रात तीन मंजिला मकान भीषण आग की चपेट में आकर राख हो गया। आग ने देखते ही देखते पूरा मकान अपनी लपटों में समेट लिया। मकान में किराये पर रह रहे कामगारों को जैसे ही धुएं का अहसास हुआ, वे तुरंत बाहर निकल आए, जिससे बड़ा हादसा टल गया। भीतर रखा सारा घरेलू सामान कुछ ही समय में जलकर नष्ट हो गया। घटना की सूचना मिलते ही ग्रामीण मौके पर पहुंचे और आग पर काबू पाने की कोशिश की। रातभर की मशक्कत के बाद भी मकान को बचाया नहीं जा सका। बुधवार सुबह राजस्व विभाग की टीम ने मौके पर पहुंचकर नुकसान का आकलन शुरू किया। आग लगने के कारणों का अभी तक पता नहीं चल पाया है।

## जयराम ठाकुर का कटाक्ष-हिमाचल में कांग्रेस को ऑल्टो में करेंगे फिट

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

पूर्व मुख्यमंत्री एवं नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कांग्रेस सरकार के तीन वर्ष पूरे होने पर आयोजित किए जा रहे जश्न को लेकर कड़ा रुख अपनाया है। उन्होंने कहा कि प्रदेश प्राकृतिक आपदा से उबर नहीं पाया है, डिजास्टर एक्ट लागू है और सरकार पंचायत चुनाव तक स्थगित करने के प्रयास कर रही है, ऐसे में जश्न मनाना आम जनता के साथ अन्याय है।



जयराम ठाकुर प्रेस वार्ता में सरकार पर निशाना साधते हुए।

उन्होंने आरोप लगाया कि प्रदेश में दस हजार रुपए से अधिक की सभी पेमेंट ट्रेजरी में रुकी पड़ी हैं, पेंशन और सैलरी समय पर नहीं मिल रही, मेडिकल रीइंबर्समेंट ठप है और ग्रामीण क्षेत्रों तक बुनियादी सुविधाएं चरमराई हुई हैं, फिर भी सरकार जश्न के मूड में है। उन्होंने कहा कि तीन साल बीतने के बाद भी कांग्रेस सरकार किसी एक ऐसी योजना का नाम नहीं ले पा रही है जिसकी चर्चा जनता में हो।

पत्रकारों के सवाल पर जयराम ने चुनावी तंज कसते हुए कहा कि बिहार में कांग्रेस को जनता ने साफ संदेश दे दिया है और हिमाचल की जनता कांग्रेस को इतनी बुरी तरह नकारेगी कि वह 'ऑल्टो कार' में भी फिट हो जाएगी।

### वर्तमान कांग्रेस सरकार हिमाचल में भी मूर्छित अवस्था में : राजीव बिंदल

**शिमला** में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉ. राजीव बिंदल ने कहा कि बिहार चुनावों ने पूरे देश में ऐसा माहौल बनाया, जो न भूतो न भविष्यति प्रतीत होता है। कांग्रेस की हालत पूरे देश में बदतर हो चुकी है, राष्ट्रीय अध्यक्ष महीनाभर यात्रा करके भी केवल झूठ सुनते रह गए और पार्टी मात्र छह सीटों पर सिमट गई। इसी क्रम में हिमाचल प्रदेश की कांग्रेस सरकार भी अब मूर्छित अवस्था में पहुंच गई है।

बिंदल ने कहा कि देश की जनता प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय मंत्री अमित शाह और राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा के नेतृत्व पर अटूट भरोसा रखती है। भाजपा 4 दिसंबर को धर्मशाला में सरकार के खिलाफ विशाल प्रचंड प्रदर्शन करने जा रही है। यह प्रदर्शन जनता के रोष, आक्रोश और सरकार की विफलताओं के खिलाफ एक प्रखर स्वर होगा।